धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, सोमवार

23.12.2024

* नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

पौस, कृष्णा पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 162




12 राहुल के बाद अब चोटिल हुए कप्तान रोहित

### कुवैत ने मोदी को दिया सर्वोच्च सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर'

# हमारे मैत्री बंधन और मजबूत होंगे : पीएम

- अमीर शेख मेशाल अल-अहमद से कई मुद्दों पर चर्चा

एजेंसी

**कुवैत सिटी/नयी दिल्ली।** पीएम मोदी और कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के बीच रविवार को दोनों देशों के हितों पर व्यापक चर्चा की। इनमें विशेष रूप से व्यापार, निवेश और ऊर्जा के क्षेत्रों में भारत-कुवैत संबंधों को नयी गति प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों, लोगों, विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के साधनों, सहयोग के विस्तार, आम चिंता के प्रमुख मुद्दों तथा क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में नवीनतम विकास पर चर्चा की। इससे पूर्व कुवैत सिटी के बयान पैलेस में कुवैत के पीएम ने मोदी का औपचारिक स्वागत किया। कुवैत ने अपने सर्वोच्च सम्मान द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर से पीएम मोदी को सम्मानित किया। स्वदेश रवाना होते समय मोदी ने कहा, उन्हें पूरा विश्वास है कि उनकी यात्रा भारत और कुवैत के आपसी संबंध और मैत्री के बंधन और मजबूत होंगे।



**मोदी का यह 20वां अंतर्राष्ट्रीय सर्वोच्च सम्मान**

शनिवार को दो दिवसी यात्रा पर वहां पहुंचे पीएम मोदी को रविवार को कुवैत ने अपने अपने सर्वोच्च सम्मान द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर से सम्मानित किया। पीएम मोदी को मिलने वाला यह 20वां अंतर्राष्ट्रीय सर्वोच्च सम्मान है। मुबारक अल कबीर ऑर्डर कुवैत का एक विशेष नाइटहुड सम्मान है। इससे पहले यह सम्मान बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसे अंतरराष्ट्रीय नेताओं को दिया जा चुका है। म्मोदी ने कुवैत के युवराज (क्राउन प्रिंस) शेख सबा अल-खालिद अल-सबा से भी मुलाकात की।

**गरीबों की गरिमा और सम्मान सबसे अहम : मोदी**

कुवैत में पीएम मोदी ने गल्फ स्पिक लेबर कैंप का दौरा किया। उन्होंने भारतीय कामगारों से मुलाकात की। पीएम मोदी ने बातचीत के दौरान कहा- गरीबों की गरिमा और सम्मान मेरे लिए सबसे अहम है। जब मैं साल 2047 के विकसित भारत की बात करता हूं, तो मैं ये इसलिए करता हूं क्योंकि मेरे भारतीय भाई, जो अपने घरों से दूर यहां काम कर रहे हैं, भी ये सपना देखते हैं कि उनके गांव में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बने। उनकी महत्वाकांक्षा ही भारत की ताकत है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पीएम मोदी विदेशों में भारतीय कामगारों के कल्याण को बड़ा महत्व देते हैं।

## क्रिसमस सेलिब्रेशन!

**सीएम ने दी शुभकामनाएं**




**राजधानी** रांची समेत पूरे प्रदेश में क्रिसमस त्योहार को लेकर उत्साह चरम पर है। हर जगह चर्च को सजाया जा रहा है। क्रिसमस के मौके पर पूरी रांची सजधज कर तैयार है। चारों तरफ रंगबिरंगी लाइटें दिख रही हैं। रविवार को सीएम हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ पुरुलिया रोड स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंचे। श्री सोरेन ने आर्चबिशप विंसेंट आइंद से मिलकर उन्हें और अन्य ईसाई धर्मगुरुओं को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। हेमंत सोरेन ने पत्नी संग केक भी काटा। 25 दिसंबर को ही प्रभु यीशु मसीह का जन्म हुआ था। इस दिन ईसाई समाज के लोग एक दूसरे को केक और चॉकलेट भेंट कर शुभकामनाएं देते हैं।

**खुशखबरी: मंईयां सम्मान योजना**

## 28 को महिलाओं के खाते में जायेगी 2500 की राशि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की महिलाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंईयां सम्मान योजना की दिसंबर रशि वितरण के लिए 28 को नामकुम के कुटियाती चौक स्थित आर्मी मैदान में एक भव्य समारोह का आयोजन प्रस्तावित है। उस दिन से सक्षम लाभुकों के खाते में 2500 रुपये की राशि मिलने की प्रक्रिया शुरू होने जायेगी। समारोह की तैयारी में विभाग जुट गया है। इस कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन राज्य की 55 लाख महिलाओं के खाते में 2500 रुपये मंईयां सम्मान राशि की किस्त देंगे। कार्यक्रम में लगभग पांच लाख महिलाओं के शामिल होने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार संथाल परगना प्रमंडल के साहिबगंज, दुमका जैसे दूर-दराज के जिलों से भी महिलाएं इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आएंगी। उनके ठहरने की भी उचित व्यवस्था की जा रही है। बताते चलें कि यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद करती है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की सामाजिक स्थिति में सुधार होगा। महिलाओं के हाथों में पैसा आने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।




### भारत की छोरियों ने सूद समेत बांग्लादेश से ले लिया बदला

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने लड़कों को मिली फाइनल की हार का बदला सूद हमारी छोरियों ने चुकता कर लिया। बांग्लादेश के खिलाफ महिला अंडर 19 एशिया कप के खिताबी जंग में घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने शानदार जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने तृषा की फिफ्टी के दम पर 7 विकेट पर 117 रन बनाया। लक्ष्य छोटा था लेकिन कातिलाना गेंदबाजी के आगे बांग्लादेश की टीम महज 76 रन पर ही ढेर हो गयी। 18.3 ओवर में ही भारत ने 41 रन से मैच जीत ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

### अपराधियों ने तीन हाइवा किया आग के हवाले

**रांची।** नक्सली संगठन से अलग होकर स्प्लिंटर ग्रुप के अपराधियों ने रंगदारी की मांग को ले कर खलारी में कोयला लदे तीन हाइवा को आग के हवाले कर दिया। रविवार की सुबह लगभग 4:00 बजे अपराधियों ने खलारी के निर्मल महतो चौक के पास कोयला लदे वाहनों को रोका और सभी में एक-एक कर के आग लगा दी। हथियारबंद अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए कई राउंड फायरिंग भी की। हाइवा के ड्राइवर और खलासी को सड़क पर उतारकर उनके साथ मारपीट की और उनके मोबाइल तक छीन लिये।

### आज 71 हजार युवाओं को नियुक्तिपत्र देंगे मोदी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त भर्तियों के लिए 71 हजार से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण करेंगे। इस अवसर वह देशभर में 45 स्थलों पर आयोजित रोजगार मेलों को वर्चुअली संबोधित भी करेंगे। पीएमओ की ओर से जारी बयान में कहा गया कि रोजगार मेला, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की पीएम की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म-सशक्तिकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के लिए भर्तियां हो रही हैं। देशभर से चयनित नए कर्मचारियों को गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग सहित विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में नियुक्त होंगे। इससे पहले 29 अक्टूबर को पीएम मोदी ने रोजगार मेले को संबोधित किया था और वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये थे।




# गृह मंत्री ने जो किया, उसकी जितनी निंदा की जाये कम होगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद की बैठक राजेंद्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में रविवार को अल्बर्ट एक्का चौक स्थित राज्य कार्यालय में हुई। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी रामकृष्ण पांडा भी बैठक में मौजूद थे। बैठक में 2 मिनट का मौन रखकर शहीद साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। राष्ट्रीय सचिव रामकृष्ण पांडा ने कहा कि संसद भवन के अंदर जिस तरह से गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव का अपमान किया गया, उसकी जितनी भी निंदा की जाये कम है। उन्होंने कहा कि देश में आज भारतीय जनता पार्टी कमजोर हो रही है। इसलिए वह हिंदुत्व का ठेकेदार बने रहना चाहती है। संसद के अंदर अदानी प्रकरण पर किसी भी तरह की चर्चा सुनने के लिए भारतीय जनता पार्टी तैयार नहीं है। विपक्ष चाहता है कि संसद चले, लेकिन भाजपा संसद को चलाने में नाकामयाब साबित हो रही है। लगातार गैर संवैधानिक तरीके से देश को चलाने की कोशिश हो रही है, देश में बेकारी, महंगाई, लाचारी पर संसद में चर्चा नहीं हो पा रही है।

**राज्य सचिव ने समीक्षात्मक रिपोर्ट पेश की :** बैठक में सीपीआई के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने राजनीतिक एवं विधानसभा चुनाव की समीक्षात्मक रिपोर्ट पेश की। बैठक में पार्टी विरोधी कार्य करने वाले बड़कागांव विधानसभा से विंध्याचल बेदिया को निलंबित किया गया। बोकारो जिले में दूसरे दलों के सदस्यों के द्वारा पार्टी का झंडा और बैनर के इस्तेमालकरने की घटना को गम्भीरता से लेते हुए राज्य परिषद ने बोकारो जिला मंत्री को कार्यवाही करने का निर्देश जारी किया है।

**पार्टी की 100वीं वर्षगांठ, 26 को, धूमधाम से मनाने का निर्णय :** बैठक में सर्वसम्मति से संगठन को मजबूत बनाने, बड़े पैमाने पर गांव-गांव में सदस्यता अभियान चलाने, पार्टी सदस्यों का नवीकरण, अल्पसंख्यकों, दलितों एवं आदिवासियों को पार्टी से जोड़ने तथा पार्टी में बड़े पैमाने पर छात्रों, युवाओं व महिलाओं को पार्टी में शामिल करने का निर्णय लिया गया।

# आदिवासी महिला का धर्मांतरण की शिकायत आशा लकड़ा तक पहुंची

## लोहरदगा के झरिया उरांव ने एनसीएसटी की सदस्य से की शिकायत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रविवार को लोहरदगा जिले के सेन्हा प्रखंड स्थित बरवा टोली निवासी झरिया उरांव ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डा आशा लकड़ा से धर्मांतरण संबंधी लिखित शिकायत की। इसके अलावा सेन्हा थाना प्रभारी से भी इस मामले की लिखित शिकायत की गई है। एनसीएसटी की सदस्य डा आशा लकड़ा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुये उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। दरअसल, लोहरदगा जिले के सेन्हा प्रखंड स्थित बरवा टोली निवासी झरिया उरांव ने बताया कि उनकी पत्नी सकलपति उरांव लगभग तीन साल से रांची में रहकर मजदूर का काम कर रही थी। पिछले दो साल से वह रांची में लोहरदगा जिले के कैरो प्रखंड स्थित बंडा गांव निवासी फारूख अंसारी के साथ रह रही थी। इस दौरान उसने अपने घर आना-जाना बंद कर दिया था। घर वालों के मोबाइल नम्बर को उसने ब्लॉक का दिया था। इस कारण उससे संपर्क नहीं हो पा रहा था। दो साल बाद वह अचानक अपने गांव बरवा टोली पहुंची। जब गांव वालों को सकलपति के आने की सूचना मिली तो बैठक की और निर्णय लिया कि सकलपति उरांव को समाज के माध्यम से ही शामिल किया जायेगा।

गांव वालों के इस निर्णय पर झरिया उरांव व सकलपति उरांव ने सहमति जताई और 15 दिनों का समय लिया। इसके बाद सकलपति अपना सामान लेने रांची आ गई। 12 दिन बाद सकलपति की ओर से ग्राम पंचायत के मुखिया को बैठक के लिये आमंत्रित किया गया। मुखिया की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। इस दौरान सकलपति के साथ 30 से 35 वर्ष की तीन मुस्लिम महिलाएं भी बैठक में शामिल हुईं। मुस्लिम महिलाएं सकलपति को वापस रांची ले जाने का दबाव बना रही थीं। जब गांव की महिलाओं ने विरोध किया तो संबंधित मुस्लिम महिलाओं ने कहा कि सकलपति को लोन के तहत 35 हजार रुपये दिये गये हैं। इस दौरान संबंधित मुस्लिम महिलाओं ने सकलपति को रांची ले जाने का दबाव बनाया। इसके बाद मुस्लिम महिलाओं ने सकलपति को बहला.फुसलाकर उसका श्रम कार्डए राशन कार्डए बैंक पासबुकए जमीन से संबंधित कागजात व नकद 40 हजार रुपये ले लिये।

रांची पहुंचने के बाद मुस्लिम महिलाओं ने मोबाइल नंबर 9263923606 से मोबाइल नम्बर 7004730912 पर कॉल कर झरिया को गालियां व उरांव समाज को धमकी दी।

## खबर एक नजर में

### विधायक निशात आलम व उनका परिवार सीएम से मिला



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रविवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में विधायक निशात आलम एवं विधायक नीरल पूर्ति एवं उनके परिजनों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इधर, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की तथा मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### सीएम से मिलीं तीरंदाज दीपिका कुमारी



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रविवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में तीरंदाज खिलाड़ी दीपिका कुमारी एवं सेंटर फोर एक्सीलेंस की कोच डी साईश्वरी ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने राज्य में तीरंदाजी क्षेत्र से सम्बंधित समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें आश्वस्त करते हुये कहा कि विश्व पटल पर झारखंड के खिलाड़ी तीरंदाजी के क्षेत्र में परचम लहरा रहे हैं। हमारी सरकार झारखंड के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को आवश्यक सभी सुविधा मुहैया करने के लिये प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मौके पर मुख्यमंत्री ने तीरंदाज खिलाड़ी दीपिका कुमारी के हालिया प्रदर्शन को लेकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें दी।

### कांग्रेस का अम्बेदकर सम्मान मार्च को लेकर संवाददाता सम्मेलन आज

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव व झारखण्ड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के निर्देशानुसार पर झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बाबा साहब भीमराव अम्बेदकर के उपर कथित टिप्पणी के विरोध में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गॉधी के विरूद्ध गलत एफ.आई.आर के विरूद्ध में विभिन्न प्रमण्डल के जिलों में सोमवार 23 दिसम्बर को अपरा? दो बजे संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर मंगलवार, 24 दिसम्बर को सभी जिलों में आयोजित अम्बेदकर सम्मान मार्च के संबंध में भी जानकारी देने का निर्देश दिया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि संवाददाता सम्मेलन को दक्षिणी छोटानागपुर के रांची में डॉ रामेश्वर उरॉव, खूँटी में कालीचरण मुण्डा, संथाल परगना प्रमण्डल के दुमका में प्रदीप यादव,देवघर में फुरकान अंसारी, कोल्हान प्रमण्डल के चाईबासा में डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू, जमशेदपूर में सुबोधकांत सहाय, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल के धनबाद में राजेश ठाकुर, हजारीबाग में राजीव रंजन प्रसाद, पलामू प्रमण्डल के डाल्टेनगंज में बंधु तिर्की सम्बोधित करेंगे।

# श्रम कानूनों को कमजोर कर रही है केंद्र सरकार : ऐक्टू

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** ऐक्टू से सम्बद्ध झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन के राज्य कार्यकारिणी की बैठक रविवार को डोरंडा स्थित यूनियन कार्यालय में सुभाष मंडल की अध्यक्षता में हुई। रांची, बोकारो, रामगढ़, दुमका, गुमला समेत कई जिलों के पदधारी बैठक में शामिल हुए। मौके पर ऐक्टू के प्रदेश महासचिव शुभेंदु सेन ने कहा कि केंद्र सरकार श्रम कानूनों व संविधान को कमजोर कर रही है। वन नेशन वन इलेक्शन उसी दिशा में उठाया गया कदम है। संविधान निमार्ता बाबा साहब के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री के द्वारा की गई टिप्पणी संविधान के प्रति संघ परिवार की दोहरी मानसिकता को उजागर करती है।

**26 जनवरी तक संविधान बचाओ जन अभियान :** ऐक्टू 26 जनवरी तक संविधान बचाओ जन अभियान संचालित करेगी। निर्माण मजदूर यूनियन के प्रदेश महासचिव भुवनेश्वर केवट ने कहा कि श्रमिक अधिकारों को पुनः बहाल करो के नारे के साथ ऐक्टू का राष्ट्रीय सम्मलेन 24 से 26 फरवरी तक दिल्ली में आयोजित होगा। उदघाटन सत्र ताल कटोरा स्टेडियम में होगी। जिसमें सभी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधि समेत विदेशी मित्र संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। निर्माण मजदूर यूनियन मजदूरों को बड़ी संख्या में सदस्यता भर्ती कर केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी नितियों के खिलाफ आंदोलन करेगी। मौके पर यूनियन के नेता अमल घोष, किशोर खंडित, भीम साहू, एनामुल हक, हुमायूं साहू ,रमेश कुमार रवि, मुजाहिदुल, नसीम अख्तर, एतवारी देवी, मंजू सिंह, खालिक आदि शामिल थे।

# 27 फीसदी आरक्षण की लड़ाई को करेंगे और तेज : महेश्वर साहु

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के शौंडिक उप-जाति के केंद्रीय, जिला एवं प्रखंड अध्यक्ष स्तर के पदधारियों की बैठक रविवार को चर्च रोड स्थित होटल राजधानी प्लाजा में हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल शामिल हुए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 11 जनवरी को रायपुर में होने वाले अखिल भारतीय शौंडिक सम्मेलन में वैश्य मोर्चा के शौंडिक पदाधिकारी व सदस्य सैंकड़ों की संख्या में शामिल होंगे। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि नौकरी और अधिकार चाहिए तो 27 फीसदी आरक्षण की लड़ाई को तेज करना होगा। यह राज्य हम लोगों का भी है। हमलोग भी अलग झारखंड की लड़ाई सहभागी थे, तो रोजगार, अधिकार और सम्मान में दोयम दर्जे का व्यवहार क्यों? इस सवाल को रायपुर सम्मेलन में जोर शोर से उठाया जायेगा। बैठक में तीन प्रस्ताव पारित किये गये। पारित प्रस्ताव के अनुसार झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में वैश्य समाज व शौंडिक जाति के लोगों ने भी प्रमुख रूप से भाग लिया था, लेकिन इस जाति के लोगों को अब तक उपेक्षित और दरकिनार किया गया है। पैसे लेकर फर्जी लोगों की सूची बनाई जा रही है। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। दूसरा सरकार से रांची चौक-चौराहों समेत विधानसभा भवन व परिसर में झारखंड आंदोलनकारी शहीद मणींद्रनाथ मंडल, समाज के अगुआ पूर्व सांसद स्व। शिव प्रसाद साहु एवं अन्य की प्रतिमा लगाने की मांग की गई। तीसरा शौंडिक उप-जाति के सक्षम व काबिल अधिकारियों को आगे बढ़ाया जाए, उचित जगह पर पदस्थापित किया जाए। मौके पर अधिवक्ता योगेन्द्र प्रसाद, वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, डॉ माधवचंद्र मंडल, अधिवक्ता सहदेव चौधरी, उप-प्रधान महासचिव उपेंद्र प्रसाद, केंद्रीय महासचिव दिलीप प्रसाद, संगठन सचिव जगदीश साहु, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, ओमप्रकाश गुप्ता, जिलाध्यक्ष रोहित कुमार साहु (रांची), बसंत प्रसाद साहु (रामगढ़), केंद्रीय सचिव राजेन्द्र साहु, महिला मोर्चा की कार्यकारी अध्यक्ष दीपारानी कुंज, युवा मोर्चा के महासचिव दिवाकर साहु, केंद्रीय सदस्य महावीर साहु , संजय साहु (ओरमांझी), , कृष्णा प्रसाद साहु, अमित कुमार उपस्थित थे।

# मजबूत भाजपा से ही आत्मनिर्भर भारत का सपना होगा साकार : बाबूलाल

## भाजपा ने 5628 शक्ति केंद्रों पर किया सदस्यता अभियान का शुभारंभ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मजबूत भाजपा से ही आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा। श्री मरांडी रविवार को शक्तिकेंद्रों पर सदस्यता अभियान का शुभारंभ कर रहे थे। मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी गिरिडीह जिला अंतर्गत बेलवाना पंचायत के खोरों गांव में सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग और समर्थन से ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। आज भाजपा के 11 करोड़ से ज्यादा सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों, कार्यक्रमों पर जनता का विश्वास बढ़ा है। देश तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में जनता ने अपनी भागीदारी सुनिश्ति की है। उन्होंने कहा कि भाजपा का गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, अंत्योदय, किसान सम्मान, आयुष्मान भारत जैसी कल्याणकारी योजनाओं पर जनता का भरोसा बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत का सपना भाजपा ही पूरा कर सकती है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने रांची जिला के हरमू मंडल अंतर्गत डीएवी स्वर्णरेखा शक्तिकेंद्र में संगठनपर्व का शुभारंभ किया। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ चुटिया में, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय गिरिडीह के पचंबा शक्ति केंद्र में, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी इचाक के चाराडीह में, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ओरमांझी में, डॉ प्रदीप वर्मा टाटीसिलवे मंडल के महिलौंग शक्तिकेंद्र में, मनोज कुमार सिंह मेदिनीनगर के बारालोटा शक्ति केंद्र में, राकेश प्रसाद रामगढ़ के पतरातु स्थित जयनगर शक्ति केंद्र में उपस्थित थे।

### भारी भरकम ट्रैफिक जुर्माना लगा कर शोषण कर रही हेमंत सरकार : मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुये कहा कि राजधानी रांची की ट्रैफिक पुलिस यातायात व्यवस्था सुधारने के बजाय केवल जुर्माना वसूलने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। मामूली गलतियों पर भी भारी-भरकम जुमार्ना लगाकर जनता का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियंत्रण जैसे अहम मुद्दों को नजरअंदाज कर सिर्फ जुर्माने की वसूली को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिये यातायात नियमों का पालन जरूरी है। लेकिन, जब तक सड़कों की दशा नहीं सुधरेगी, ट्रैफिक सिग्नल सही नहीं होंगे और लोगों को जागरूक नहीं किया जायेगा।

### आड्रे हाउस में 23 को मनेगा राज्यस्तरीय युवा दिवस

**रांची।** झारखंड खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से सोमवार को ऑड्रे हाउस में राज्यस्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन होगा। इसमें समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, कविता लेखन, चित्रकला, भाषण, विज्ञान मेला एवं कहानी लेखन का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिताओं में समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत एवं विज्ञान मेला में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी युवा भाग लेंगे। शेष प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी युवा भाग लेंगे। बता दें कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागी नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव 2025 में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# कई दलों के कार्यकताओं ने थामा राजद का दामन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय रांची में भाजपा समेत कई दलों के नेता एवं कार्यकताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय तथा युवा हृदय सम्राट तेजस्वी यादव के कार्यों एवं विचारों से प्रभावित होकर राजद की सदस्यता ग्रहण की। सभी को झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने माला पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई तथा स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के विचारधारा एवं संघर्षों से प्रेरित होकर तथा युवा हृदय सम्राट तेजस्वी यादव के कार्यों को देखते हुए लगातार लोग राजद में शामिल हो रहे हैं। यह पार्टी के लिए गर्व की बात है। वहीं भाजपा छोड़ राजद में शामिल होने वाले पूर्व मुखिया कमलेश सिंह ने कहा कि भाजपा अब पहले वाली पार्टी नहीं रही, पार्टी में लोकतंत्र खत्म हो चुका है। भाजपा समाज में जाति-धर्म के नाम पर लड़ाने की राजनीति करती है। देश को तोड़ने तथा आग लगाने का काम करती है। विकास की राजनीति से कोसों दूर जा चुकी है। उन्होंने कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय गरीबों शोषितों के लिए किए गए कार्यों एवं तेजस्वी यादव के ए टू जेड समीकरण से प्रभावित होकर राजद में शामिल हुआ हूं। यहां मैं नेता बनने नहीं बल्कि एक कार्यकर्ता बनकर आया हूं। सदस्यता ग्रहण करने वालों में भाजपा के सक्रिय सदस्य सह पूर्व मुखिया कमलेश सिंह,सऊद अंसारी, राज कुमार, साहिल अंसारी, रितिक राज आर्यन समेत दर्जनों लोग शामिल थे। कार्यक्रम में युवा राजद के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता मंतोष यादव, युवा राजद के रांची जिलाध्यक्ष गुलजार अंसारी, महानगर अध्यक्ष कमलेश यादव, अभिराज राय मौजूद रहें।

### वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुति

**रांची।** रविवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने आर्य समाज के 130वें वार्षिकोत्सव एवं स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस समारोह में भाग लिया। इस विशेष आयोजन में बच्चों ने स्वामी श्रद्धानंद के जीवन पर आधारित एक गीत और लघुनाटिका प्रस्तुत कर सभी उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर आचार्य योगेश शास्त्री ने श्धर्म और संस्कृति विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने समाज में धर्म के महत्व और वेदों के अनुसार जीवन जीने की प्रेरणा दी। उनके संबोधन ने सभी को जीवन के सकारात्मक मूल्यों और आदर्शों को अपनाने के लिये प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने 150 वर्ष पहले मुंबई में आर्य समाज की स्थापना करके एक ऐतिहासिक कार्य किया।


**कमर्शियल वाहन की खुली नीलामी**

टाटा मोटर्स फाइनेंस द्वारा जब्त किए गए कमर्शियल वाहनों की खुली नीलामी दिनांक 23 दिसंबर 2024 दिन सोमवार को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक नीचे दिए गये पते पर आयोजित की गई है। पता : होटल जेनिस्टा इन डायमंड प्लाजा पुरुलिया रोड, नियर फ्रेंड्स ऑटोमोबाइल काटा टोली चौक, रांची झारखंड। नीलामी में भाग लेने के लिए आप सादर आमंत्रित है। अधिक जानकारी के लिए 7209071956, 9525182395 पर कॉल करें।


# भाजपा सांसदों की सदबद्धि के लिए सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो के नेतृत्व में मोरहाबादी मैदान में झारखंड एनडीए के वर्तमान सभी 12 लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों की सदबुद्धि के लिए सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से अपनी धार्मिक पद्धति से ईश्वर से प्रार्थना की कि झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी सांसदों को उनकी जवाबदेही एवं कर्तव्य का बोध हो। कार्यक्रम में रांची जिला, प्रखंड एवं मंडल कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विदित हो कि भाजपा एवं केंद्र सरकार पिछले चुनावों में अपने किए गए वादों से मुकर गई है। उनके वादे अब जुमले बन चुके हैं। उनकी सभी फ्लैगसिप योजनाएं विफल साबित हो रही हैं । वर्ष 2014 में बनी इस सरकार से आशा थी कि वह जनहित में काम करेगी परंतु बेतहासा बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी ने आम जनता की कमर कमर तोड़ दी है। मोदी सरकार का जन सरोकार से अब कोई लेना-देना नहीं है। इसीलिए झारखंडी जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। नेताओं ने कहा कि राज्य के मुद्दों को केंद्र सरकार अनदेखा कर रही है। झारखंड सरकार को उसका वाजिब हक-अधिकार देने में भी आनाकानी की जा रही है। पिछले दिनों झारखंड के मुख्यमंत्री को झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेज दिया गया। झारखंड सरकार केंद्र की भाजपा सरकार से लगातार अपना हक-अधिकार मांग रही है परंतु ना उसके कोयला रॉयल्टी का बकाया 1,36,000 करोड़ रूपया ही दे रही है और ना ही पीएम आवास, मनरेगा सहित अन्य केंद्र प्रायोजित योजनाओं की राशि निर्गत कर रही है। यह झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार है और झारखंडियों के साथ अन्याय है। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के दल इस मुद्दे पर अब चुप नहीं बैठेंगे।

आज के इस प्रदर्शन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव रविंद्र झा,अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष केदार पासवान, मीडिया विभाग के अध्यक्ष सतीश पॉल मुंजनी की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में रांची जिला कांग्रेस कमेटी के सुनील उरांव, राजीव रंजन राजू, अर्चना मिश्रा, रश्मि पिंगुआ, एतवा उरांव, मिथिलेश तिवारी, विनोद सिंह, शैलेंद्र सिंह,संतोष राम,अमन अहमद, श्रवण मुंडा,महताब आलम, संजय सरैया, मंसूर अंसारी, साहाबिर लोहरा,कमिश्नर मुंडा, हरिमोहन महतो,एतवा उरांव, कुलेश्वर मुंडा, वशिष्ठ पासवान, हुसैन अंसारी, तनवीर आलम, गोपाल सिंह, अरविंद सिंह, जमील मालिक सहित सैकड़ो नेता एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## अमरप्रीत सिंह काले का कंबल वितरण जारी



जमशेदपुर। सर्दी से बचाव के लिए अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में हर हर महादेव सेवा संघ ने निरंतर कंबल वितरण अभियान जारी रखा है। रविवार को तूरी भवन, सीतारामडेरा, भुइयां नगर, लाल भट्ठा, बाबूडीह बस्ती, मुंडारी बस्ती, भुइयांडीह, केरेज कॉलोनी, बाबा कुटी, हरिजन बस्ती, केबल टाउन, हरि मंदिर बिरसानगर, शिव मंदिर बिरसानगर जोन नं 3 सहित अन्य कई स्थानों पर कंबल वितरित किया गया। इस मौके पर संस्थान के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि समाज सेवा कार्य में हर व्यक्ति को सहयोग करना चाहिए। हमें अपनी आय का एक निश्चित अंश सामाजिक सेवाओं में खर्च करना चाहिए। यह मान कर चलिए कि ऐसा करने वालों की जेब कभी खाली नहीं होती। इस बात को हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि हमारा हर काम ईश्वर की नजर में हैं।

## जारियाडीह में 40 लोगों ने किया रक्तदान

जमशेदपुर। आदिम डेवलपमेंट सोसाईटी और सामाजिक संस्था नई जिंदगी परिवार जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार चांडिल प्रखण्ड के जारियाडीह कुबेर ढाबा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में कुल 40 युवाओं ने स्वेच्छा से आकर रक्तदान किया । संताली भाषा विजय दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर में सर्वप्रथम अतिथियों ने ओल गुरु पं० रघुनाथ मुर्मू के चित्र पर माल्यार्पण कर रक्तदान शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया । मौके पर जमशेदपुर के ट्राईबल ब्लड मैन के नाम से मशहूर 76 बार के रक्तदाता राजेश मार्डी ने सभी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया । सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति सम्मान पत्र के साथ अंग वस्त्र एवं संताली ओल चिकि लर्निंग बुक देकर सम्मानित किया गया । शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से आदिम डेवलपमेंट सोसाईटी के सचिव बाबू राम सोरेन, सुदन टुडू, गोकुल हेम्ब्रम, बबलू सोरेन, हरि टुडू, विजय मुर्मू, गणेश टुडू, सीताराम हेम्ब्रम, समीर टुडू, माईकल हो आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में एनुअल फंक्शन संपन्न

चांडिल। अनुमंडल क्षेत्र के एक मात्र सीबीएसई से मान्यता प्राप्त दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में एनुअल फंक्शन का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बडों की अहमियत, पर्यावरण संरक्षण एवं जीवन के विभिन्न रसों पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। इसमें कक्षा प्री– नर्सरी से कक्षा दो तक के बच्चों ने अपने बड़ों के प्रति अपना प्रेम प्रदर्शित किया। कक्षा तीन से लेकर कक्षा पांच तक के बच्चों ने जल, वायु संरक्षण और प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण रोकथाम पर प्रस्तुति दी। कक्षा छह से बारहवीं तक के बच्चों ने जीवन के विभिन्न रसों जैसे हास्य, वीर, शांत, रौद्र, भयानक, करुण एवं शांत रस पर अपनी प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन चांडिल एसडीओ विकास राय, बीएसआईएल के सिनियर जनरल मैनेजर आर के शर्मा, सीजीएम चांडिल रवि प्रकाश तिवारी, सीओ अमित कुमार तथा प्रिंसिपल शंपा बनर्जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

## गम्हरिया : कुंभकार समाज का पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न

गम्हरिया। कुंभकार समाज गम्हरिया की ओर से 8वां पारिवारिक सम्मेलन का आयोजन दोमुहानी में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में आसपास के कई गांवों के काफी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। इस मौके पर समाज को आगे बढ़ाने तथा समाज के विकास पर चर्चा की गई। साथ ही, आगामी वर्ष 15 जनवरी को बोड़ाम बाबा (घोड़ाबाबा) पूजनोत्सव की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान आगामी वर्ष धूमधाम से पूजनोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया।

# वीर अहलावत ने टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप का खिताब जीता

- अमरदीप मलिक के खिलाफ प्लेऑफ में कड़ी जीत के बाद मिली ट्रॉफी
- रिकॉर्ड सीजन कमाई के साथ टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग चैंपियन का ताज पहना

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। रविवार को गुरुग्राम के वीर अहलावत के लिए दोहरी खुशी थी। 28 वर्षीय वीर, जिन्होंने 2024 पीजीटीआई सीजन के अंतिम आयोजन से पहले ही टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया था, ने दिन के सर्वश्रेष्ठ स्कोर सात-अंडर 64 और प्लेऑफ के साथ शो भी चुरा लिया। अमरदीप मलिक के खिलाफ जीत ने सीजन के अंत में टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2024 जीती, जो कि 3 करोड़ रुपये का आयोजन था, जो कि जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में खेला गया था। वीर अहलावत (67-68-68-64) ने दूसरे प्लेऑफ होल में अमरदीप मलिक (67-64-71-65) पर जीत हासिल की, जिसके बाद नियमन 72 के अंत में दोनों खिलाड़ी 17-अंडर 267 के साथ पहले स्थान पर थे। श्रीलंका के एन थंगराजा (67) ने 16-अंडर 268 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि चंडीगढ़ के युवराज संधू (67) और दो बार के टूर चैंपियनशिप विजेता पुणे के उदयन माने (70) 14-अंडर 270 के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर रहे। भारतीय स्टार और दो बार के टूर चैंपियनशिप विजेता गगनजीत भुल्लर (69) 10-अंडर 274 के साथ नौवें स्थान पर रहे। वीर अहलावत ने 45 लाख रुपये का विजयी चेक प्राप्त किया, जिससे उनकी सीजन की कमाई 1,56,35,724 रुपये हो गई, इस प्रकार पीजीटीआई पर सीजन की कमाई 1,18,26,059 रुपये के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जो कि 2023 में ओम प्रकाश चौहान द्वारा बनाया गया। छह फुट चार इंच लंबे अहलावत, जो डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब, गुरुग्राम से हैं, ने इस सीजन में दो खिताब जीते और सात अन्य शीर्ष -10 में जगह बनाई। विशेष रूप से, वीर इंडियन ओपन में उपविजेता रहे, जो डीपी वर्ल्ड टूर द्वारा सह-स्वीकृत कार्यक्रम था। इस प्रकार वह पीजीटीआई पर सीजन की कमाई में 1 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाले ओम प्रकाश चौहान के बाद दूसरे खिलाड़ी बन गए। अपनी ऑर्डर ऑफ मेरिट जीत के परिणामस्वरूप, वीर ने अब 2025 सीजन के लिए डीपी वर्ल्ड टूर पर एक कार्ड अर्जित कर लिया है। बेंगलुरु के राहिल गंगजी 69,21,582 रुपये की सीजन की कमाई के साथ पीजीटीआई रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रहे। राहिल ने इस सप्ताह जमशेदपुर में आठवां स्थान हासिल किया और उनका कुल स्कोर 11-अंडर 273 रहा। इवेंट के सभी चार राउंड में मैदान के आधे हिस्से में पहले नौ होल गोलमुरी गोल्फ कोर्स में और दूसरे नौ होल बेल्डीह गोल्फ कोर्स में खेले गए, जबकि मैदान के दूसरे आधे हिस्से में पहले बेल्डीह और उसके बाद गोलमुरी में खेला गया। राउंड के लिए पार 71 था। अग्रणी समूह गोलमुरी से शुरू हुए और बेल्डीह में समाप्त हुए। वीर अहलावत, जो पूरी रात छठे स्थान पर थे और बढ़त से चार शॉट पीछे थे, फ्रंट-नौ पर सभी सिलेंडरों पर फायरिंग करते हुए बाहर आए, उन्होंने पहले छह होल में एक ईगल और दो बर्डी उठाई, क्योंकि उन्होंने इसे दो मौकों पर चार फीट के भीतर गिराया और साथ ही 20 फुट डूब गया। 11वें होल पर एक बोगी के बाद, वीर ने चार बर्डीज के साथ अपने खेल को वापस पटरी पर ला दिया, और खुद को ग्रीन्स पर 10 फीट से अधिक लंबा नहीं छोड़ा। अमरदीप मलिक, जिनका राउंड बोगी-मुक्त था, फ्रंट-नौ पर अपनी पांच बर्डीज की बदौलत दिन के अधिकांश भाग में अग्रणी रहे। पीजीटीआई में दो बार के विजेता अमरदीप की गति बैक-नाइन पर धीमी हो गई, जहां वह केवल एक बर्डी ही बना सके। हालांकि, उन्होंने त्रुटियों को दूर रखा। जब 18वें होल पर प्लेऑफ शुरू हुआ, तो वे दो मुकाबलों में से एक जीतकर बेहतर प्लेऑफ रिकॉर्ड का आनंद लिया, जबकि वीर अपने पिछले दोनों प्लेऑफ हार गया था।



अहलावत को 45 लाख का चेक प्रदान करते टाटा स्टील के सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन। साथ में उत्तम सिंह मंडी, डीवी सुंदरमम व अन्य।

# यह खिताबी जीत मेरे परिवार को समर्पित : अहलावत

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। टाटा स्टील टूर चैम्पियनशिप 2024 का खिताब और 45 लाख रुपये की इनामी राशि जीतने के बाद नयी दिल्ली निवासी अंतर्राष्ट्रीय गोल्फर वीर अहलावत ने प्रसन्नता व्यक्त की है। इस महत्वपूर्ण खिताब को उन्होंने अपने माता-पिता क्रमशः अनिता अहलावत व कर्नल (रिटायर्ड) यशपाल अहलावत के साथ पत्नी तान्या को समर्पित किया है। युवा गोल्फर वीर अपने माता-पिता और पत्नी से कितना प्यार करते हैं इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने ट्रॉफी टाटा स्टील के एमडी एंड सीइओ टीवी नरेंद्रन से ग्रहण करने के पश्चात जब संबोधन के लिए मंच पर आये तो उन्होंने अपने माता-पिता और पत्नी को मंच पर बुला कर सभी से परिचय कराया।

वीर ने कहा, अपने इस परिवार के सपोर्ट के बिना यह ट्रॉफी जीतने की कल्पना नहीं कर सकता था। परिवार से हर कदम पर साथ दिया है, और आज मैं चैम्पियन हूं।

### गोल्फ को सपोर्ट जारी रहेगा : टीवी नरेंद्रन

टाटा स्टील खेल के जरिए कम्यूनिटी कनेक्ट का काम करती है। गोल्फ,आर्चरी, फुटबॉल, एथलेटिक को सपोर्ट इसी के तहत की जा रही है। जब कंपनी के प्रयास को मान्यता मिलती है तो हमें बहुत खुशी मिलती है। गोल्फ शहर में लोकप्रियता हासिल कर चुका है, यह देख कर हम सब बहुत खुश हैं। कंपनी आगे भी गोल्फ को सपोर्ट जारी रखेगी।

आज के खेल पर वीर ने कहा, आज मैंने बहुत बढ़िया खेला। मेरा स्टार्ट भी बढ़िया रहा,मैं स्टार्टिंग में सेकेंड इगल मारा जिससे आगे चल रहे प्रतिद्वंदी के मैं साथ आ गया। मुझे पता था कि थोड़ी और बड़ी मारुंगा तो मेरा चांस रहेगा। गोल्फ मोमेंटम वाला गेम हैं, अगर आपका बॉडी मोमेंटम में आ जाए तो माइंड स्वतः मोमेंटम में आ जाता है, हर जगह झंडा दिखता है।

अहलावत ने कहा, राउंड की शुरूआत में, मुझे पता था कि मुझे वास्तव में नीचे जाना होगा। इसलिए, मैं सभी ढं१-5२ और छोटे ढं१-4२ पर स्कोर करना चाह रहा था। मैं पूरे सप्ताह फेयरवेज से अपने वेजेज को अच्छी तरह से हिट कर रहा था। इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा. मैंने अपने वेज प्ले पर बहुत काम किया था और आज उसका फल मिला। प्लेऑफ में, मैंने अपने पसंदीदा क्लबों में से एक, गैप वेज का पूर्णता के साथ उपयोग किया।

मुझे यह भी लगा कि मुझे प्लेऑफ में फायदा हुआ क्योंकि 18वां होल मेरे खेल के अनुकूल था क्योंकि मैंने बहुत सारे फेड शॉट मारे और 18वां होल फेड शॉट के लिए तैयार किया गया है।मेरे माता-पिता और मेरी पत्नी सहित मेरे परिवार ने कल जमशेदपुर पहुंचकर मुझे एक सुखद आश्चर्य दिया। आज पाठ्यक्रम में उनकी उपस्थिति मेरे लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बहुत बड़ा प्रोत्साहन थी। मुझे खुशी है कि मैंने उन्हें निराश नहीं किया। यह मेरे लिए बहुत अच्छा सीजन रहा है और मैं अपने लगातार अच्छे प्रदर्शन से बहुत खुश हूँ। पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट जीतना एक प्रमुख लक्ष्य था और मुझे इसे हासिल करके खुशी हुई है। मैं अब 2025 में डीपी वर्ल्ड टूर में खेलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। मैं यूरोप की विभिन्न परिस्थितियों के लिए खुद को अच्छी तरह से तैयार करने के लिए कुछ चीजों पर काम कर रहा हूं। जमशेदपुर में मैं 1918 से मैं आ रहा हूं। हर बार मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा है। मैं कहना चाहूंगा कि गोलमुरी गोल्फ कोर्स शॉर्ट हैं,बेल्डीह कोर्स थोड़ा लांग है। जमशेदपुर के बारे में पूछे जाने पर कहा, यह शहर बहुत शांत-शांत है। यहां का हवा -पानी बहुत अच्छा है। यहां के लोग भी बहुत अच्छे हैं। सब कुछ पास-पास है,नयी दिल्ली में सब कुछ दूर-दूर है।

एक सवाल पर वीर ने कहा, परिवार के सपोर्ट के बिना कोई भी व्यक्ति जीवन में बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं कर सकता। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे सपोर्टिव परिवार मिला है।

### वीर की उपलब्धि पर पूरे परिवार को गर्व : कर्नल यशपाल अहलावत

टाटा स्टील पीजीटीआई टूर चैम्पियनशिप 2024 के विजेता वीर अहलावत के पिता कर्नल यशपाल अहलावत का कहना है कि वीर की उपलब्धि पर पूरे अहलावत परिवार को गर्व की अनुभूति हो रही है।

हमलोगों ने तो आज यहां वीर को चैम्पियन बनते देखा, जो हमें एक सुखद अनुभूति है। वीर की शादी इसी वर्ष 2 मार्च 2024 में हुई है, हमारी बहू तान्या के कदम बहुत ही शुभ साबित हुए हैं। शादी के बाद वीर एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल कर रहा है। हम सब बहुत खुश हैं। हम आज डीएलएफ में वीर के गोल्फ कोच मिस्टर अनित्य चांद का आभार व्यक्त करना चाहते हैं जिन्होंने वीर की दक्षता को बेहद बारिकी से निखारा। सपोर्ट करने के लिए हम डीएलएफ के भी आभारी हैं।

# मानगो में हफ्ते भर में पेयजल पहुंचाने का काम पूर्ण हो: सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि मानगो नगर निगम में कचरा संचालन की समस्या का हल निकल जाने के बाद अब यहां की पेयजल की समस्या का समाधान करने की दिशा में प्रयास होगा। यहां जारी एक बयान में सरयू राय ने कहा कि मानगो क्षेत्र के कई इलाकों में पेयजल नहीं आ रहा है। यह काफी दुखद है। उन्होंने मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त से दूरभाष पर विमर्श किया और कहा कि मानगो पेयजलापूर्ति परियोजना के सुचारू संचालन के लिए संबंधित विभागों, खासकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा संचालन के लिए नियुक्त संवेदक की एक बैठक शीघ्र बुलाएं और उन सभी स्थानों पर जहां पाईपलाईन बिछायी जा चुकी है, वहां पानी क्यों नहीं जा रहा है और क्या दिक्कत है, इसे समझें। राय ने कहा कि पांच साल पहले वन विभाग से जमीन लेकर पानी टंकी निर्माण का कार्य आरंभ कराया था। वह पानी की टंकी आज तक कार्यरत नहीं हो सकी। उन्होंने इस पानी टंकी को चालू करने के लिए इसका ट्रायल करने का निर्देश विगत दिनों पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को दिया था।

# विश्वकर्मा समाज का पारिवारिक मिलन सह वनभोज कार्यक्रम



खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सिदगोड़ा स्थित विरसा मुंडा टाउन हाल बाल उद्यान में जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज का पारिवारिक मिलन सह वनभोज कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष विकास राणा और पूर्वी के विधायक माननीय पूर्णिमा साहू जी उपस्थित होकर सभी को सफल आयोजन एवं समाज के एक जुटता के लिए समाज को शुभकामनाएं दी। इस आयोजन में समाज के उत्कृष्ट बच्चों को पूर्णिमा साहू के द्वारा भी सम्मानित किया गया। समाज के संस्थापक सदस्य गण को विश्वकर्मा रत्न एवं विश्वकर्मा विशिष्ट सम्मान से सम्मानित भी किया गया। बच्चों के बीच खेल का भी आयोजन किया गया। सभा का शुभारंभ विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष राम विलास शर्मा, महामंत्री सुजीत शर्मा एवं केन्द्रीय कमिटी क्षेत्रीय कमिटी, युवा कमिटी और महिला कमिटी ने संयुक्त रूप से किया गया। सभा का स्वागत समाज के अध्यक्ष रामविलास शर्मा के द्वारा किया गया। सभा संचालन राम सेवक शर्मा के द्वारा किया गया। सचिव प्रतिवेदन समाज के महामंत्री सुजीत शर्मा द्वारा देते हुए समाज के उपलब्धियों को सभी के सामने रखे। इस आयोजन में समाज के लगभग 5000 हजार लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। एक लाटरी के माध्यम से तीन कूपन धारकों को पुरस्कृत भी किया गया। महिलाओं के लिए म्युजिकल चेकर का भी आयोजन किया गया।

सभा के अन्त में पूर्व पदाधिकारी श्री लखन विश्वकर्मा जी ने धन्यवाद देकर सभा की समापन कर भोजन के लिए सभी को आमंत्रित किया गया।

# उपद्रवियों ने व्यवसायी से किया मारपीट, मामला दर्ज



खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। शहर के जेपी चौक के समीप मुन्नी साव के कोल्ड्रिन व अंडा दुकान पर शनिवार की रात्रि आपराधिक प्रवृत्ति के युवकों ने जम कर तोड़ फोड़ व गुंडागर्दी की एवं दुकानदार विवेक कुमार के अंडा के ठेला को पलट दिया एवं फिल्मी स्टाइल में करीब दस की संख्या में उपद्रवियों ने पूरा काउन्टर को तोड़ा एवं कई लोगो को मार कर घायल कर दिया । घटना के समय लोग मुदर्शक बन कर तमाशा देखते रहे। इस घटना में रोहित कुमार,विवेक कुमार,व मुन्नी साव तथा उनकी पत्नी को भी मार कर घायल कर दिया गया। घटना की सूचना हुसैनाबाद थाना को मिली तो पुलिस गश्ती दल आया जिसके बाद उपद्रवियों बाईक से चलते बने। इस सबन्ध में विवेक कुमार ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत कराया हैं जिसमे लिखा है कि हमलोग रोज की तरह दुकान चलाते थे उसी समय तीन लोग चिंटू सिंह,मोन्टी सिंह,सन्नी तीन लोग अंडा खाने के बहाने शराब के नशे में आये और मेरे दुकान के बगल घर जिसमें महिला लोग रहती हैं उसी में शौच करने लगे जब महिलाओं ने विरोध किया तो उनलोगों ने गाली गलौज व मारपीट करने लगे । इसके पुनः कुछ देर बाद तीन चार मोटरसाइकिल पर अन्य दस की संख्या में लाठी हॉकी स्टिक लेकर आये और दुकान में वेखौफ जमकर तोड़फोड़ किया और उपद्रव किया और भीड़ मूकदर्शक बना रहा। वही घटना की सूचना पर थाना गश्ती दल आया लेकिन हमलावर आसानी से फरार हो गए। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह यादव कहा कि हर हाल में उन पर कार्रवाई होगी इधर इस घटना से दुकानदार लोगों में आक्रोश हैं।

# कसौधन वैश्य परिवार ने किया वनभोज सह परिवारिक मिलन समारोह आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर पलामू। कसौधन वैश्य परिवार वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह चैनपुर निर्माण स्थल निमिया के प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल ने दीपप्रतिज्वलीत कर कार्यक्रम की शुरूआत की वहीं कश्यप ऋषि मुनि की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर प्रार्थना सभा की गई जिसमें भरत प्रसाद पुरोहित,हरिहर प्रसाद,प्रदीप प्रसाद, अनिल कश्यप, रविन्द्र प्रसाद आर्य के द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोग वनभोज के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाते नजर आए। समारोह की अध्यक्षता दिलिप कश्यप ने की।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया केंद्रीय कारा का निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव रविवार को केंद्रीय कारा का निरीक्षण किया। पीडीजे ने जेल की स्थितियों का जायजा लिया व बन्दियों के हित मे कई निर्देश दिए। उन्होंने जेल में बंद बन्दियों के लिए आयुष्मान कार्ड,आधार कार्ड,व राशन कार्ड बनाने के लिए जेल में कैम्प लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बन जाने से सरकारी अस्पताल के अलावे आयुष्मान कार्ड वाले हॉस्पिटल में लोगो को पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज का सुबिधा मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज 31 लोगो को पहले फेज में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लोगो को चिन्हित किया गया है। बन्दियों के परिजन को राशन कार्ड आधार कार्ड व मोबाइल के साथ बुलाया गया हैं ताकि लोगो का आयुष्मान कार्ड बन सके। बन्दियों ने आधार कार्ड नही होने,राशन कार्ड से नाम डिलीट करने की जानकारी दी। पीडीजे ने काराधीक्षक भगीरथ करजी को आधार कार्ड बनाने हेतु कैम्प लगाने व राशन कार्ड में नाम जुड़वाने को ले निर्देश दिया। पीडीजे ने बन्दियों से अधिवक्ता के बारे में जानकारी प्राप्त किया। बन्दियों ने बताया कि सभी लोग अधिवक्ता है। कुछ लोग प्राइवेट व कुछ लोग को डालसा से एल ए डी सी के अधिवक्ता मिले हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी बन्दी बिना अधिवक्ता के नही रहे।

### बन्दियों ने खुलकर रखा अपनी बात

प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के जेल निरीक्षण के क्रम में बन्दियों ने खुलकर अपनी बात रखा। पीडीजे ने बन्दियों के सवाल का उत्तर भी दिया। पीडीजे ने कहा कि हम अभी केस का मैरिट डिसाइड करने नही आये है । हम आपकी समस्या जानने आये हैं। अगर आपको जेल में कोई समस्या है तो आप बता सकते हैं। जिनका जमानत आवेदन,अपील या रिवीजन नहीं फाइल हैं उनको डालसा के माध्यम से फाइल कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीमार व मानसिक रूप से कमजोर लोगो पर विशेष ध्यान दे। इस मौके पर सीजेएम आनंद सिंह, काराधीक्षक भगीरथ करजी,जेलर प्रमोद कुमार, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय,असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय, पुष्कर राज, कुमारी नीतू सिंह, डालसा कार्यालय के असिस्टेंट संजीव सिंह,के अलावे जेल पीएलभी, जेल कर्मी समेत दर्जनों बन्दी उपस्थित थे।

एक नजर में

## सीपीएम का दो दिवसीय 24 वां पूर्वी सिंहभूम जिला सम्मेलन संपन्न



जमशेदपुर। रविवार को कॉ0 सीताराम येचुरी नगर (आंध्र क्लब– गोलमुरी) में सीपीआई (एम) का दो दिवसीय 24वां जिला सम्मेलन जिले के ज्वलंत जनमुद्दों पर आंदोलन तेज किए जाने के संकल्प के साथ आज संपन्न हो गया। सम्मेलन का उद्घाटन पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने किया उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा झारखंड में डबल इंजन सरकार बनाने के मंसूबों को राज्य की जनता द्वारा नकार दिए जाने को एक सकारात्मक जनादेश बताया। सम्मेलन मे जिले के 11 प्रखंडों की 45 शाखाओं से, 23 महिला सहित 121 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, सम्मेलन में जिला सचिव द्वारा पेश की गई राजनीतिक – सांगठनिक रिपोर्ट पर 32 प्रतिनिधियों ने चर्चा में हिस्सा लिया और महत्वपूर्ण सुझाव दिए, उन सुझावों को शामिल किए जाने के बाद रिपोर्ट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। सम्मेलन में 13 प्रस्ताव पारित किये गए। जिसमें केंद्र सरकार द्वारा ह्लवन नेशन वन इलेक्शनह्व का विरोध करने, 1991 के पूजा स्थल अधिनियम को सख्ती से लागू करने, झारखंड के मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप राज्य में जल्द एक अधिकार संपन्न विस्थापन आयोग का गठन करने, किसानों से धान की खरीद में हो रही अनियमितता पर रोक लगाने, प्रखंड स्तर तक बढते भष्टाचार पर लगाम, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा की बकाए राशि का भुगतान करने, मनरेगा के बकाया मजदूरी का पेमेंट करने, डायन–बिसाही के नाम पर उत्पीड़न पर रोक, भूमि बैंक की समाप्ति, नशीले पदार्थों की तस्करी सहित बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण, वनों की सुरक्षा तथा हाथियों के हमलों से सुरक्षा, काश्तकारी अधिनियम और पेसा के तहत अधिकारों को सुनिश्चित करना, जनोन्मुखी औद्योगिक और निवेश नीति के माध्यम से रोजगार सृजनसे संबंधित हैं। सम्मेलन में राज्य पर्यवेक्षक प्रकाश विप्लव व समीर दास तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता कॉमरेड डी झा के मार्गदर्शन में प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से 17 सदस्यीय जिला कमेटी तथा 9 से 11 जनवरी 2025 को रांची में होने वाले राज्य सम्मेलन के लिए 20 प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया। नव निर्वाचित जिला कमिटी कॉम के पी सिंह को नया जिला सचिव निर्वाचित किया। सम्मेलन में निर्णय लिया गया कि फरवरी 2025 से केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध तथा जनता के ज्वलंत मुद्दों को लेकर आंदोलन तेज किया जाएगा।

## साहितयकार अजय प्रजापति को मिला 'कविताम्बरा साहित्य श्री सारस्वत सम्मान'



जमशेदपुर। साहित्य एवं आध्यात्म के केंद्र बनारस के सुंदरपुर स्थित बृज एन्क्लेव के होटल एवेरा इन के सभागार में कविताम्बरा पत्रिका एवं विश्व हिंदी शोध–संवर्धन अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में 'शब्द सारथी डॉ कृष्ण कुमार प्रजापति विशेषांक' के लोकार्पण के अवसर पर साहित्य समिति , तुलसी भवन के सदस्य सह ' तुलसी प्रभा ' पत्रिका के सह संपादक अजय कुमार प्रजापति को ₹कविताम्बरा साहित्य श्री सारस्वत सम्मान₹ से सम्मानित किया गया । इसके अन्तर्गत उन्हें प्रशस्ति पत्र, सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह, पुष्पमाल्य, अंगवस्त्र एवं साहित्यिक पुस्तकों से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर बनारस विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ वशिष्ठ अनूप, आलोचक डॉ राम सुधार सिंह, डॉ दयानिधि मिश्र कवितांबरा के संपादक मधुकर मिश्र, गजलगो डाक्टर कृष्ण कुमार प्रजापति,कवि संजय पंकज, वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार गिरीश पंकज, नवगीतकार जय चक्रवर्ती, गजलकार अनिरुद्ध सिन्हा, डॉ दशरथ प्रजापति, डॉ सविता एवं विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र राय सहित कई गणमान्य साहित्यकार उपस्थित रहे। सम्मान ग्रहण करने पर अजय प्रजापति ने कहा कि भगवान काशी विश्वनाथ की धरती बनारस में सम्मानित होना मेरे लिए गौरवपूर्ण है। कविताम्बरा पत्रिका का मैं आभारी हूं और इस सम्मान को तुलसी भवन की पत्रिका तुलसी प्रभा का सम्मान एवं प्रभाव मानता हूं।

## कुलवंत सिंह बंटी ने भाजपा सदस्यता अभीयान की शुरुआत की

जमशेदपुर। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर युवा मोर्चा महामंत्री सौरव श्रीवास्तव के नेतृत्व ईस्ट प्लांट बस्ती के शक्ति केंद्र में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी के द्वारा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। कुलवंत सिंह बंटी ने शुभारंभ करने के बाद कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद हमें ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को पार्टी से जोड़ना है जिसमें हम सभी कार्यकर्ताओं की भूमिका अग्रणी रहेगी तभी हम पिछले बार से ज्यादा सदस्य पार्टी में जोड़ पाएंगे। बैठक मे मुख्यरूपय से श्री सुरेंद्र मिश्रा, मनोज श्रीवास्तव, संतोष ठाकुर, महेंद्र रजक, रौशन कुमार प्रदीप मिश्रा मिंटू मिश्रा सोनू साव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रकाश पर्व को लेकर, सेंट्रल सिख नौजवान सभा ने बांटी सेवा

जमशेदपुर। दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जी के प्रकाश पर्व को लेकर सेंट्रल सिख नौजवान की एक बैठक प्रधान सरदार अमरीक सिंह की प्रधानगी में साकची स्थित सेंट्रल गुरूद्वारा कमिटी कार्यालय में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम सभा के महासचिव रंजीत सिंह ने अरदास की उपरांत सभा के महासचिव सुखवंत सिंह सिंह ने पिछली बैठक की कार्यवाही पढ़ी। उसके उपरांत सभी की यूनिटों के बीच सेवा का विस्तार किया गया,जो इस प्रकार है 1. फ्रंट की सेवा: मनीफिट 2. झंडे की सेवा: बारीडीह और सीताराम डेरा 3. पालकी साहिब के आगे की सेवा: टीनप्लेट 4. रस्से की सेवा: जेम्को 5. तरकीब लगाने की सेवा: हरमीत सिंह,रंजीत सिंह, हरविंदर सिंह,मनिंदर सिंह 6. नगरकीर्तन के अंत में सफाई की सेवा: कदमा कंट्रोलर: अमरीक सिंह,सुखवंत सिंह,हरविंदर सिंह।

## स्पीड न्यूज

### अभ्युदय क्लब पांकी अंचल ने खेलकूल प्रतियोगिता आयोजित किया



मेदिनीनगर। एकल अभियान अभ्युदय क्लब पांकी अंचल स्तरीय खेलकूल प्रतियोगिता का आयोजन शिवाजी मैदान में किया गया। जिसका उदघाटन प्रथम महापौर अरूणा शंकर व अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर पांकी अंचल के चैनपुर, पांकी, पाटन, नावा जयपुर समेत अन्य प्रखंडों से आये छात्र-छात्राओं ने कबड्डी, खो खो, उंची व लंबी दौड़ समेत अन्य खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिये। विजयी प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अरूणा ने कहा कि सनातन शिक्षा पद्धति एक ऐसी पद्धति है जहां शिक्षा के साथ खेल, अध्यात्म व सांस्कृतिक शिक्षा दी जाती थी जिसे गुरूकुल कहा जाता था। आज इस परंपरा को भौतिकवादी परंपरा ने ध्वस्त कर दिया है। एकल अभियान ने सनातन धर्म व संस्कृति को बचाने में अहम भूमिका निभाया है। गुरूकुल में राजा हो या रंक सभी एक समान होते थे। सभी को एक समान शिक्षा मिलता था लेकिन आज लिंग भेद के कारण शिक्षा पद्धति बदल गया है जो समाज के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि बच्चियों को भी शिक्षा ग्रहण करने का समान अधिकार है। मौके पर संरक्षक सत्यनारायण प्रसाद, सुरेश जैन, बलराम तिवारी, अध्यक्ष अनुपम तुलस्यान, सचिव विकास कृष्णा, संस्कार शिक्षा के उपाध्यक्ष अमिताभ मिश्रा, रमेश चंद्र द्विवेदी, देव प्रजापति, ओमप्रकाश सिंह, ओमप्रकाश पासवान, अर्जुन सिंह, अखिलेश सिंह, दीपक तिवारी, राहुल आदि शामिल थे।

### मजदूर किसान महाविद्यालय डंडार कला के छात्र युवा महोत्सव के लिए रांची पहुंचे



पांकी। युवा कार्यक्रम एवं खेलकूद मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव 2024-25 के लिए 22-23 दिसंबर 24- 25 राज्य स्तरीय युवा उत्सव में सहभागिता हेतु, ग्रुप संगीत के लिए महाविद्यालय से प्रदीप कुमार सिंह मनीषा कुमारी सोनाली कुमारी सुनीता कुमारी आयुष कुमार तथा प्रमंडल स्तरीय दलनायक के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दिलीप कुमार राम, निधि उपाध्याय खेल समन्वयक पलामू गढ़वा, रमाशंकर सिंह गोपी गोपीनाथ महिला महाविद्यालय गढ़वा के नेतृत्व में 60 बच्चों के साथ पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किए। इस खुशी के मौके पर महाविद्यालय के अध्यक्ष सह सांसद काली चरण सिंह चतरा, सचिव डॉ विंदेश्वर सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ श्रवण कुमार, शिक्षाविद अमित तिवारी, शिक्षक प्रतिनिधि डॉ राजेश्वर चौधरी,राजीव रंजनठर, समन्वयक पुरुषोतम सिंह एवं माननीय विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने बधाई एवं शुभकामना दी।

### हुसैनाबाद चारधाम में रामलीला नाटक मंचन का सयोजन



हुसैनाबाद (पलामू)। स्थानीय नहर मोड़ स्थित चारधाम मंदिर परिसर में श्री रामलीला का आयोजन आयोजन चारधाम मंदिर समिति द्वारा अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में की गई। राजद के प्रदेश महासचिव रवि कुमार यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष राजद नेता शशि कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने फीता काटकर व प्रभु श्री राम की आरती कर श्रीरामलीला का शुभारंभ किया। यूपी प्रयागराज क्षेत्र के रामायण मंडल के धर्मदेव जी ब्यास व उनके मंडली ने प्रभु श्रीराम का जीवंत प्रस्तुति की। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत रामलीला को देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। राजद नेता रवि यादव ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवंत चित्रण भजन से संपूर्ण क्षेत्र राममय हो गया है। प्रभु श्री राम के नाम मात्र से ही सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि रामलीला में प्रभु श्रीराम माता जानकी का जीवंत दर्शन होता है। कहा कि धर्म प्रेमियों से श्रीरामलीला कार्यक्रम में पहुंचकर प्रभु श्री राम के चरित्र व आदर्शों को अपनाएं। बाबा द्रोणाचार्य तिवारी, अशोक विश्वकर्मा, हरिओम पाठक, सुरेंद्र विश्वकर्मा, रामराज मेहता, जयश्री बैठा, मुन्ना देव, राजकुमार चंद्रवंशी, धर्मेंद्र पाल, सतेंद्र गुप्ता, राजेश्वर यादव समेत सैकड़ों रामभक्त मौजूद थे।

### अंबेडकर चेतना परिषद ने गृह मंत्री का शवयात्रा निकाला व दाह संस्कार किया



हुसैनाबाद पलामू। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर पर कथित अशोभनीय टिप्पणी किये जाने के विरोध में अंबेडकर चेतना परिषद हुसैनाबाद द्वारा रविवार को स्थानीय अंबेडकर चौक पर अमित शाह का शवयात्रा निकाला गया जो पूरे बाजार भ्रमण के बाद लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। गृह मंत्री अमित शाह के विरुद्ध जमकर नारा बाजी किया। उन्हें माफी मांगने व अपने पद से इस्तीफा देने की मांग कर रहे थे। परिषद के विजय कुशवाहा ने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहब को अपमान लोकतंत्र की हत्या है। इसके लिए अमित शाह को देश वासियों से माफी मांगना चाहिए। उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए। उनके द्वारा संविधान के निमार्ता बाबा साहब के बारे में कही गई बात अंबेडकर चेतना मंच कभी बर्दास्त नही करेगा। इसके पूर्व अंबेडकर चेतना परिषद द्वारा गृह मंत्री अमित शाह की शव यात्रा निकाली गई। जो छत्तरपुर रोड, जेपी चौक मुख्य बाजार होते हुए अंबेडकर चौक पहुंचा। यहां लोगों ने उनका पुतला दहन किया।मौके पर अध्यक्ष बी के रंजन,रामेश्वर मेहता,युवा अध्यक्ष राकेश पासवान, रामप्रवेश पासवान, धनपत रजक,सुरेश मेहता, नारायण कुमार, पिंटू कुमार, आशीष सक्सेना, डॉ संतोष कुमार, संतोष राम समेत अम्बेडकर चेतना परिषद के लोग उपस्थित थे।

### अनियंत्रित ट्रेलर दुकान में घुसा



हरिहरगंज पलामू । शहर स्थित पुरानी बस स्टैंड के समीप अनियंत्रित ट्रेलर ट्रक सीजी 04 क्यूए 5920 एनएच 139 के किनारे स्थित मनोज पत्तल थाली तथा सन्ना मोबाइल दुकान से जा टकराया। यह घटना रविवार की अहले सुबह करीब 3.30 बजे की है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भवन का पीलर को तोड़ते हुए ट्रेलर दुकान में घुस गया।इस घटना में दुकान और भवन को नुकसान पहुंचा है। वहीं 20 वर्षीय ट्रेलर चालक आकाश कुमार बुरी तरह घायल हो गया। ट्रेलर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के कारण चालक वाहन में ही फंस गया था। घटना की सूचना मिलते ही हरिहरगंज थाना के एसआई सतीश कुमार गुप्ता,शशि शेखर पांडे, अजय कुमार सिंह, एएसआई मनोज दास पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर ट्रेलर के शीशा तोड़कर गैस कटर की मदद से चालक को बाहर निकाला। इसके बाद उसे हरिहरगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक डा अरविंद कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एमएमसीएच मेदनीनगर रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि चालक का बायां हाथ तथा दोनों पैरों में फ्रेक्चर है। घायल चालक की पहचान छतरपुर थाना अंतर्गत रुदवा गांव निवासी टीपू यादव के पुत्र रूप में हुई है। उधर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि संभावना है कि तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। जिससे यह हादसा हुआ है। वाहन से चालक को समय पर सहायता नहीं मिलती तो उसकी जान जा सकती थी। मामले की जांच जारी है। वहीं पीड़ित दुकानदारों ने घटना की जानकारी डालमियानगर निवासी मकान मालिक कमलेश कुमार सिंह को दे दिया है।

# अधिक से अधिक लोगों को भाजपा का सदस्य बनायें कार्यकर्ता : बीडी राम





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** सांसद विष्णु दयाल राम ने चैनपुर प्रखंड स्थित बाजार क्षेत्र में भाजपा के सदस्यता अभियान का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सांसद ने सैकड़ो लोगों को 8800002024 नम्बर पर मिस कॉल करवाते हुए उन्हें प्राथमिक सदस्य भी बनाया। उन्होंने भाजपा पार्टी से जुड़ने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि क्यों लोगों को इसकी प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा का सदस्यता महापर्व शुरू हो चुका है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में देश की प्रगति को और तेज रफ्तार देने के लिए हमें इस संगठन को और सशक्त और मजबूत बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकाधिक लोगों को न सिर्फ प्राथमिक सदस्य बनने हेतु आह्वान किया बल्कि उपस्थित सैकड़ों लोगों को इसकी सदस्यता भी ग्रहण करवाई। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी तो है ही साथ ही राजनीतिक दलों में अनूठी पार्टी भी है। कोई राजनीतिक दल लोकतांत्रिक तरीके से हर 6 साल में सदस्यता अभियान नहीं करता। भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जिस पर हमें गर्व है। उन्होंने सभी को प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करने के बाद कम से कम अन्य 50 लोगों को भी इस अभियान के तहत सदस्य बनाने का अनुरोध किया। कहा कि 50 से अधिक सदस्य बनाने वाले लोग सक्रिय प्राथमिक सदस्य के रूप मे जाने जायेंगे। बताते चले कि इस अभियान मे दस करोड़ से अधिक लोगों को संगठन कि सदस्यता ग्रहण करवाने का लक्ष्य है। मौके पर प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रमंडलीय प्रभारी विकास प्रीतम, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, महामंत्री ज्योति पाण्डेय,जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, ईश्वरी पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी शिव मिश्रा, शशिभूषण पाण्डेय, जय दुबे, जिला मंत्री धिरेन्द्र कुमार दुबे, जिला महामंत्री ज्योति पाण्डेय, बिजय ओझा, सांसद प्रतिनिधि भोला पाण्डेय, राघवेन्द्र कुमार तिवारी, मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पाण्डेय, मिना गुप्ता, जय दुबे, मनोज दास, बिनोद बैठा,मनीष पांडेय, रूपेश कमलापुरी, राजेन्द्र यादव सहित अन्य लोग सदस्यता अभियान में शामिल थे।

# झारखंड सरकार से काम कराना कठिन : सासंद

बालू के बिना विकास अधूरा : अरुणा शंकर

खास महाल लीज हेतु राज्य स्तरीय कमेटी बनेगी.. परेश गटानी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की एक विशेष बैठक रविवार को चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर की अध्यक्षता में झारखंड में व्यवसाईयों की सबसे बड़ी संस्था झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव कमिटी के साथ ज्योति प्रकाश महिला कॉलेज में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय सांसद बी डी राम जी थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मेदिनी नगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरूआत झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के माननीय अध्यक्ष परेश गटानी, सचिव आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, जॉइंट सेक्रेटरी विजयवर्गीय, नवजोत अलग, संथाल परगना से आए रीजनल प्रेसिडेंट संजय अग्रवाल, एस्कूटीव सदस्य साहित्य पवन, रोहित पोद्दार, अमित शर्मा, राम बांगर, संजय अखोरी, डॉ अभिषेक रामदीन, शैलेश अग्रवाल और प्रवीण लोहिया सभी लोगों को संस्था के सदस्यों, रीजनल वाइस प्रेसिडेंट रिंकू दुबे एवं चेंबर महिला विंग द्वारा तिलक करते हुए बुके देकर सम्मानित किया गया वहीं प्रथम महापौर ने सभी आए अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों को अंग वस्त्र देकर आने वाले नव वर्ष 2025 की शुभकामना दी। बैठक में मुख्य रूप से सदस्यों ने खास महल लीज के निदान हेतु झारखंड स्तरीय कमेटी बनाकर सरकार में बात रखने पर जोर दिया एवं नवल तुलाश्यान ने लीज नहीं होने के कारण हो रही समस्या पर प्रकाश डाला वही पलामू प्रमंडल मुख्यालय मैं सोलर युक्त एक नए औद्योगिक क्षेत्र की मांग रखी गई साथी माननीय सांसद बीडी राम जी से जल्द एयरपोर्ट बनवाकर हवाई सेवा शुरू कराने की बात भी रखी गई। प्रथम महापौर एवं दीपू सिंघानिया ने बालू से हो रहे समस्या पर प्रकाश डाली और कहा आज भी बालू चोरी हो रही और दूसरे राज्य में जा रहे सरकार इसका निदान निकाले और सस्ते दर पर बालू आम लोगों को उपलब्ध कराए जिससे विकास बाधित न हो। प्रथम महापौर ने कहा बालू की उपलब्धता का बहाना बनाकर आज संवेदक भी डस्ट से नाली, गली और कंस्ट्रक्शन का काम कर रहे जिससे कार्य की गुणवत्ता समाप्त हो रही इस मुद्दे को झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स राज्य स्तर पर उठाएं ताकि बालू आम लोगों को उपलब्ध हो सके यह पूरे राज्य के विकास से जुड़ा मामला है। बैठक में चेंबर एक्जिक्यूटिव सदस्य पुनीत सिंह द्वारा झारखंड चैंबर की सदस्यता हेतु लोगों का एप्लीकेशन दिया, जिसे सर्वसम्मति से झारखंड चैंबर की एग्जीक्यूटिव बैठक में सदस्यता प्रदान करते हुए पलामू प्रमंडल झारखंड का सबसे बड़ा सदस्यों वाला जिला बन गया। बैठक का संचालन इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया। बैठक में शहर एवं गढ़वा, लातेहार से व्यवसाई उपस्थित थे।

# लगातार आठ बार विरोधी को हराने का काम करेंगे : आलोक चौरसिया





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम किन्नी में सदस्यता अभियान सह आभार सभा व वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक का अध्यक्षता कर रहें क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने मौके पर कहा कि चुनाव समापन के बाद कार्यकर्ताओं को उत्साहित के साथ साथ धरातल पर कार्यकर्ताओं को कैसे मजबूत किया जाए जिसे लेकर समीक्षा बैठक की गईं हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार प्रसार के समय विरोधियों ने कई प्रकार के हथंडा अपनाते हुए हमारे सक्रिय कार्यकर्ताओं को दिग्भ्रमित कर हमसे अलग करने का काम विरोधियों ने किया था और कई प्रकार के वीडियो,ऑडियो वायरल कर हमे बदनाम करने का भरपूर प्रयास किया गया लेकिन मजबूत कार्यकर्ताओं के कारण चुनाव में विरोधियों को करारी हार का सामना करना पड़ा और क्षेत्र की जनता ने मुझे तीसरी बार विधायक चुना है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे पिता स्व अनिल चौरसिया को पूर्व विधासभा अध्यक्ष नामधारी ने तीन बार और त्रिपाठी के एक बार हराने का काम किया था जिसका जवाब में उनके पुत्र आलोक चौरसिया ने करारी शिकस्त देते हुए विरोधी को तीन बार हराने का काम किया है और आगे ऐसे ही पांच बार हराने का काम भाजपा कार्यकर्ताओं के बदौलत हम जरूर करेंगे। तीसरी बार भी कोर्ट से विरोधी को हार का मुंह देखना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार जनता से किये वादे को पूरा करने में विफल साबित हो रही है। सोरेन ने चुनाव के समय झारखंड की महिला से 11 दिसंबर को मईयां सम्मान योजना का 2500 रूपये खाता में भेजने की बात कही थी जो सबके सामने है। उन्होंने कहा कि किसानों को सरकार बनते ही राशि देने व ऋण माफ करने को कहा था। हेमंत सोरेन सरकार बालू की लूट की खुली छूट दे रखी है। आम लोगों को बालू नहीं मिल पा रहा है। बालु माफिया बालू का तस्करी कर मालामाल हो रहे हैं। मौके पर नये लोगों ने मिस्ड कॉल कर भाजपा के सदस्य बनें। उन्होंने कहा कि चुनाव में जो पुराने कार्यकर्ता बिछड़ गये हैं वे भी साथ होकर कार्य करेंगे। उन्हें पार्टी में स्वागत है। समूह के दीदियों को भी स्वागत व अभिनंदन किया गया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, श्यामनारायण दूबे, बिजयानंद पाठक, अविनाश वर्मा, उदय शुक्ला, अजय तिवारी, ज्योति पांडेय, अखिलेश तिवारी, शिव कुमार मिश्रा, बिपुल गुप्ता, पूर्व जिप सदस्य शैलू चंद्रवंशी, अमलेश चौरसिया, रामलव चौरसिया, भर्दुल सिंह, जिप सदस्य भंडरिया हिरवंती देवी व भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# भारतीय संस्कृति में शास्त्र के साथ साथ शस्त्र भी रखना अनिवार्य है : रंगनाथ

नावाबाजार के तुकबेरा में बजरंग दल ने किया त्रिशूल दीक्षा सह शौर्य सभा का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विहिप बजरंग दल द्वारा नावाबाजार प्रखण्ड क्षेत्र के तुकबेरा चनेया में जिला स्तरीय त्रिशूल दीक्षा सह शौर्य सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग दल के प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो, विहिप के प्रांतीय मार्गदर्शक मंडल के संयोजक कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप के जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने किया। संचालन जिला मंत्री दामोदर मिश्रा ने किया। जिला मंत्री ने बजरंग दल के स्थापना, उपलब्धियां और त्रिशूल दीक्षा के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अतिथि रंगनाथ महतो ने कहा कि भारतीय सभ्यता संस्कृति में शास्त्र के साथ साथ शस्त्र को भी रखना अनिवार्य बताते हुए कहा कि हम हिन्दू समाज कभी हिंसक नहीं होता है। परिस्थिति वश कभी कभी हिन्दू संहार करने का काम करते हैं। देश के हिन्दू तरूणाई ने बिना कोई हथियार बल्कि अपने नाखूनों से देश का कलंक रुपी बाबरी मस्जिद को खरोंच कर ढाहने का काम किया था। उन्होंने कहा कि गीता के अलावा किसी और शास्त्र की जयंती नहीं मनाई जाती, क्योंकि बाकी सभी शास्त्र किसी न किसी के द्वारा लिखा गया है। लेकिन गीता भगवान श्री कृष्ण के द्वारा दिया गया उपदेश है। हिंदुओं को जात पात से ऊपर उठ कर उन्होंने सभी को एकजुटता का संदेश दिया। विहिप प्रांत मार्ग दर्शक मंडल के संयोजक स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के बारे में बोलते हुए सभी हिंदुओ से एक जुट होने का अनुरोध किया। त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम में ध्वजा प्रणाम कर लगभग 500 बजरंगियों को संकल्प के साथ त्रिशूल दीक्षा दिलाया गया। त्रिशूल दीक्षा संपन्न होने के बाद बजरंग दल प्रार्थना के साथ कार्य संपन्न हुआ। इस मौके पर विहिप के विभाग सह मंत्री महेंद्रनाथ, विभाग संगठन मंत्री विजय यादव, सह मंत्री अमित तिवारी, संतोष यादव, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक सह बजरंग दल जिला सह संयोजक हिमांशु पांडेय, विद्यार्थी प्रमुख विवेक सिंह, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, प्रमुख पप्पू लाठ, रवि तिवारी, प्रमुख विकास कश्यप, सुरेश वर्मा, पारसनाथ दुबे, नंदलाल मिश्रा, संतोष सिंह सहित काफी संख्या में बजरंगी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान बजरंगियों के जयघोष से पूरा इलाका गुंजायमान हो रहा था।

# महिला की गोलीमार कर हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद हरिहर चौक देवरी रोड गैस गोदाम के समीप अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने एक महिला को सिर में गोली मार कर हत्या कर दिया। घटना के बाद महिला को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने अमृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद एसडीपीओ एस. मोहम्मद याकूब, हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव पहुंच घटना की छानबीन में जुट गए। पुलिस द्वारा सड़क पर बाइक सवार अपराधियो के धड़ पकड़ के लिए चेकनाका लगाया गया है। मृतिका का नाम पूजा कुमारी बताया जा रहा है। घटना 4 बजे शाम की हैं। घटना में मृतिका के बेटी ने अपराधियों की पहचान की हैं। इस घटना में लड़की की बॉयफ्रेंड के साथ एक हमलावर और साथ में था जो जपला देवरी रोड गैस गोदाम के समीप समोसा की दुकान पर नास्ता करने के बहाने फोन कर बुलाया। इसके बाद कुछ मामले को लेकर तू तू मैं हुआ। इसके बाद उसके बॉयफ्रेंड के साथी ने गोली मार दी। हमलावर छतरपुर थाना के रहने वाला बतया जा रहा हैं, फिलहाल मामले में क्या सच्चाई हैं पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही हैं। इधर घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद के विधायक संजय कुमार सिंह यादव अस्पताल पंहुचकर मामले में करवाई के लिए एसडीपीओ और थाना प्रभारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि हर हाल में मेरे क्षेत्र गुंडागर्दी नहीं चलेगी। पुलिस अपराधियों की सूची बनाकर जेल भेजने का काम करे। गोली चलन घटना में लोग देवरी जपला दंगवार रोड को जाम कर दिया हैं। विधायक संजय कुमार सिंह यादव, विनोद कुमार सिंह, शेर अली आदि ने पंहुच कर मामले में दोषियों को जल्द पकड़ने के लिए पुलिस पर दबाव बनाया और पीड़ित को ढांढस बंधाया। इधर, नर्तकी हत्याकांड में पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार किया। अन्य को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# डालटनगंज चेकिंग स्टाफ ने करीब एक करोड़ रुपये का राजस्व वसूली कर बनाया रिकॉर्ड



लक्ष्य हासिल करने में पूर्व सीआईटी बीएम पांडेय का रहा है अहम योगदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामूपूर्व मध्य रेलवे के डालटनगंज चेकिंग स्टाफ की ततपरता व अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण व निष्ठा के कारण ही वितीय वर्ष 2023-24 में 20984 बेटिकट यात्रियों से 97 लाख 56 हजार 992 रुपये राजस्व की वसूली कर धनबाद रेल मंडल में एक अलग स्थान स्थापित किया है। डालटनगंज रेलवे टिकट चेकिंग ऑर्गनाइजेशन न केवल राजस्व वसूली में अग्रणी भूमिका निभाता है बल्कि सामाजिक व धार्मिक कार्यों में भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने में भी पीछे नहीं रहता है। सामाजिक दायित्वों के तहत टीटीई ऑर्गनाइजेशन जाड़े के दिनों में स्टेशन परिसर में जहां गरीब व गाड़ी की इंतजार में जाड़े से ठिठुर रहे यात्रियों के लिए अलाव की व्यवस्था करता है वहीं गर्मी के दिनों में चिलचिलाती धूप से स्टेशन पहुंचे यात्रियों के लिए नीबू पानी का भी व्यवस्था कर उन यात्रियों को राहत दिलाने का कार्य करती है। इतना ही नहीं अगर कोई यात्री स्टेशन परिसर में अचानक बीमार पड़ गया उसे तत्काल हॉस्पिटल पहुंचा कर उसे मेडिकल एड दिलाने में भी पीछे नहीं रहता है। टीटीई आगेर्नाईजेशन के वरीय अधिकारी तत्कालीन सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया जाता रहा है। जिसके कारण ही राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्य को बड़े ही सरल तरीके से हासिल करने में सफलता मिली है। पांडेय बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। वे एशियन व कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए इंडिया टीम के कोच का दायित्व निभा चुके है। इतना ही नहीं वे एथलीट में विदेश से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है। जिससे खेल के क्षेत्र में भी उनका बड़ा योगदान हुआ करता है। उनके बहुमुखी प्रतिभा के कारण ही उन्हें जिले की शांति समिति में भी रखा गया है। टीटीई आगेर्नाईजेशन अपने कर्तव्यों के निर्वहन के साथ सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में भी अहम भूमिका निभाती है।

# जगत जननी मां शारदा जयंती का आयोजन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बंगीय दुर्गा बाड़ी स्थित श्रीरामकृष्ण मां शारदा मंदिर प्रांगण में जगत जननी मां शारदा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर अविर्भाव उत्सव मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष राजदेव उपाध्याय, पुरोहित देवी प्रसाद बनर्जी ने भगवान श्री रामकृष्ण जग जननी मां शारदा श्रीमद् स्वामी विवेकानंद आद्या शक्ति मां काली भगवान शिव की पूजा अर्चना व हवन पूजा कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। संस्था के सचिव व्यास मुनि त्रिपाठी द्वारा रामकृष्ण वचन अमृत का पाठ किया गया। जग जननी मां शारदा के अवतरण पर चर्चा करते हुए कहा गया कि जब जब भगवान का अवतार होता है तो उनकी आदि शक्ति भी साथ में आती है। इसी तरह भगवान श्रीरामकृष्ण के अवतरण के साथ मां शारदा का आगमन हुआ था। भगवान राम के साथ सीता, भगवान कृष्ण के साथ राधा एवं रूक्मणी, भगवान शिव के साथ माता पार्वती का आगमन हुआ। भगवान श्रीराम कृष्ण लीला प्रसंग को पूर्ण करने के लिए मां शारदा का इस धरा धाम पर आगमन हुआ। मां के जन्म समय से ही अनेक चमत्कार होते थे। मां जब स्नान करने तालाब में जाया करते तो सातों देवियां बालिका के रूप में मां को संरक्षण प्रदान करते हुए जब तक वह घर नहीं जाते तब तक साथ रहती। जब अपने पिता श्रीरामचंद्र चट्टोपाध्याय के साथ खेत में काम करने जाती सातों देवियां श्रृंखलाबद्ध होकर उन्हें सहयोग करती थी। बाद में ओझल हो जाती। भगवान श्री रामकृष्ण के साथ विवाह के उपरांत उनकी सभी साधनाओं में वे हमेशा सहायक हुआ करती। स्वयं भगवान श्रीरामकृष्ण मातृ रूप में स्वीकार करते हुए सोडषि पूजा कर सर्व देव देवी स्वरूपिणी के रूप में स्थापित किया। श्रीमद स्वामी विवेकानंद ऐसी मां के कृपा पत्र पर पूरे विश्व में मां के संदेश व सनातन की अच्छाईयों को पूरे विश्व को दर्पण के रूप में दिखाए। ऐसे मां के चरणों के आश्रम से भगवत दर्शन आत्मदर्शन एवं जगत का उद्धार संभव है। मां शारदा भागवत भगवान एवं भक्ति का समन्वय है। मातृ संगठन शांति भटाचार्य, नुपूर विश्वास द्वारा भजन कीर्तन व पुष्पांजलि आरती व प्रसाद वितरण के साथ भंडारा किया गया। मौके पर पर व्यासमुनी त्रिपाठी, समीर चटर्जी, रीसन विश्वास, ख्याती सिंह, दिलीप साहा, शीला दास गुप्ता, शांति भट्टाचार्य, केएस भट्टार्चा, सैकत चटर्जी, राकेश पाठक समेत कई लोग शामिल थे।

# ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी भी बेहतर प्रदर्शन कर नाम रौशन करें : आशीष

खिलाडियो के बीच बैट-बॉल का वितरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा तथा अजय उरांव ने रविवार को बोहिता पंचायत के लोहड़ी गांव में क्रिकेट खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए खिलाडियो के बीच बैट- बॉल का वितरण किया।

मौके पर आशीष सिन्हा ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में सफलता हासिल करने के लिए विगत पांच वर्षो से फुटबॉल और बैट- बॉल का वितरण करते आ रहा है ताकि गांव के खिलाड़ी भी एक दिन अच्छा खेल का प्रदर्शन कर राज्य और देश स्तर का खिलाड़ी बन सके। खेल में भी कैरियर है। पढाई के साथ साथ खेल भी जरूरी है।

वहीं अजय उरांव ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल जरूरी है। मौके पर विजय सिंह, रामनाथ पाठक, अजय मुंडा, खिलाड़ी नमन पाठक, अभिनव पाठक, हर्षित पाठक, प्रियांशु पाठक, कुंदन पाठक, पीयूष पाठक, हिमांशु पाठक, मयंक पाठक, अभय पाठक, चंदन पाठक, रंजीत पाठक, हर्ष पाठक, प्रशांत पाठक समेत कई लोग मौजूद थे।

सुप्रभात
सोमवार 23.12.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 242
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



# ठंड से ठिठुरते गरीबों को आधी रात डीसी ने ओढ़ाया कम्बल

**विशेष संवाददाता**

**धनबाद।** सड़क किनारे सोये-पड़े ठंड में ठिठुरते लोगों के तन पर आधी रात को कोई गरम कम्बल डाल दे तो उसे कैसी राहत महसूस होती होगी, अनुभव करने वाला गरीब गुरबा ही जानता होगा। शनिवार को आधी रात के वक्त उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्र के नेतृत्व में निकली अधिकारियों की टोली ने सैकड़ों गरीबों के देह पर कंबल डाल पुण्य कमाया । डीसी सुश्री मिश्रा ने शनिवार की देर रात

**कुष्ठ आश्रम सहित अन्य क्षेत्रों में किया कंबलों का वितरण**



करकेंद स्थित गांधीग्राम कुष्ठ आश्रम सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूम कर ठंड से बचाव के लिए जरुरतमंदों के बीच कंबलों का वितरण किया।सबसे पहले उपायुक्त ने गांधीग्राम कुष्ठ आश्रम में लगभग 200 से अधिक जरुरतमंदों के बीच कंबलों का वितरण किया। साथ ही आश्रम संचालक को ठंड से बचाव के लिए नियमित रूप से अलाव जलाने का निर्देश दिया।आश्रम संचालक ने एप्रोच रोड सहित अन्य समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने समस्या का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया।

इसके बाद उपायुक्त ने बैंक मोड़ बिरसा चौक, शक्ति पथ स्थित शक्ति मंदिर, पुलिस लाइन रोड सहित विभिन्न स्थान पर जरुरतमंदों के बीच कंबलों का वितरण किया। उनके साथ अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर, बैंक मोड़ थाना प्रभारी लव कुमार के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# लायंस क्लब का नि :शुल्क नेत्र जांच व आपरेशन शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** कतरास हटिया स्थित राजस्थानी धर्मशाला में रविवार को लायंस क्लब कतरास तथा एलसीआरएन खरकिया आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर लगाया गया। उद्घाटन क्लब के अध्यक्ष डॉ वी एन चौधरी, प्रशासक डॉ, उमाशंकर सिंह, खरकिया हॉस्पिटल के प्रमुख दिनेश अग्रवाल ने सयुक्त रूप से किया। लायन विवेक सिन्हा, रितेश कुमार दुबे, महेश अग्रवाल, विष्णु प्रसाद चौरसिया, डॉ



मधुमाला, अंजनी देवी, समीर जायसवाल, अचिन्ता कुमार बोस, सुरेश रजक, डॉ स्वतंत्र कुमार, संजय अग्रवाल सहित लायंस ग्क्लब कतरास के कई सदस्य सक्रिय भूमिका में रहे। करीब 209 मरीज का मुफ्त जांच किया गया। जिसमें 45 मरीज का मोतियाबिंद पाया गया। जिन्हें जांचों परांत मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए एलसीआरएन आई हॉस्पिटल चिरकुंडा भेजा जाएगा। एलसीआरएन खरकिया आई हॉस्पिटल के तरफ से डॉ सूर्यकांत, दिनेश अग्रवाल, निलांजन चंद्रा आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### नारायणपुर में भाजपा सदस्यता अभियान शुरू



**जामताड़ा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन महापर्व राष्ट्रीय सदस्यता अभियान सत्र 2024-30 का शुभारंभ रविवार को नारायणपुर मंडल में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सदस्यता अभियान के जिला संयोजक विनोद मंडल, जिला महामंत्री मितेश शाह, मंडल अध्यक्ष दीपक सिंह जिला सोशल मीडिया संयोजक आनंद पोद्दार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर काफी संख्या में महिला एवं पुरुष ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### श्री बालाजी धाम मंदिर में धर्म ध्वज स्थापित



**मैथन।** मैथन स्थित संजय चौक बाईपास में बने नवनिर्मित श्री बालाजी धाम मंदिर प्रांगण में रविवार को यज्ञ हेतु श्री गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी के नेतृत्व में धर्म ध्वज स्थापित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में मैथन के लोग मौजूद रहे, जो इस धर्म ध्वज स्थापना के मौके पर अपनी सहभागिता दिया। बता दें कि आगामी रामनवमी के अवसर पर मंदिर प्रांगण में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्री बालाजी का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जाएगा। इसी को लेकर आज धर्म ध्वज स्थापित किया गया। मौके पर अरविन्द सिंह, डॉ रामजी द्विवेदी, रूद्र प्रताप सिंह, अमन सिंह, सुरेश सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### मैथन में ई-साक्ष्य ऐप को लेकर कार्यशाला



**मैथन।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार को अनुमंडल कार्यालय मैथन में ई-साक्ष्य ऐप के संचालन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सभी थाना एवं ओपी प्रभारी एवं पुलिस निरीक्षक को ई-साक्ष्य ऐप के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस संबंध में एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने बताया कि सीसीटीएनएस एवं नए कानून बीएनएस के तहत जो कानून, फिर गवाहों के बयान घटनास्थल की सारी जानकारी, डिजिटल अपलोड ई-साक्ष्य ऐप में कैसे करना है, इसे लेकर जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिदिन होने वाली घटना, जांच, छानबीन सभी तरह की पुलिसिया कार्रवाई को अपलोड किया जाना है। इसे पुलिस विभाग को कार्य करने में काफी सहूलियत मिलेगी। मौके पर निरसा अनुमंडल क्षेत्र के सभी पुलिस

# पोतेया नदी पर 3.10 करोड़ की लागत से बनने वाले पुल का हुआ शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भूमिपूजन जमुआ विधायक डॉ मंजू कुमारी ने किया**

**गिरिडीह।** जमुआ विधान सभा क्षेत्र के चुंगलो पंचायत के ग्राम सिरसिया एवं भैयाडीह के बीच पोतैया नदी पर पुल निर्माण कार्य को लेकर रविवार को वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ जमुआ विधायक डॉ मंजू कुमारी ने भूमि पूजन किया और नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ समारोह पूर्वक किया गया।

मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना से 3तीन करोड़,10दस लाख की लागत से उक्त पुल की स्वीकृति मिली है। उक्त कार्य अखिलचंद कंस्ट्रक्शन को संविदा के आधार पर मिला है।उक्त पुल के निर्माण होने से चुंगलो और सिरसिया की दूरी घट जाएगी। इस पुल निर्माण



कार्य होने से कई गांव एवं प्रखंड से लेकर मुख्यमार्ग तक जोड़ने की काम करेगी। सिरसिया, नईटांडा, मुरखारी, भैयाडीह, पंचायत तारा, चुंगलो, बिरनी, झारखंड धाम, द्वारपहरी, बलैयडीह, शाली, धोथो, टीकोडीह गिरिडीह से जुड़ जाएगा। उक्त पुल की मांग काफी अरसे से ग्रामीण कर रहे थे।

भूमिपूजन कार्यक्रम समारोह पूर्वक किया गया। जिसमें जमुआ की विधायक डॉ मंजू कुमारी, स्थानीय मुखिया विकास मंडल, तारा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मनोज पंडा, बिशेश्वर पंडा, अनिल सिंह, नरेश पंडा झारखण्ड धाम मंडल अध्यक्ष गंगाधर वर्मा, मिथिलेश सिंह, पूर्व अध्यक्ष दशरथ वर्मा, वकील विश्वकर्मा, सुभाष पंडा, सुधीर पंडा, नागेश्वर सिंह, मुकेश मंडल, राजेंद्र पंडा, ऋषि पांडे, प्रकाश यादव, रामलखन यादव,शिवशंकर यादव, बैजनाथ मंडल, नारायण वर्मा नकुल साव, मोहन मंडल, नकुल रविदास, भीम राउत, महेन्द्र रविदास लखन मंडल, देवनन्दन शर्मा, चोवा मंडल इन्द्रनारायण सिंह, संजय पंडित, पप्पू पंडित लालो रविदास आदि मौजूद थे।

# राजनीतिक दलों ने किया पत्रकार पर हमले की निंदा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** गिरिडीह के पत्रकार अमरनाथ सिन्हा पर टोल कर्मियों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने के बाद पत्रकारों के साथ साथ राजनीतिक दलों के लोगों में भी आक्रोश व्याप्त है। घटना के तुरंत बाद जहां नगर विकास मंत्री सुदिव्य सोनू ने भुक्तभोगी पत्रकार अमरनाथ सिन्हा से सदर अस्पताल पहुंच कर मुलाकात किए। वहीं शनिवार की सुबह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भी पत्रकार अमरनाथ सिन्हा के घर पहुंचे और उन्होंने भी घटना को लेकर निंदा की। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन को भी आड़े हाथ लिया और प्रत्यक्ष दोषियों के साथ साथ अप्रत्यक्ष रूप से जो भी दोषी है उन पर भी कार्रवाई की मांग की। वहीं इनके अलावा बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय सिन्हा आदि ने भी पत्रकार अमरनाथ सिन्हा से मुलाकात कर घटना की कड़ी निंदा की। तथा सभी ने प्रशाशन से दोषियों के ऊपर सख्त कार्रवाई करने का मांग किया।

# प्रबंधन ने लड़ाओ और राज करो की नीति अपनाईः अरूप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र के गोपीनाथपुर कोलियरी में इंडी गठबंधन समर्पित निशा बेरोजगार संघर्ष समिति के बैनर तले नेताओं ने प्रेस वार्ता में कहा कि कंपनी को हठधर्मिता त्याग कर आगे बढ़कर वार्ता करनी चाहिए, ताकि सभी को समान रूप से मौका मिले। विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि प्रबंधन जानबूझकर कर ऐसी स्थिति पैदा कर दिया है, ताकि लोग आपस में लड़े और कम्पनी इसका फायदा उठाए। सात दिन पहले जब कंपनी को नोटिस दिया गया, तो क्यों नहीं संज्ञान लिया। इससे साफ जाहिर होता है कि कंपनी की यह मनसा थी कि लोग आपस में लड़-मरे। कहा कि घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी कंपनी द्वारा किसी तरह की पहल नहीं किया गया। कंपनी कुछ ठेकेदारों एवं एक



राष्ट्रीय पार्टी के इशारे पर काम कर रही है, जो निरसा में संभव नहीं है। कंपनी आगे बढ़कर आए और वार्ता करें। अन्यथा यहां काम करने नहीं दिया जाएगा। विधायक श्री चटर्जी ने कहा कि एक तो कंपनी अवैध रूप से कार्य कर रही है। इसे ना तो ईसीएल और ना ही डीजीएमएस द्वारा किसी तरह की स्वीकृति दी गई है। अगर ईसीएल चाहे तो आज इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर सकती है। हम लोगों ने ईसीएल को भी पत्र द्वारा 15 दिनों के अंदर मामले में हस्तक्षेप कर निपटने को कहा है। अगर ईसीएल कोई कार्रवाई नहीं करती है, तो हम लोग पूरे ईसीएल का चक्का जाम कर देंगे। झामुमो जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि हेमंत सरकार स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मगर कुछ पार्टियां उनके मनसूबों पर पानी फेरना चाहती है। जिसे हरगिज नहीं होने दिया जाएगा। इस पूरे मामले को लेकर मुख्यमंत्री के संज्ञान में दिया जाएगा। हमारी मांग है कि कंपनी स्थानीय लोगों को रोजगार दे।

# अभाविप का 25 वा प्रदेश स्तरीय अधिवेशन 3 को

## कार्यक्रम में शामिल होंगे राज्यपाल व सांसद मनोज तिवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश का 25 वाँ प्रदेश अधिवेशन आगामी 3 से 5 जनवरी को कोयला नगरी में आयोजित किया जायेगा। उद्घघाटन समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड राज्य के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार उपस्थित होंगे। साथ ही सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक व सांसद मनोज तिवारी एवं विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री सुश्री क्षमा शर्मा सम्मिलित होंगी।

अधिवेशन में राज्य के प्रत्येक जिले एवं शैक्षणिक संस्थानों से 1000 छात्र, छात्राएं, शिक्षाविद एवं प्राध्यापक कार्यकर्ता सहभागी होने धनबाद पहुंचेंगे। इस अधिवेशन के निमित्त गोविंदपुर में स्थित के. के. पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में एक अस्थायी नगर क्रांति सूर्य बिरसा मुंडा के नाम पर बसाया जाएगा। जहां पर उद्घघाटन समारोह के साथ साथ संस्कृतिक कार्यक्रम, प्रस्ताव सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# हीरापुर में श्री श्याम वार्षिक महोत्सव आज



**धनबाद।** श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा के तत्वाधान में 23 दिसंबर को हीरापुर चिल्ड्रेन पार्क में द्वितीय श्रीश्याम वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस महोत्सव में श्याम बाबा का फूलों से भव्य दरबार सजेगा, इत्र वर्षा के साथ छप्पन भोग चढ़ाया जायेगा। इसके साथ ही मशहूर भजन गायक राज पारिख, रेशमी शर्मा एवं स्थानीय भजन गायक विवेक अग्रवाल अपनी प्रस्तुती देंगे। उक्त जानकारी रविवार को चिल्ड्रेन पार्क में पत्रकारवार्ता आयोजित कर समिति के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि पंडाल में पांच हजार भक्तों के बैठने की जगह बनायी गई है।

# टासरा प्रोजेक्ट का पुनः सर्वे सहित 8 सूत्री मॉंगपत्र विधायक को सौंपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** सेल चासनाला की महत्वाकांक्षी परियोजना टासरा प्रोजेक्ट में भूमि का सिविल सर्वे पुनः कराने को लेकर ग्रामीणों ने 8 सूत्री मॉंगपत्र सिंदरी विधायक को सौंपा है। इसकी जानकारी देते हुए भाकपा माले नेता बिरजू सिंह ने आर्य समाज परिषद में रविवार को ग्रामीणों की बैठक के बाद प्रेसवार्ता कर दी।

उन्होंने बताया कि सेल चासनाला के संवेदक केटीएमपीएल कंपनी द्वारा भूमि का



सिविल सर्वे कराया गया था। वह न्यायसंगत नहीं है। इसे पुनः कराया जाए। आठ सूत्री मॉंगपत्र में प्रोजेक्ट में हैवी ब्लास्टिंग बंद करने, कोयला भंडारण को चहारदीवारी के अंदर करने, प्रभावित क्षेत्रों के 18 वर्ष के युवाओं को नियोजन, पहले चरण के 50 प्रतिशत विस्थापितों को पुनर्वास शामिल है। आसनबनी में नवनिर्मित मकान का विधिपूर्वक सर्वे व सरकार द्वारा आर एन आर पॉलिसी के तहत निर्धारित सुविधाएं और पहले चरण के 19 एकड़ 94 डिसमिल जमीन का पुनः जाँच भी शामिल है। प्रेसवार्ता में प्रोजेक्ट के गैर रैयत निवासी ने बताया कि केटीएमपीएल कंपनी पहले एक लाख रुपए की रकम के लिए भू अर्जन कार्यालय धनबाद भेजती है। उसके बाद सेल और केटीएमपीएल के अधिकारियों से ग्रामीणों के बीच सौदा करवाती है। ग्रामीणों ने कहा कि सेल और उसकी संवेदक कंपनी केटीएमपीएल ग्रामीणों के साथ भेदभाव की नियत अपना रही है। मौके पर भाकपा माले नेता बिरजू सिंह ने कहा कि कंपनी त्वरित कार्यवाही नहीं करती है तो ग्रामीणों को गोलबंद कर जोरदार आंदोलन किया जाएगा। सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि मॉंगपत्र पर चर्चा हुई है। भू अर्जन पदाधिकारी से संपर्क कर जानकारी ली जाएगी।

बैठक में बिरजू सिंह, जितेंद्र सिंह, सूरज दुबे, अभय सिंह, विशाल राणा, भाले सिंह, दिपक सिंह, संजय प्रसाद, राजकिशोर सिंह, ममता गोप, पुतुल देवी, सुनिता देवी, प्रभा कुमारी, मीना देवी, ज्योत्स्ना देवी, आशा देवी सहित कई ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## एक नजर में

### खानुडीह में आर ओ बी की स्वीकृति

**कतरास।** खानुडीह स्टेशन के पूर्वी केबिन के रेल गेट पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण का रास्ता साफ हो गया। इसके एस्टीमेट को स्वीकृति मिल गयी है और अब टेंडर की प्रक्रिया भी आरम्भ हो गयी। दो से तीन महीने मेँ टेंडर फाइनल हो जाने की उम्मीद है। उक्त जानकारी सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के आद्रा रेल मंडल के सांसद प्रतिनिधि विजय शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, सांसद ढुललु महतो व विद्यायक शत्रुघ्न महतो के प्रयास से आरओबी निर्माण की स्वीकृति मिल पायी।

### आंगनबाड़ी सेविका के साथ बैठक

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड सभागार में शनिवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक मे बीडीओ मुरली यादव, कौशल विकास योजना के दुमका जॉन के सेंटर मैनेजर सुमन भारती, आईटी ट्रेनर बप्पा चौधरी, और विनिका श्रेया मुख्य रूप से मौजूद थे। सेंटर मैनेजर ने बताया की पहले यह त्रेमासिक नि :शुल्क प्रशिक्षण राँची मे होता था लेकिन अब यह लड़कियों के लिए दुमका मे होगा। स्विंगमशीनऑपरेटर, ब्यूटीसियन, कंप्यूटर ट्रेनिंग, स्पोकन इंलिश आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान रहना एवं खाना नि :शुल्क है। यह सरकार की महत्वपूर्ण पहल है इससे रोजगार के अवसर मिलेंगे।

### पेसा एक्ट को लेकर 24 को करें ग्राम सभाः बीडीओ

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव की अध्यक्षता में पंचायत सचिव के साथ पेसा एक्ट की ग्राम सभा करने को लेकर पंचायत सचिव के साथ बैठक हुई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी पंचायत सचिव को 24 दिसंबर को पंचायत भवन में ग्राम सभा करने का निर्देश दिया, साथ ही कहा कि ग्राम सभा में बुद्धिजीवी, ग्राम प्रधान, गणमान्य व्यक्ति एवं प्रतिनिधियों को बुलाकर ग्राम सभा करना सुनिश्चित करें।

### रेल की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के रेलवे फाटक के पास भागा आद्रा सवारी गाड़ी के चपेट में आकर एक वृद्ध राज किशोर की मौत हो गई है। घटना की खबर मिलने के बाद आसपास के सैकड़ों लोग रेलवे ट्रैक पर आकर अज्ञात वयक्ति की पहचान करने में लगे थे। घटना के बाद जोड़ापोखर और जीआरपी पुलिस पहुची।

### डीएवी का छात्र लापता



**कुमारधुबी।** आसनसोल हाटन रोड राजडंगाल में रहने वाले गौरव राउत 14 वर्ष पिता उपेंद्र राउत जो डीएवी का छात्र है। 11 तारीख बुधवार को दोपहर 2:00 बजे से लापता है। गौरव राउत सफेद रंग का टीशर्ट और काला रंग का जींस पहना हुआ है। गुमशुदगी की शिकायत आसनसोल साउथ थाना में दे दी गई है।

### चिरकुंडा में अमित शाह का पुतला दहन

कुमारधुबी। रविवार की शाम चिरकुंडा शहीद चौक पर इंडिया गठबंधन के नेताओ ने अमित शाह का पुतला दहन किया। अमित शाह मुदार्बाद संविधान पर हमला बंद करो के नारे भी लगाए गए। इस दौरान नेता ने बताया कि पूरा देश मे इंडिया गठबंधन के द्वारा प्रतिवाद दिवस मनाया जा रहा है।

### जिला पर्यटन सवर्धन परिषद शासी निकाय की बैठक

**गिरिडीह।** उप विकास आयुक्त स्मिता कुमारी की अध्यक्षता में जिला पर्यटन सवर्धन परिषद की शासी निकाय की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप जिले के सभी पर्यटक स्थलों में निर्मित परिसम्पतियों का संचालन सम्बन्धी निर्णय, पारसनाथ महोत्सव, बाहा पर्व महोत्सव का प्रस्ताव राज्य पर्यटन संवर्धन समिति को उपलब्ध कराना एवं सभी पर्यटक स्थलों में आवश्यक पर्यटकीय विकास एवं झारखण्ड धाम में पुलिस पिकेट का अधिष्ठान करने का निर्णय लिया गया।

### अपराधियों के हमले में एक जख्मी

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कबरीबाद माइंस के पास अज्ञात अपराधियों ने एक व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घायल व्यक्ति की पहचान दामोदर गोप के रूप में की गई है। आनन-फानन में परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां उनका इलाज चल रहा है।

### राशन दुकान की दीवार काट 3 लाख की चोरी

**मैथन।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के पंचेत रोड स्थित मनोज अग्रवाल के राशन दुकान में चोरों ने शनिवार की रात पीछे की दीवार काट कर गल्ला से 3 लाख रुपए नगद की चोरी कर लिया है। इस संबंध में दुकान मालिक मनोज अग्रवाल ने चिरकुंडा थाना में शिकायत दर्ज की है। दुकान मालिक मनोज अग्रवाल ने बताया कि शनिवार की रात करीब 8 बजे दुकान बंद कर वे नेहरू रोड स्थित अपने घर चले गए थे। रविवार सुबह जब दुकान आकर खोला, तो देखा कि चोरों ने दुकान के पीछे का दीवार व एडबेस्टर तोड़ दिया है। जब वे दुकान के अंदर प्रवेश किया, तो देखा कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा के केबल को काट दिया गया है। वही पड़ोस में स्थित लाइफ लाइन मेडिकल में लगे सीसीटीवी कैमरा के तार को भी काट दिया गया है। जिसके बाद घटना को अंजाम दिया गया है। भुक्तभोगी दुकानदार ने बताया कि चोरों द्वारा दुकान से कोई समान नहीं ले जाया गया है, बल्कि दो गल्ले को तोड़कर उसमें रखें 3 लाख रुपए नगद चोरों द्वारा चोरी किया गया है। सूचना मिलते ही चिरकुंडा थाना के एसआई निरंजन सिंह घटनास्थल पर पहुचे और दुकान मालिक से घटना की जानकारी ली। पुलिस मामले की छानबीन में पुलिस जुट गई है।

# कम होती गरिमा

शीतकालीन सत्र के दौरान हुए हंगामे ने देश के आम जनमानस को गहरे तक निराश ही किया। सड़क पर सांसदों की धक्का-मुक्की और आरोप-प्रत्यारोपों ने उन मतदाताओं को ठेस पहुंचायी, जिन्होंने उन्हें अपने प्रतिनिधि के रूप में चुना था। आरोप-प्रत्यारोप तो सांसदों की पुरानी परंपरा रही है, लेकिन इस बार तो बात धक्का-मुक्की से लेकर थाने तक जा पहुंची। ऐसे में सवाल किया जा सकता है कि जब हमारे माननीयों का व्यवहार ऐसा होगा तो आम आदमी से क्या उम्मीद की जा सकती है। दरअसल, महाराष्ट्र चुनाव में करारी शिकस्त से पस्त विपक्ष सरकार पर हमले के लिये मुद्दे की तलाश में था। उन्हें मुद्दा खुद गृहमंत्री अमित शाह ने दे दिया। संविधान के रचयिताओं में अग्रणी डॉ. बी.आर. अंबेडकर के बारे में शाह की टिप्पणी के बाद एनडीए और इंडिया गठबंधन के सांसदों के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला कालांतर टकराव में बदल गया। निश्चय ही राजनेताओं के व्यवहार से देश-विदेश में कोई अच्छा संदेश नहीं गया। जिन सांसदों के हाथ में कानून की गरिमा बनाये रखने की जिम्मेदारी है, वे हाथ ही धक्का-मुक्की में लिप्त होने लगे। जो जनप्रतिनिधियों की कथनी-करनी के अंतर को ही दशार्ता है। सही मायनों में यह मतदाताओं का भी अपमान है जिन्होंने उन्हें चुनकर संसद में भेजा है। निस्संदेह, जब अमित शाह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का नाम जपना एक फैशन बन गया तो ऐसा करके उन्होंने अपना कद कदापि नहीं बढ़ाया। इस तरह उन्होंने संविधान के जनक को एक अनावश्यक विवाद में घसीट लिया। महाराष्ट्र चुनाव में पराजय के बाद खस्ता हाल में आये विपक्ष को इस विवाद ने राजग पर एकजुट हो हमलावर होने का अवसर दे दिया है। विपक्ष ने भी मुद्दे को तुरंत लपक लिया। सभी प्रमुख पार्टियां अंबेडकर की विरासत पर कब्जा करने को खेल, खेल रही हैं।

## कार्टून वर्ल्ड






मेष : बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

कर्क : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

सिंह : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

तुला : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

धनु : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

मकर : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

कुंभ : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

मीन : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

# उनके जैसा तबला वादक फिर कभी नहीं होगा

स्मृति शेषः उस्ताद जाकिर हुसैन





-डॉ. आर.के. सिन्हा

> उस्ताद जाकिर हुसैन और पंडित शिवकुमार शर्मा की जुगलबंदी भारतीय शास्त्रीय संगीत के इतिहास में अद्भुत और अद्वितीय परिघटना थी। दोनों अपने-अपने वाद्य यंत्र के महारथी थे। जब ये दोनों मंच पर एक साथ आते तो ऐसा जादुई माहौल बन जाता था जो श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देता था। जाकिर हुसैन की तबले की थाप और शिवकुमार शर्मा के संतूर की मधुर ध्वनियाँ लयबद्ध मिश्रण बनाती थीं कि समां बंध जाता था।

उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन से सारा देश और दुनिया भर में रहने वाले उनके प्रशंसक उदास हैं। कल ही अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के सान फ्रांसिस्को शहर के कब्रिस्तान में उनके पार्थिव शरीर को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। विश्व भर के सैकड़ों प्रशंसक भरे मन से उस्ताद को मिट्टी देने पहुँचे। उनके प्रशंसकों का तो यही कहना है कि उनके जैसा तबला वादक फिर कभी नहीं होगा। यह तो भविष्य बताएगा। परंतु, अब उस्ताद जाकिर हुसैन, पंडित शिव कुमार शर्मा और पंडित हरि प्रसाद चौरसिया की जुगलबंदियां लोगों को बार-बार याद आएगी। मैं अपने युवावस्था में पटना के गर्दनीबाग मैदान में दशकों तक हर वर्ष दुगार्पूजा के अवसर पर इन महान कलाकारों के आयोजनकताओं में एक रहा हूँ। इन सभी के संघर्ष के दिनों को काफी करीब से देखा है।

उनके जैसा तबला वादक फिर कभी नहीं होगा- यह कहना सही नहीं होगा। संगीत ऐसी चीज है, जिसकी विकास यात्रा अनवरत जारी रहती है। हो सकता है भविष्य में कोई ऐसा तबला वादक आए जो अपनी प्रतिभा और मेहनत से जाकिर हुसैन की याद दिला दे। लेकिन, अभी के लिए, यह कहना सही ही है कि उस्ताद जाकिर हुसैन जैसा तबला वादक दोबारा पैदा होना मुश्किल है। वे अद्वितीय और महान कलाकार थे।

उस्ताद जाकिर हुसैन, पंडित शिव कुमार शर्मा और पंडित हरि प्रसाद चौरसिया की जुगलबंदियां कमाल की होती थीं। इन दिग्गजों का साथ-साथ मंच पर आना ही अपने आप में अद्भुत अनुभव होता था। उस्ताद जाकिर हुसैन तबले के उस्ताद थे और उनकी लयकारी का मुकाबला नहीं था। पंडित शिव कुमार शर्मा संतूर बजाते थे, जो एक मधुर और अद्वितीय वाद्य है। पंडित हरिप्रसाद चौरसिया बांसुरी के जादूगर हैं और उनकी बांसुरी की धुनें मन मोह लेती हैं। जब ये मंच पर आते तो लय, ताल और मधुरता का अद्भुत संगम होता था। इन कलाकारों के बीच जबर्दस्त सामंजस्य था। वे एक-दूसरे की कला का सम्मान करते और एक-दूसरे के साथ संवाद करते हुए संगीत बनाते। उनकी जुगलबंदी सिर्फ एक साथ बजाना मात्र नहीं थी बल्कि एक-दूसरे के साथ संगीत की महान यात्रा में शामिल होने जैसा था। इनकी जुगलबंदियों में भावनात्मक गहराई भी थी। वे संगीत के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त करते थे और श्रोता भी उनसे जुड़ जाते थे। इसमें खुशी, गम, प्यार और शांति जैसे भावों का अनुभव होता था। तीनों कलाकारों की जुगलबंदियां भारतीय शास्त्रीय संगीत की अनमोल विरासत के रूप में याद रखी जाएंगी। उन्होंने दुनिया भर में भारतीय संगीत को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मेरा मानना है कि उस्ताद जाकिर हुसैन और पंडित शिवकुमार शर्मा की जुगलबंदी भारतीय शास्त्रीय संगीत के इतिहास में अद्भुत और अद्वितीय परिघटना थी। दोनों अपने-अपने वाद्य यंत्र के महारथी थे। जब ये दोनों मंच पर एक साथ आते तो ऐसा जादुई माहौल बन जाता था जो श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देता था। जाकिर हुसैन की तबले की थाप और शिवकुमार शर्मा के संतूर की मधुर ध्वनियाँ एक साथ मिलकर ऐसा लयबद्ध मिश्रण बनाती थीं कि समां बंध जाता था। दोनों दिग्गज एक-दूसरे की लय को अच्छी तरह समझते भी थे और उसके साथ तालमेल बिठाते हुए इस साझा संगीत को नई ऊंचाइयों पर ले जाते थे। उनकी जुगलबंदी केवल संगीत नहीं बल्कि आत्मिक संवाद थी। ऐसा लगता था जैसे दोनों कलाकार अपने वाद्य यंत्रों के माध्यम से एक-दूसरे से बातें कर रहे हों। वे अपने संगीत के माध्यम से श्रोताओं को अलग भावनात्मक या यूँ कहें कि आध्यात्मिक दुनिया में ले जाते थे।

पंजाब घराने से संबंध रखने वाले जाकिर हुसैन अपनी जटिल और बारीक लयकारी के लिए जाने जाते थे। लय और ताल पर गजब की पकड़ थी। वे मुश्किल से मुश्किल तालों को आसानी से बजा लेते थे। तबला बजाते समय नए-नए प्रयोग करते, जिससे उनकी प्रस्तुति हमेशा ताजा और दिलचस्प लगती थी। जाकिर हुसैन के तबले की धुन में अलग भावना होती थी, जो सुनने वाले को छू जाती थी। जाकिर हुसैन ने तबला वादन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। उन्होंने दुनिया भर के कई कलाकारों के साथ काम किया और तबले को वैश्विक वाद्य यंत्र बनाया।

मैंने जाकिर हुसैन के कार्यक्रमों को दिल्ली और पटना में अनेकों बार निकटता से देखा है। वे हर बार छा जाते थे। उनके तबले से निकलने वाली हर ध्वनि स्पष्ट और सटीक होती थी। वे तबले के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग तरह की आवाजें निकालने में माहिर थे। उनकी उंगलियां तबले पर इतनी तेजी से चलती थीं कि देखने वाले हैरान रह जाते। वे अपनी अंगुलियों से विभिन्न तरह के बोल और लय बजाते। वह तबले के साथ संवाद करते हुए महसूस होते। इस तरह लगता था कि मानों उनकी उंगलियां तबले से जैसे कोई कहानी कह रही हों।

जाकिर हुसैन शिखर पर अपनी कड़ी मेहनत के बल पर पहुंचे थे। वे अंत तक हर दिन रियाज करते, जिससे उनकी कला का निखार बना रहे। उन्होंने अलग-अलग संगीत शैलियों में काम किया, जिससे उनका संगीत और भी समृद्ध हुआ। दुनिया भर के कई प्रसिद्ध संगीतकारों के साथ काम किया।

विभिन्न संस्कृतियों के संगीत को मिलाकर नया रूप दिया। वे भारतीय संगीत के राजदूत थे। उन्होंने पूरी दुनिया में भारतीय संगीत को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इतने बड़े कलाकार होने के बावजूद जाकिर हुसैन बहुत सरल और विनम्र स्वभाव के थे। हमेशा दूसरों का सम्मान करते। इससे उनके प्रति सम्मान का भाव और बढ़ जाता था। वह युवा संगीतकारों के लिए प्रेरणा थे। उनसे सीख कर कई युवा तबला वादक आज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### आतंकवाद की चुनौती

**घाटी** में नई सरकार के सामने आतंकवाद की बड़ी चुनौती उभरी है। पहले कश्मीरी पंडितों को लक्षित हिंसा का शिकार बनाया जाता रहा, लेकिन इस बार आतंकवाद की घटनाएं मजदूरों और कर्मचारियों पर केंद्रित रही हैं। ये हिंसा की घटनाएं केंद्र सरकार के शांति प्रयासों पर पानी फेर सकती हैं। पहले भी घाटी में भाड़े के आतंकी कहर बरपा चुके हैं।

**- अमृतलाल रांची**

### सतर्क भी रहें

**भारत** और चीन के बीच हाल ही में हुए समझौते के तहत दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा से अपने सैनिकों को पीछे हटाने का निर्णय लिया है। भारत को इस पर सतर्क रहना चाहिए। चीन के प्रति नरम रुख अपनाने के बजाय, भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नागरिकों को चीनी सामान की निर्भरता कम करके आर्थिक लड़ाई में योगदान देना होगा।

**- राजेश चौहान, कोडरमा**

## ट्वीट

**झारखंडियों** के हक में इस बकाया राशि का एक-एक रुपये का विस्तृत ब्रेकअप केंद्र सरकार को कई बार दिया जा चुका है - फिर भी भाजपा सरकार द्वारा इसे लगातार नकारना हमारे अधिकारों पर किया जाने वाला एक कुंठित प्रयास है। हम इसे होने नहीं देंगे।

झारखंड भाजपा अगर इस मुद्दे पर हम झारखंडियों के साथ अपनी आवाज बुलंद नहीं करती है तो यह साफ माना जाएगा की वे इस हकमारी में उनकी बराबर की सहभागिता है।

**- हेमंत सोरेन सीएम**

2016 से लेकर अब तक केन्द्र सरकार ने 4 लाख से ज्यादा एसटी/एससी /ओबीसी बैकलॉग पद भरकर सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक पहल की।

**- गौरव वल्लभ, अर्थशास्त्री**

# मनु की रचना नहीं उनकी स्मृति में लिखी गई कृति है मनुस्मृति

## धर्म ग्रंथ

**हृदयनारायण दीक्षित**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मनुस्मृति लेकर सदन में गए। मनुस्मृति के हवाले से तमाम छोटी बातें की। वे इतिहास बोध से नहीं जुड़ते। आखिरकार इन मनु का परिचय क्या है? ऋग्वेद वाले मनु या शतपथ ब्राह्मण वाले मनु? हम मनुष्य हैं। मनुष्य का अर्थ है मनु के या मनु का। मानव का अर्थ भी यही है-मनोः अपत्याम मानवः। संस्कृत विद्वान डॉ. सूर्यकान्त बाली ने ऐसे तमाम उद्धरण देकर मनुज को मनु की सन्तान बताया है। मनुज, मनुष्य या मानव मनु के विस्तार हैं। कालगणना की बड़ी इकाई है मन्वन्तर। इसके पहले छोटी इकाई है युग। सत्युग, त्रेता, द्वापर और कलयुग चार युगों को जोड़कर महायुग बनता है। 31 महायुग का जोड़ मन्वन्तर है। हरेक मन्वन्तर में एक मनु हैं। मन्वन्तर दो मनुओं के बीच का अन्तर काल है। अब तक अनेक मनु हो चुके हैं। एक मनु ऋग्वेद में हैं। ऋग्वेद के ऋषि ने मनु को पिता कहा है। हरेक मंगल कार्य में आगे-आगे चलते हैं। शतपथ ब्राह्मण में वर्णित मनु जलप्रलय में वे मछली की सहायता से अकेले ही बच निकले थे। मनु ने ही सृष्टि बीजों की रक्षा की थी। अथर्ववेद वाले मनु भी ऐसे ही हैं और मत्स्य पुराण वाले मनु भी। जयशंकर प्रसाद की कामायनी में भी इन्हीं मनु का वर्णन है।

भारतीय काव्य, पुराण और वैदिक मन्त्रों में विस्तृत मनु हमारी राष्ट्रीय स्मृति के रहस्यपूर्ण प्रतीक हैं। मनु की स्मृति में लगभग 2000 वर्ष पहले एक ग्रन्थ रचा गया मनुस्मृति। मनुस्मृति की भाषा वैदिक संस्कृत छन्दस में नहीं है। मनुस्मृति के श्लोक व्याकरण के अनुशासन में हैं। व्याकरण का अनुशासन पाणिनि ने तय किया। मनुस्मृति की संस्कृत ऋग्वेद-अथर्ववेद के बाद की है। श्लोकों की रचना में भाषा का आधुनिक प्रवाह है। 2000 वर्ष पहले का इतिहास बहुत प्राचीन नहीं है। इसके 500 बरस पहले बुद्ध हैं।

मनुस्मृति मनु की रचना नहीं है। यह मनु की स्मृति में लिखी गई किसी अन्य विद्वान की कृति है। वैसी ही जैसी गांधीजी की स्मृति में लिखी कोई पुस्तक है। गांधी का लिखा साहित्य उपलब्ध है इसलिए हम गांधीजी की स्मृति में लिखे गए ग्रन्थों व गांधी द्वारा लिखे गए साहित्य में फर्क कर लेते हैं। मनु ने स्वयं कोई पुस्तक लिखी नहीं।

ऋग्वेद में मनु सम्बन्धी विवरण ऋषियों के हैं। शतपथ ब्राह्मण या पुराणों के मनु विषयक उल्लेख अन्य रचनाकारों के हैं। जल प्रलय कवि कल्पना या छोटी घटना नहीं थी। इसका उल्लेख बाईबिल में है, कुरान में भी है। चीन की कथाओं में है। यूनान के भी कथा सूत्रों में है। जल प्रलय में अकेले बचे मनु ने कोई ग्रन्थ लिखा नहीं। वे मनुस्मृति के लेखक नहीं हैं। मनुस्मृति के कतिपय अंश वर्ण विभेदक हैं। इसी आधार पर मनुस्मृति की निन्दा होती है। इसी किताब को लेकर मनु को गालियाँ दी जाती हैं। मनु पर जाति व्यवस्था को जन्म देने के आरोप लगाए जाते हैं। बेचारे मनु इस आरोप का उत्तर या स्पष्टीकरण देने के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

मूलभूत प्रश्न है कि क्या कोई भी एक व्यक्ति वृहत्तर भारतीय समाज को जाति-पांति में विभाजित करने की शक्ति से लैस हो सकता है? क्या समाज उसके आदेशानुसार जातियों में बँट जाने को तैयार था? क्या उसके आदेशों के सामने पूरा समाज विवश था? वह मनु हों या कोई भी शक्तिशाली सम्राट? क्या एक व्यक्ति ऐसा कार्य करने में सक्षम हो सकता था? क्या शक्तिसम्पन्न तानाशाह, राजा या बादशाह ऐसी व्यवस्था लागू करने में सक्षम हैं? ऐसे प्रश्नों का उत्तर है, नहीं। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने जाति के जन्म और विकास पर गहन विवेचन विश्लेषण किया था। उन्होंने कोलम्बिया विश्वविद्यालय न्यूयार्क में 9 मई 1916 के दिन एक लिखित भाषण दिया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने 1993 में डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर लेख व भाषण (खंड 1) प्रकाशित किया था। इस पुस्तक में न्यूयार्क वाला भाषण संकलित है।

सम्पादक मण्डल ने भूमिका (पृष्ठ 14) में भारत में जातियाँह्य शीर्षक देकर लिखा है, डॉ. अम्बेडकर के अनुसार भारतीय प्रायद्वीप के एक छोर से दूसरे छोर तक लोगों को सांस्कृतिक एकता ही एक सूत्र में बाँधती है।

जातियों के सम्बन्ध में विद्वानों के मतों का मूल्यांकन करने के बाद डॉक्टर अम्बेडकर का कथन है कि बहिर्विवाह के ऊपर अन्तर्विवाह का अध्यारोपण ही जाति-समूह बनने का मुख्य कारण है। डॉ. अम्बेडकर के अनुसार, समाज के छोटे-छोटे भाग बनना एक प्राकृतिक प्रक्रिया या घटना है। इन्हीं छोटे भागों या समुदायों ने बहिष्करण व अनुकरण द्वारा विभिन्न जातियों का रूप ले लिया।

# श्रीनिवास रामानुजन : संख्याओं के जादूगर

## गणित दिवस

**राष्ट्रीय गणित दिवस (22 दिसम्बर) पर विशेष**

**- योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को भारत में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है, जो देश के महान गणितज्ञों में से एक श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में उनके जन्मदिवस पर मनाया जाता है। करीब एक दशक पहले चेन्नई में रामानुजन की 125वीं जयंती समारोह में गणित में उनके अविस्मरणीय योगदान को याद कर उन्हें सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को ह्यराष्ट्रीय गणित दिवसह्न मनाए जाने का निर्णय लिया गया था।

मद्रास से करीब चार सौ किलोमीटर दूर तमिलनाडु के ईरोड शहर में 22 दिसम्बर 1887 को जन्मे श्रीनिवास अयंगर रामानुजन का बचपन कठिनाइयों और निर्धनता के दौर में बीता। तीन वर्ष की आयु तक वह बोलना भी नहीं सीख पाए थे और तब परिवार के लोगों को चिंता होने लगी थी कि कहीं वह गूंगे न हों लेकिन कौन जानता था कि यही बालक गणित के क्षेत्र में इतना महान कार्य करेगा कि सदियों तक दुनिया उन्हें आदर-सम्मान के साथ याद रखेगी। उन्हें गणित में इतनी दिलचस्पी थी कि गणित में उन्हें प्रायः सौ फीसदी अंक मिलते थे लेकिन बाकी विषयों में बामुश्किल ही परीक्षा उत्तीर्ण कर पाते थे क्योंकि गणित के अलावा उनका मन दूसरे विषयों में नहीं लगता था। उन्होंने कभी गणित में किसी तरह का प्रशिक्षण नहीं लिया था।

उनका गणित प्रेम इतना बढ़ गया था कि उन्होंने दूसरे विषयों पर ध्यान देना ही छोड़ दिया था। दूसरे विषयों की कक्षाओं में भी वे गणित के ही प्रश्न हल किया करते थे। नतीजा यह हुआ कि 11वीं कक्षा की परीक्षा में वे गणित के अलावा दूसरे सभी विषयों में अनुत्तीर्ण हो गए और इस कारण उन्हें मिलने वाली छात्रवृत्ति बंद हो गई। परिवार की आर्थिक हालत पहले ही ठीक नहीं थी इसलिए परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी करने के लिए उन्होंने गणितज्ञ रामास्वामी अय्यर के सहयोग से मद्रास पोर्ट ट्रस्ट में क्लर्क की नौकरी करनी शुरू की। नौकरी के दौरान भी वे समय मिलते ही खाली पन्नों पर गणित के प्रश्नों को हल करने लग जाया करते थे।

एक दिन एक ब्रिटिश अधिकारी की नजर उनके द्वारा हल किए गए गणित के प्रश्नों पर पड़ी तो वह उनकी प्रतिभा से बहुत प्रभावित हुआ। उसी अंग्रेज के माध्यम से रामानुजन का सम्पर्क जाने-माने ब्रिटिश गणितज्ञ और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जी एच हार्डी से हुआ। हार्डी ने उनकी विलक्षण प्रतिभा को भांपकर उन्हें अपनी प्रतिभा को साकार करने के लिए लंदन बुला लिया और उनके लिए कैम्ब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज में व्यवस्था की, जिसके बाद उनकी ख्याति दुनियाभर में फैल गई। जी. एस. हार्डी ने रामानुजन को यूलर, गोस, आर्किमिडीज, आईजैक न्यूटन जैसे दिग्गजों के समकक्ष श्रेणी में रखा था। 1917 में उन्हें ह्यलंदन मैथेमेटिकल सोसायटीह्न का सदस्य चुना गया और अगले ही वर्ष इंग्लैंड की प्रतिष्ठित संस्था ह्यरॉयल सोसायटीह्न ने उन्हें अपना फैलो बनाकर सम्मान दिया।



रामानुजन ने करीब पांच साल कैम्ब्रिज में बिताए और उस दौरान गणित से संबंधित कई शोधपत्र लिखे। इंग्लैंड में उन पांच वर्षों के दौरान उन्होंने मुख्यतः संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में कार्य किया। प्रोफेसर जी एच हार्डी के साथ मिलकर रामानुजन ने कई शोधपत्र प्रकाशित किए और उन्हीं में से एक विशेष शोध के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने रामानुजन को बी.ए. की उपाधि भी प्रदान दी। महान गणितज्ञ रामानुजन की गणना आधुनिक भारत के उन व्यक्तित्वों में की जाती है, जिन्होंने विश्व में नए ज्ञान को पाने और खोजने की पहल की।

भारतीय गणित की महान परम्परा के वाहक श्रीनिवास रामानुजन को ह्यगणितज्ञों का गणितज्ञह्न और संख्या सिद्धांत पर अद्भुत कार्य के लिए ह्यसंख्याओं का जादूगरह्न भी कहा जाता है, जिन्होंने खुद से गणित सीखा और जीवनभर में गणित के 3884 प्रमेयों (थ्योरम्स) का संकलन किया, जिनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किए जा चुके हैं।

रामानुजन ने गणितीय विश्लेषण, अनंत श्रृंखला, संख्या सिद्धांत तथा निरंतर भिन्न अंशों के लिए आश्चर्यजनक योगदान दिया और अनेक समीकरण व सूत्र पेश किए। वे ऐसे विश्वविख्यात गणितज्ञ थे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों और विषय गणित की शाखाओं में अविस्मरणीय योगदान दिया और जिनके प्रयासों तथा योगदान ने गणित को एक नया अर्थ दिया। उनके द्वारा की गई खोज ह्यरामानुजन थीटाह्न तथा ह्यरामानुजन प्राइमह्न ने इस विषय पर आगे के शोध और विकास के लिए दुनियाभर के शोधकर्ताओं को प्रेरित किया।

## स्पीड न्यूज

### वार्ड नंबर 6 में 200 लोग भाजपा से जुड़े



रामगढ़। रविवार को कैंट मंडल अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 6 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नमो एप और मिस्ड कॉल करवाकर करीब दो सौ नए लोगों को जोड़ा। जिला के वरिष्ठ नेता सह मीडिया प्रभारी राजीव रंजन ने बताया कि भाजपा समग्र विकास को संकल्पित राजनीतिक दल है इसीलिए लोग स्वेछा से इससे जुड़कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहें हैं। इस अवसर परअजीत गुप्ता,अरविंद सिंह,सत्यजीत चौधरी,संजय श्रीवास्तव,सुरेंद्र शर्मा,सुरजीत सिंह छाबड़ा,मनोज सिंह,मणिशंकर ठाकुर,ईश्वर पासवान आदि बूथ अध्यक्ष उपस्थित थे।

### जिंदल फाउंडेशन ने बांटा कंबल




भुरकुंडा (रामगढ़)। राष्ट्रीय सेवा मंच भुरकुंडा और जिंदल फाउंडेशन पतरातू के सौजन्य से साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले सैंकड़ों गरीब-जरूरतमंदों महिला-पुरूष व बच्चों को भोजन कराया। ठंड को देखते हुए मंच द्वारा जन सहयोग के माध्यम से दर्जनों गरीब-जररूतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया। अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा की गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है जो निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा।

### जुबिली कॉलेज के खिलाड़ी गये भुवनेश्वर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली महाविद्यालय भुरकुंडा के खिलाड़ी ऑल इंडिया इंटर विश्वविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शामिल होने को ले रविवार को कलिंगा विश्वविद्यालय भुवनेश्वर के लिए रवाना हुए। इन सभी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए जुबिली महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एकेएस झा एंव खेल प्रभारी मनोज प्रसाद ने बताया कि जुबिली महाविद्यालय में 17 से 22 दिसंबर तक विनोबा भावे विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज तीरंदाजी प्रतियोगिता हुआ था। इस कैंप में नौ प्रतिभागी शामिल हुए थे। उन्होंने बताया कि इन सभी खिलाड़ियों को ऑल इंडिया इंटर विश्वविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कलिंगा विश्वविद्यालय भुवनेश्वर रवाना किया गया है। रवाना होने वालो में अंबीका कुमारी, रानी कुमारी, मनीशा कुमारी, फुलमती कुमारी, ज्योती बाला, श्रेया कुमारी, आर्यन कुमार, अमन कुमार, राजीव कुमार, खेल प्रभारी मनोज प्रसाद और कोच मुकेश तुरी शामिल हैं। टीम को रवाना करते हुए प्राचार्य डॉ एकेएस झा, खेल प्रभारी मनोज प्रसाद सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारीयों ने अच्छे प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी।

### एससी/एसटी कर्मियों का बंद हो शोषण




**रजरप्पा।** शनिवार को सिस्टा कार्यालय रजरप्पा क्षेत्र में कोल इंडिया एससी/एसटी इंपलाईज एसोसिएशन सिस्टा का क्षेत्रीय सम्मेलन क्षेत्रीय अध्यक्ष रोगन मांझी कि अध्यक्षता में संपन्न हुआ तथा इस सभा का संचालन रिजनल के उपाध्यक्ष महेन्द्र मिस्त्री ने किया। इस सम्मेलन का मुख्य अतिथि सिस्टा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव जनेन्द्र भारती, विशिष्ट अतिथि सीसीएल के कार्यकारी अध्यक्ष राम अवध राम, संयुक्त सचिव अशोक रविदास एवं मंगल हेम्ब्रोम मौजूद थे। सम्मेलन का शुरूआत बाबा साहेब डां भीम राव अम्बेडकर की एवं भगवान बिरसा मुण्डा की तस्वीर में माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने अपनी अपनी विचार रखे। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो, संगठन को आगे बढ़ाना है और किसी को भी किसी तरह से दिक्कत होती है तो संगठन आपके साथ खड़ा है। शोषण के खिलाफ हमारे पुर्वज लडा तभी हम खड़ा है। प्रबंधन एससी/एसटी अधिकारियों, कर्मचारियों को शोषण करना बन्द करें, तो नहीं संगठन आन्दोलन करने पर बाध्य होगी।

### डीएवी स्कूल के छात्र शैक्षणिक भ्रमण पर




भुरकुंडा (रामगढ़)। डीएवी पब्लिक स्कूल गेगदा क्वायरी गेट के छात्र-छात्राएं शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ रविवार को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए। इस दौरान विद्यार्थियों ने वाटर पार्क रांची, पतरातू लेक रिसॉर्ट सहित अन्य पर्यटक स्थलों को भ्रमण कर महत्वपूर्ण जानकारी ली। विद्यालय की अध्यक्ष उर्मिला कुमारी, निदेशक बबन कुमार और मैनेजर मनोज कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनो से बच्चों में नये ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही विद्यार्थियों के बौद्धिक क्षमता में भी विकास होता है। शैक्षणिक भ्रमण में अध्यक्ष उर्मिला कुमारी, निदेशक बबन कुमार, मैनेजर मनोज कुमार, उप प्राचार्य सोनी कुमारी, संदीप, विशाल, अविनाश, संतोष, निशु, शीतल, बीनू, शालिनी, कुसुम, सीमा, अनुपम, संगीता, रोमा, शांति, फूलमानी खुशबू सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### विपक्ष ने शाह से मांगा इस्तीफा

भुरकुंडा (रामगढ़)। इंडिया गठबंधन की बैठक रविवार को घुटुवा कोऑपरेटिव में हुई। बैठक में कहा गया कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा सदन में बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर के प्रति घृणित और अपमानित करने वाले बयान का हमसभी कड़ी निंदा करते हैं। कहा गया कि गृहमंत्री अमित शाह ने सदन में कहा कि अंबेडकर के नाम को कुछ लोग फैशन के रूप में इस्तेमाल कर रहे है। अगर इतना आप भगवान का नाम लेते तो आपको भगवान मिल जाता। इस बात से आम जनमानस में आक्रोश है। सभी ने इस बयान की निंदा करते हुए शाह से इस्तीफा देने की मांग।

# रामगढ़ में 11 अपराधी गिरफ्तार

## व्यापारियों से सभी वसूलते थे रंगदारी

**11 मोबाइल, 1.41 लाख कैश और एक देसी कट्टा और दो गोली बरामद**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** पुलिस ने पांडे गिरोह के 11 अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। रविवार को संवाददाता सम्मेलन कर पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि अपराधियों के पास से देशी पिस्टल, जिंदा गोली, रंगदारी में वसूली गई रकम, धमकी में प्रयुक्त होने वाला मोबाईल, व्यापारियों की मोबाइल नंबर के साथ बनाई गई सूची, कई तस्वीरें बरामद हुई है। रामगढ़ और हजारीबाग जिले के व्यापारियों से पांडे गिरोह के 11 अपराधी रंगदारी वसूलते थे। पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि इन अपराधियों में हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नापोखुर्द गांव निवासी सुनील कुमार, सूरत कुमार दास, गिद्दी थाना क्षेत्र के पुराना बुध बाजार निवासी राजविंदर सिंह उर्फ आकाश उर्फ गोलू, राजवीर सिंह उर्फ कैप्टन, मोहित कुमार ठाकुर, रेलीगढ़ा निवासी ब्रजेश कुमार, भुरकुंडा थाना क्षेत्र के रिवर साइड निवासी वशिष्ठ कुमार उर्फ बिट्ठू, कुजू ओपी ओपी क्षेत्र के आरा डूमरबेड़ा निवासी सरफराज अहमद, भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के बजरंग चौक, रिवर साइड निवासी राजवीर सिंह, प्रेम कुमार और हरपीत सिंह शामिल हैं। एसडीपीओ ने बताया कि हजारीबाग जिला के गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराना बुध बाजार निवासी राजविंदर सिंह उर्फ आकाश उर्फ गोलू अपराधियों का हैंडल चल रहा था। उसे जेल में बंद पांडे गिरोह के प्रकाश साहू और मुकेश साहू उर्फ पठान से निर्देश मिलता था। बरका सायल डी सीसीएल एरिया में रोड निर्माण कार्य में पांडे गिरोह के सदस्यों के जरिये हथियार का भय दिखाकर धमकी दी गई, साथ ही रंगदारी मांगी गई थी। इस मामले में अपराधियों के खिलाफ कांड संख्या 294/ 2024 दर्ज किया गया था। इसी कांड के उद्भेदन के लिए पुलिस जब छापेमारी कर रही थी, तो राजविंदर सिंह उर्फ आकाश उर्फ गोलू पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने उसके बैग की तलाशी ली तो उसके पास रंगदारी में वसूले गए 1.41 लाख रुपए मिले। साथ ही उसके पास देसी कट्टा और दो जिंदा गोली भी था। पांडे गिरोह में शामिल अपराधी को हर महीने वेतन मिलता था। इसके अलावा धमकी देने वाले स्थान पर जाने के बाद 500 रुपए मिलते थे। इसके लिए बाकायदा अपराधियों की हाजिरी बनती थी। यह हाजिरी बनाने के लिए वे लोग अपनी तस्वीर भेजते थे। एसडीपीओ बताया कि प्रकाश साहू और मुकेश साहू के जरिये गिरोह के लोगों को रंगदारी मांगने के लिए पहले फोन करने की बात कही जाती थी। अगर कंपनी संचालक उसके बाद भी नहीं डरे, तो उनके कार्य स्थल पर जाकर गिरोह के सदस्य हथियार दिखाते थे। धमकी देने वाले स्थान पर वह अपनी फोटो खींचते थे और जेल में बंद प्रकाश साहू और मुकेश साहू को राजविंदर के माध्यम से भेजते थे। फोटो पहुंचते ही 500 रुपए मिल जाते थे। साथ ही गिरोह के लिए काम करने पर उन्हें 5000 रुपए प्रति महीना मिलता था।

पांडे गिरोह के गिरफ्तार 11 अपराधियों ने हाल ही में 13 लाख रुपए की रंगदारी वसूली और उसे अपने सरगना तक पहुंचा दिया था। 13 लाख देने पर राजविंदर सिंह उर्फ आकाश उर्फ गोलू को 1.41 लाख रुपए गिरोह के अन्य सदस्यों को हर महीने तनख्वाह देने के लिए दिया गया। इस रुपए का इस्तेमाल आगे दिए जाने वाली धमकी में होने वाला था। राजविंदर ही वह कड़ी था जो सारे अपराधियों के बीच हर महीने रकम बांटता था और विजिट के आधार पर 500 रुपए भी देता था। फिलहाल यह कड़ी उसकी गिरफ्तारी के बाद टूट गई है। छापामारी में पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा, गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार, केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार, उरीमारी थाना प्रभारी राम कुमार राम, पुअनि अविनाश कुमार, पुअनि कुणाल कुमार आदि शामिल थे।

## स्कूल से लौट रही नाबालिग की सिंदूर से युवक भरी मांग

**पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल युवक और छात्रा एक ही गांव के रहने वाले**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमसांडी।** हजारीबाग जिले से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहां स्कूल से लौट रही एक नाबालिग छात्रा की मांग में युवक ने सिन्दूर भर दी। घटना कटकमसांडी थाना क्षेत्र के ढौठवा में शनिवार को हुई।

मामले की शिकायत नाबालिग लड़की के परिजनों ने कटकमसांडी थाना प्रभारी से की है। बताया जाता है कि ढौठवा गांव के देवल दांगी के पुत्र नितेश कुमार दांगी ने इस गांव के अंतरजातीय समाज की नाबालिग लड़की की मांग में जबरन सिंदूर भर दी। घटना के बाद नाबालिग के परिजन व लड़की ने थाना में आवेदन देकर युवक के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। वहीं, पुलिस ने युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।साथ ही नाबालिग लड़की उसके परिजन को सौंप दी गई है। मामले में कटकमसांडी राजवल्लभ कुमार ने कहा कि पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## झील एरिया में मोबाइल छिनते दो युवक गिरफ्तार



हजारीबाग। झील एरिया में मोबाइल छिनते दो युवकों को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा। पकड़े गये युवकों की पहचान शशि कुमार और रोशन कुमार के रूप में हुई , जो बड़का इरगा, थाना दारू, जिला हजारीबाग के निवासी हैं। लोहसिंघना थाना प्रभारी संदीप कुमार मंडल ने बताया कि यह घटना तब सामने आई जब पुलिस को गश्ती के दौरान कुछ संदिग्ध गतिविधियों का पता चला। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों लड़कों को मोबाइल छिनतई करते हुए धर दबोचा। घटना की रिपोर्ट दर्ज करते हुए लोहसिंघना थाना कांड संख्या 232/24 के तहत मामला दर्ज किया गया और दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## संकट मोचन मंदिर ट्रस्ट ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी अमित यादव व जनार्दन पासवान का किया अभिनंदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दारू।** संकट मोचन मंदिर ट्रस्ट ,पुनाई ने रविवार को कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, बरकट्ठा विधायक अमित यादव और चतरा विधायक जनार्दन पासवान का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया था। इस समारोह की अध्यक्षता पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुछ और अंगवस्त्र देकर किया गया।

केंद्रीय बाल विकास मंत्री कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि संकट मोचन मंदिर पुनाई को पर्यटन क्षेत्र का दर्जा देकर मंदिर क्षेत्र के विकाश करने का प्रयास किया जायेगा।

केंद्रीय मंत्री ने अभिनन्दन समारोह के आयोजन करने के किये ट्रस्ट के लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि दारु, टाटीझरिया और ईचाक क्षेत्र के लोगों का भरपुर प्यार और सहयोग मिलता रहा है जिसके लिए वह क्षेत्र की जनता कि सदा आभारी रहेंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 37 करोड़ की लागत से तिलैया डेम के सुंदरीकरण और राजधनवार मे केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति मिली है। जनता के सहयोग से इस पूरे क्षेत्र का विकाश किया जायेगा।

अमित यादव ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सभी 470 बूथ क्षेत्रों की जनता का विकास जाति , धर्म, संप्रदाय से ऊपर उठकर करेंगे। खैरा, कर्मा, लुंदरू, पुनाई से झुमरा तक 14.5 किलोमीटर सडक का निर्माण 19.5 करोड़ की लागत से होगा जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है। बेडमक्का , झरपो, खैरा से अमनारी तक सडक का भी निर्माण जल्द होगा।

जनार्दन पासवान ने कहा कि ईचाक क्षेत्र से उनका पुराना नाता और लगाव रहा है। इस अभिनन्दन समारोह मे उन्हे आमंत्रित करने के लिए विधायक ने संकट मोचन ट्रस्ट को धन्यवाद दिया। विधायक ने कहा सब मिलकर कोडरमा और चतरा क्षेत्र का विकाश करेंगे। इस कार्यक्रम मे आनंद देव,हरीश श्रीवास्तव, अशोक यादव, अजीत कुमार, अश्विनी कुमार देव, गौतम नारायण सिंह, उप प्रमुख कौशल्या देवी, रमेश सिंह राजकुमार राम , दीना यादव ,भुनेश्वर पटेल इचाक पश्चिम के भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत बक्शी ,रजनीश कुमारी, सुभाष सोनी ,गौतम देव, दीपक देव ,गोपाल देव, आदि मौजूद थे। मंच का संचालन पूर्व विधायक प्रतिनिधि बसंत नारायण सिंह ने किया ।

## रामगढ़ में 13 पुलिस अधिकारी बदले गये

रामगढ़। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने जिले में 13 पुलिस पदाधिकारी का तबादला किया। पांच थाना प्रभारी बदले गये। रविवार को एसपी ने सूची भी जारी की। वेस्ट बोकारो में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार को वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी, पुलिस केंद्र में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर रामप्रवेश पासवान को मांडू थाना प्रभारी, रजरप्पा थाने में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर मो नौशाद को कुज्जू ओपी प्रभारी, गोला थाने में पदस्थापित ब्रह्मवत कुमार को भदानीनगर ओपी प्रभारी, बरकाकाना ओपी में पदस्थापित विकास आर्यन को बरलांगा थाना प्रभारी बनाया गया है। वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार, मांडू थाना प्रभारी रंजीत यादव, कुज्जू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे को एसपी कार्यालय में पदस्थापित किया गया । बरलंगा थाना प्रभारी अनंत सिंह को लाइन क्लोज किया गया है। सब इंस्पेक्टर जॉनी कुमार और सुरेश उरांव को रामगढ़ थाना में पदस्थापित किया गया है। एएसआई मो शाहनवाज खान को कुजू ओपी से बरकाकाना ओपी भेजा गया है।

## डालसा ने ग्रामीणों को दी कानून की जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रजरप्पा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ (विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर) रविवार को प्रखंड मुख्यालय चितरपुर में आयोजित हुई. इस मौके पर क्षेत्र के ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी तथा ग्रामीणों को कानून के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर मुख्य रूप से मौजूद सिविल जज संजीबिता गुइन एवं जेएम आइसा सिंह सरदार ने संयुक्त रूप से बताया कि समाज के हर तबके को स्वच्छ, सुलभ व सरल न्याय दिलाने के लिए डालसा प्रतिबद्ध है. जिला विधिक सेवा प्राधिकार का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचाना है। जबकि गरीब, असहाय, निर्धन व दिव्यांग लोगों को ठंड से बचाव के लिए कम्बलों का वितरण किया। साथ ही व्हीलचेयर भी वितरित किया गया। कंबल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी के भाव देखने को मिले। वितरण सीओ सह प्रभारी बीडीओ दीपक मिंज ने किया। दीपक मिंज ने कहा कि प्रत्येक वर्ष डालसा के द्वारा जरूरतमंदों के बीच ठंड के मौसम में कंबल का वितरण किया जाता है ताकि लोगों को ठंड से कोई परेशानी ना हो। ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। डालसा हमेशा लोगों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास करता है। उन्होंने आगे कहा कि हर किसी को आगे आकर गरीबों की मदद करने चाहिए। सर्दी से बचाव के लिए भी गरीबों की मदद करनी चाहिए. यहां पहुँचे जज एवं अन्य का बुके देकर स्वागत किया गया।

## एक नजर में

### गोलीबारी के आरोप में दो अपराधी गिरफ्तार



**रामगढ़।** पतरातू रेलवे फाटक के निकट रेल ओवरब्रिज निर्माण साइट पर 10 दिसंबर को हुई गोलीबारी में पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों पास से घटना में प्रयुक्त देसी पिस्टल सहित तीन जिंदा गोली और एक बाइक बरामद हुआ है। पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार ने रविवार को प्रेसवार्ता में बताया कि एसपी अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पतरातू डैम के निकट दो व्यक्ति अवैध हथियार के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। एसडीपी के नेतृत्व में टीम ने पतरातू डैम के आसपास छापेमारी की इस दौरान नीले रंग की पल्सर बाइक (जेएच01बीएफ-3991) पर सवार दो युवक पुलिस को देख भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान रांची निवासी साहिल सिंह (23 वर्ष) और राहुल शर्मा (28 वर्ष) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान पुलिस ने देशी पिस्टल और तीन जिंदा गोली अभियुक्तों के पास से बरामद किया । पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

### मां शारदा की 172वीं जयंती मनी

हजारीबाग : श्री राम कृष्ण शारदा आश्रम शिक्षक प्रशिक्षक महाविद्यालय ने रविवार को मां शारदा की 172वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ स्कूल प्रांगण में मनाई । बताते चले कि इस अवसर पर शिक्षकों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बड़े उत्साह और भक्ति भाव के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत पूजा और मंत्रोच्चारण के साथ हुई मां शारदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।साथ ही साथ विद्यालय प्रांगण में 75 जरूरतमंद लोगों के बीच ठंड को देखते हुए स्वेटर,जैकेट का वितरण किया गया।

### जन्मदिन पर विधायक को लोगों ने दी बधाई

बरही। विधायक मनोज कुमार यादव के जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर बधाई संदेशों की बाढ़ आ गई। सुबह से ही समर्थकों और स्थानीय निवासियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। समर्थकों ने पोस्ट और संदेशों के जरिए विधायक मनोज कुमार यादव की नेतृत्व क्षमता, सरल स्वभाव और सेवा भाव की सराहना की। कई लोगों ने लिखा कि वे न केवल एक जनप्रतिनिधि हैं, बल्कि हर वर्ग और समुदाय में समान रूप से लोकप्रिय नेता हैं।समर्थकों ने उनके विकास कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि विधायक यादव ने क्षेत्र में सड़क निर्माण, शिक्षा का विस्तार और गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता दी है। उनके नेतृत्व में बरही क्षेत्र का हर क्षेत्र प्रगति की ओर बढ़ रहा है।अपने जन्मदिन पर विधायक मनोज कुमार यादव ने सभी शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप सभी के प्यार और समर्थन से मुझे हमेशा नई ऊर्जा मिलती है। मैं बरही क्षेत्र के विकास और लोगों की भलाई के लिए निरंतर प्रयास करता रहूंगा। समाज के हर वर्ग की सेवा करना और आपके विश्वास पर खरा उतरना मेरा पहला कर्तव्य है। इस अवसर पर समर्थकों के साथ-साथ राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने भी विधायक यादव को शुभकामनाएं दीं। उनकी लोकप्रियता का यह उत्साह सोशल मीडिया पर दिनभर देखने को मिला।

### बरही : नई समिति के अध्यक्ष बने बीरेंद्र राणा

**बरही।** होटल आकाश पैलेस में राणा समाज की अनुमंडल स्तरीय बैठक हुई। बैठक में बरही, चौपारण, पदमा, बरकट्ठा, चंदवारा और चलकुशा के राणा समाज के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इस अवसर पर अनुमंडल स्तरीय समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता योगेश्वर राणा ने की, जबकि संचालन का दायित्व भीम राणा ने निभाया। बैठक में बीरेंद्र राणा (केंदुआ कला, चौपारण) को अध्यक्ष चुना गया। राजकुमार राणा (बरहीडीह) को सचिव, बालेश्वर राणा (चक चौपारण) को कोषाध्यक्ष, अशोक राणा (करर पदमा) को संगठन मंत्री और बच्चू कुमार राणा (मानगढ़ चौपारण) को मीडिया प्रभारी के रूप में चुना गया। वहीं धनेश्वर राणा (चलकुशा) को उपसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा, उपाध्यक्ष के रूप में कई लोगों को नामित किया गया, जिनमें शंकर राणा (केदली), कपिल राणा (पंचमाधव), रविंद्र राणा (गारू कुरहा), सुखदेव राणा (चंदवारा), भास्कर शर्मा (चलकुशा), अर्जुन राणा (बंडासिंघा) शामिल है। बैठक में अनुमंडल के 28 सदस्यों को कार्यसमिति में भी शामिल किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष बीरेंद्र राणा ने कहा कि समाज को एकजुट करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि समाज के हितों की रक्षा और विकास के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। सचिव राजकुमार राणा ने भी समाज के कल्याण के लिए योजनाओं पर चर्चा करने की बात कही।

### चौकीदार बहाली का रिजल्ट जारी, दौड़ 26 को

हजारीबाग। चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु 20 दिसंबर को लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों की सूची/परीक्षाफल रविवार को जारी कर दियार गया। उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों को अब शारीरिक जाँच एवं दौड़ प्रतियोगिता से गुजरना होगा। यह दौड़ 26 दिसंबर को कर्जन मैदान,हजारीबाग में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों के लिए स्थल पर पहुँचने का समय 06 :00 बजे पूर्वाह्न होगा तथा दौड़ का 08 :00 बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ किया जाएगा। सभी सफल अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने साथ प्रवेश पत्र के साथ एक पहचान पत्र लाना अनिवार्य है।

### कुजू ओपी प्रभारी नौशाद ने दिया योगदान



कुजू। पुलिस-पब्लिक के बीच बेहतर संबंध स्थापित करना मेरी पहली प्राथमिकता है। वही अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जाएगा। उक्त बातें कुजू ओपी में रविवार को 52 वें ओपी प्रभारी के रूप में मो नौशाद ने पदभार ग्रहण दौरान पत्रकारों से कहा। कहा कि क्षेत्र के लोग किसी भी समस्या को लेकर बेहिचक हमसे संपर्क साध सकते है। हमारे द्वारा समस्या समाधान करने को लेकर प्रयासरत रहूंगा। इससे पूर्व वह निवर्तमान ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय से मुलाकात कर पदभार लिया। मो नौशाद इससे पहले रजरप्पा थाना में पुअनि के पद पर पदस्थापित थे।

### मनोरम वादियों से पटा है चरण पहाड़ी



**कुजू।** रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड अंतर्गत कुजू पूर्वी पंचायत के बंदराचुंआ स्थित चरण पहाड़ी मंदिर व वहां की मनोरम वादियां सैलानियों को बर्बस अपनी ओर आकर्षित करता है। नये वर्ष के आगमन होते ही सैलानियों का हुजुम उमड़ पड़ता है। साथ ही पहाड़ के बीचों-बीच कलकल करती चौथा नदी के आस-पास जंगलों के किनारे पूरे जनवरी माह में सैलानी पिकनिक मनाते देखे जाते हैं। यहां की खासियत नदी के तट पर तीन भव्य मंदिर स्थापित है। जिनमें श्री राधा कृष्ण भगवान, जगन्नाथ बलभद्र व सुभद्रा सहित श्री चैतन्य महाप्रभु एवं उनके दो सहयोगियों क्रमश: श्री नित्यानंद व गजाधर स्वामी के आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित है। जहां सैलानी प्रभु के दर्शन के उपरांत यहां की वादियों का लुत्फ लेने के साथ पिकनिक का आनंद लेते हैं। वहीं मंदिर में चल रही हरिनाम संकीर्तन में भाग लेते हैं। चरण पहाड़ी पहुंचने के लिए कुजू केबीगेट स्थित फोरलेन सड़क से कुजू कोलियिरी होते हुए नये रास्ता कसैराधौड़ा से बंदराचुआ स्थित चरण पहाड़ी आ सकते हैं। मकर संक्राति के अवसर पर चरण पहाड़ी में मंदिर कमिटि व आस-पास के प्रबुद्ध नागरिकों के सहयोग से प्रत्येक वर्ष दो दिवसीय मेला लगाता है।

## स्पीड न्यूज

### कौलेश्वरी मंदिर विकास समिति की बैठक संपन्न

हंटरगंज। प्रखण्ड कार्यालय सभागार में रविवार दोपहर 1 बजे चतरा विधायक जनार्दन पासवान के अध्यक्षता में कौलेश्वरी मंदिर विकास समिति की बैठक संपन्न हुई । बैठक में कई अहम बिंदुओं पर चर्चा किया गया और कई संबंधित अधिकारियों को विधायक ने जल्द कार्य करने का दिशा - निर्देश दिया। बैठक में पासवान ने तालाब में बाउंड्री, शुद्ध पेयजल की सुविधा, विद्युतीकरण, मंदिर परिसर में साफ -सफाई , मंदिर के विस्तार एवं सौंदर्यीकरण, आदि कई बिंदु पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

### बलबल मेला प्रबंध समिति की हुई बैठक, कई विषयों पर हुआ चर्चा

गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य बॉर्डर पर मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर लगने वाला 15 दिवसीय पशु मेला को लेकर रविवार को बलबल मेला प्रबंधन समिति के लोगों ने बैठक किया बैठक की अध्यक्षता निर्मल गोप ने किया। मेला को सफल संचालन के लिए लोगों ने निर्णय लिया। की पशु व्यापारियों की विधि व्यवस्था को दुरुस्त रखनी है साथ ही साथ मेला में डाक लेने को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक में सभी को उपस्थित होने को लेकर निर्णय लिया। मौके पर मुखीया जगदीश यादव सम्मानित सदस्य बुद्धिजीवी ग्रामीण जनता व अन्य सभी लोग बैठक में उपस्थित थे।

### गरीब असहाय लोगों के बीच किया गया कंबल का वितरण

सिमरिया। भीम बिरसा इमेंस फाउंडेशन और जनहित संस्कृति कला केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न स्थानों पर गरीब, असहाय और वृद्धजनों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान करीब 500 कंबलों का वितरण दोनों संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से किया गया। कला केन्द्र के निदेशक चंदन मिश्रा ने बताया कि भीम बिरसा इमेंस फाउंडेशन और जनहित संस्कृति कला केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में समाज सेवा के विभिन्न आयामों से जुड़े कार्य किये जाते रहे है। समाज के अन्तिम पायदान एवं असहाय लोगों की सेवा के अनवरत प्रयास से ही कंबल वितरण का कार्य संपन्न हो सका है।

### शहीद राजेश साहा का 22वां शहादत दिवस मनाया गया

सिमरिया। पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन चतरा इकाई द्वारा रविवार को शहीद राजेश साहा का 22वां शहादत दिवस शहीद राजेश चौक डाड़ी में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान शहीद राजेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण की गई और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा शहीद के माता अंजनी देवी, पिता शिवनारायण साहू को अंगवस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष मोहन साहा द्वारा देश में सेना का योगदान और शहीद राजेश साहा के जीवनी पर प्रकाश डाला। मालूम हो कि शहीद राजेश साहा प्रखंड के पुण्डरा गांव के रहने वाले थे।

# कोडरमा के पिकनिक स्पॉट तैयार, पर्यटकों का लग रहा जमावड़ा

**नव वर्ष के स्वागत के लिए तैयारी पूर्ण**

कोडरमा के पर्यटन स्थल लोगों की भीड़ से दिख रहे हैं गुलजार, तिलैया डैम प्राकृतिक सौंदर्य का अनुपम नमूना, डबल डेकर बोट आकर्षण, वृंदाहा वाटर फल रोमांचक रास्ते का सफर तय कर लें मनोरम दृश्य का मजा, पेट्रो जल प्रपात सबसे ऊंची महावत पहाड़ के शिखर से गिरती है पावन सलीला, पंचखेरो जलाशय प्रातिक सुंदरता के बीच लें मोटर बोट का आनंद



तिलैया डैम का प्राकृतिक सौंदर्य





वृंदाहा वाटर फॉल का मनोरम दृश्य, पेट्रो जल प्रपात सबसे ऊंची महावत पहाड़ के शिखर से गिरती है पावन सलीला



पंचखेरो जलाशय

उमा शंकर

कोडरमा। नव वर्ष 2025 का स्वागत व पुराने वर्ष 2024 की विदाई देने को लेकर लोग उत्साहित हैं। इस बीच कई दिन पूर्व से कोडरमा के पर्यटन स्थल लोगों की भीड़ से गुलजार दिख रहे हैं। इन जगहों पर बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने पहुंच रहे हैं। नव वर्ष के स्वागत को लेकर पहली जनवरी को चुनिंदा पर्यटन स्थलों पर भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है, ऐसे में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर व्यापक तैयारी की है। लोगों के आकर्षण का केंद्र तिलैया डैम व जवाहर घाट का किनारा है। नव वर्ष के आगमन से करीब दस दिन पूर्व से यहां बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने पहुंच रहे हैं। इसके अलावा झुमरीतिलैया से कुछ किलोमीटर दूर स्थित वृंदाहा वाटर फल, सतगावां का पेट्रो जल प्रपात, मरकच्चो का पंचखेरो डैम आदि जगहों पर लोग पहुंच रहे हैं। जिले के कुछ अन्य जगहों कोडरमा के डंगरा पहाड़, फुलवरिया जंगल, डोमचांच के मारामाको पहाड़, तिलैया के झरनाकुंड सहित अन्य जगहों पर भी नव वर्ष के पहले दिन लोग पिकनिक मनाते हैं. लोगों ने नव वर्ष का स्वागत करने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है।

**तिलैया डैम प्रातिक सौंदर्य का अनुपम नमूना, डबल डेकर बोट आकर्षण :** बेमिसाल प्रातिक सौंदर्य का अनुपम नमूना तिलैया डैम है। कोडरमा जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर दक्षिण-पूर्व एवं दामोदर नदी के उत्तरी छोर पर तिलैया डैम स्थित है। अविभाजित बिहार व बंगाल सरकार के संयुक्त प्रयास से वर्ष 1948 में इसका निर्माण किया गया था। इसके पीछे बंगाल को बाढ़ की भयंकर त्रासदी से बचाने, बिजली उत्पादन केंद्र खोलने व सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने का उद्देश्य था। डैम के बीच एक पिकनिक स्पट चेचरो पार्क स्थित है। एक समय था जब टापू नुमा चेचरो पार्क की सुंदरता पर्यटकों को अनायस आकर्षित करती थी, लेकिन हाल के वर्षों में यहां की तस्वीर बदरंग हो गयी है दूसरी ओर तिलैया डैम के पास सुविधाओं में जरूर इजाफा हुआ है। पर्यटक यहां डबल डेकर बोट सहित मोटर बोट व अन्य चीजों का आनंद उठा रहे हैं। डैम के किनारे जवाहर घाट, झील रेस्टोरेंट भी लोगों के आकर्षण का केंद्र है। झील रेस्टोरेंट के पास एडवेंचर स्पोर्ट्स की शुरुआत भी की गयी है। सुरक्षा के लिहाज से यहां डैम ओपी भी संचालित है। नव वर्ष के पहले दिन यहां महिला पुलिस बल व दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति रहेगी। तिलैया डैम के ऊपरी क्षेत्र में जाम न लगे, इसके लिए नीचे में ही पार्किंग की व्यवस्था की गयी है।

**वृंदाहा वाटर फल रोमांचक रास्ते का सफर तय कर लें मनोरम दृश्य का मजा :** झुमरीतिलैया शहर से करीब 15 किलोमीटर दूर सुदूर जंगली क्षेत्र स्थित जरगा पंचायत में वृंदाहा वाटर फल है। यह प्रातिक स्वच्छ पानी की जल धारा पहाड़ व झाड़ियों का विहंगम दृश्य के साथ किसी को भी सहज ढंग से आकर्षित करता है। यहां तक पहुंचने के लिए अपने निजी वाहन का ही सहारा लेना पड़ता है। इसके बाद भी इस जगह पर बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने व प्रति का आनंद लेने पहुंचते हैं। यहां पहाड़ों व जंगलों के बीच से निकलते हुए चट्टान से टकरा कर कई फीट नीचे गिरने वाला पानी लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बना रहता है। लोग झरने से गिरने वाले पानी के मनोरम दृश्य का आनंद उठाना नहीं भूलते हैं। लोग बताते हैं कि यह झरना बहुत पुराना है. पहले यहां तक पहुंचने का कोई साान नहीं था, लेकिन अब इस इलाके में सड़क बन जाने से यहां पहुंचना संभव हो पाया है। पहाड़ों के बीच से होते हुए रोमांचक रास्ते से आकर इस मनोरम दृश्य का आनंद उठाने के बाद सभी को खुशी महसूस होती है।

**पेट्रो जल प्रपात सबसे ऊंची महावत पहाड़ के शिखर से गिरती है पावन सलीला :** जिले के सुदूरवर्ती सतगावां प्रखंड मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर घनघोर जंगल में पेट्रो जलप्रपात स्थित है। जिले के सबसे ऊंची महावत पहाड़ के शिखर से अनोखी शैल श्रृंखलाओं के बीच से पावन सलीला गिरती है, जो तकरीबन 500 फीट ऊंचा है। पहाड़ की चोटी से तलहटी तक निर्मित कई कुंड है। इनमें से छह कुंड काफी बड़े हैं। जिसमें अथाह निर्मल मीठा जल संग्रहित है। यहां प्रतिवर्ष लोग पिकनिक मनाने दूर-दराज क्षेत्रों से आते हैं और प्रति के अनूठे रूप का आनंद लेते हैं। यहां विंध्यवासिनी देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। इस दर्शनीय स्थल में जंगली जानवर भी देखे जा सकते हैं। इन दिनों यहां बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने पहुंच रहे हैं, हालांकि, जगह सुदूरवर्ती होने की वजह से शाम होने से पहले ही यहां से लौटना सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेहतर है।

**पंचखेरो जलाशय प्रातिक सुंदरता के बीच लें मोटर बोट का आनंद :** मरकच्चो प्रखंड का पंचखेरो जलाशय सबसे बड़ा और मशहूर जलाशय में शुमार हो चुका है। मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय से महज एक किमी दूरी पर यह स्थित है। चारों तरफ जंगल और पठारों से घिरे रहने के कारण इसकी प्रातिक सुंदरता और निखरती है। इन दिनों जलाशय में विदेशी पक्षियों का आना भी शुरू हो गया है, जो जलाशय की खूबसूरती को और चार चांद लगा रहे हैं। वर्तमान में जलाशय में मत्स्य विभाग द्वारा विस्थापित परिवारों के लिए मत्स्य पालन की व्यवस्था की गयी है। वहीं मत्स्य विभाग द्वारा ही समितियों को तीन मोटर बोट भी उपलब्ध कराये गये हैं। यहां घूमने आने वाले लोग उक्त मोटर बोट से डैम का भ्रमण करते हैं। नव वर्ष पर यहां भी भारी भीड़ जुटेगी।

### किंडर गार्टन स्कूल के 25वें स्थापना दिवस पर रजत जयंती समारोह सम्पन्न

## शिक्षा और संस्कार का बेहतर तालमेल होना बहुत जरूरी है : डा. नीरा यादव



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। किंडर गार्टन स्कूल के 25वें स्थापना दिवस पर रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक ड नीरा यादव, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ड रमण कुमार और ड रविकांत सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक ड नीरा यादव ने कहा कि किंडर गार्टन स्कूल से वे शुरुआत से भलीभांति परिचित है, यहां सीमित संसाधनों में बच्चों को निरंतर बेहतर शिक्षा देने का एक अनूठा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ साथ बेहतर संस्कार होना बहुत जरूरी है। आप सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और बड़े होकर अपने परिवार, समाज और देश का नाम रौशन करें। वहीं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ड रमण कुमार ने स्कूली बच्चों को स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर विस्तृत जानकारी देते हुए, उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान छोटे छोटे बच्चों ने कार्यक्रम के दौरान जिस प्रकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वह काबिलेतारीफ है। वहीं ड रविकांत सिंह ने कहा कि स्कूली बच्चों ने शिक्षा के साथ साथ सांस्तिक और खेलकूद के क्षेत्र में अच्छी प्रतिभा है। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के द्वारा विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों व श्री हरि मेमोरियल एजुकेशनल ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों को मोमेंटो, उपहार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व स्कूल के प्राचार्य मुकेश पांडेय के द्वारा आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया और स्थापना काल से अब तक के स्कूल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। सांस्तिक कार्यक्रम की शुरुआत भक्ति गीत व नृत्य से हुआ। उसके बाद स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

## एक नजर में

## चतरा के प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा उत्सव में लेंगे भाग





खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चतरा जिले के प्रतिभागियों को 22 दिसंबर को राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 में भाग लेने के लिए रांची रवाना किया गया। यह आयोजन 23 दिसंबर को रांची स्थित ऑड्रे हाउस में होगा। चतरा जिले के विजेता प्रतिभागी हजारीबाग में आयोजित प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक और कलात्मक स्पर्धाओं में विजेता रहे हैं। अब वे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा पदाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह चतरा जिले के लिए गर्व की बात है। राज्य स्तरीय युवा उत्सव युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा को पहचान दिलाने का एक बेहतरीन मंच है।

## जंगल से लापता युवक का शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी



खबर मन्त्र संवादाता

चतरा। प्रतापपुर थाना क्षेत्र के वामी जंगल में एक सप्ताह से लापता युवक विकास यादव का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। विकास यादव कुंदा थाना क्षेत्र के मेदवाडीह गांव का रहने वाला था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को सूचना मिली कि वामी जंगल में एक शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव की शिनाख्त विकास यादव के रूप में की। विकास यादव के शव मिलने की खबर से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। उन्होंने युवक की हत्या की आशंका जताई है। प्रतापपुर थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## स्वास्थ्य केंद्र बना, लेकिन सेवा शुरू नहीं, ग्रामीणों ने की कर्मियों की मांग



खबर मन्त्र संवादाता

गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र के बारीसाखी पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन अभी तक इसे स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित नहीं किया गया है। संवेदक द्वारा केंद्र का जिम्मा न सौंपे जाने के कारण स्वास्थ्य सेवाएं शुरू नहीं हो पाई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी बीमारी के इलाज या गर्भवती महिलाओं के प्रसव के लिए उन्हें 7 किलोमीटर दूर गिद्धौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है। इससे उन्हें काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। पंचायत की मुखिया सुमीरा देवी और उप मुखिया विकास कुमार पांडेय ने जिला उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर स्वास्थ्य केंद्र को जल्द से जल्द विभाग को सौंपने और वहां स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र चालू होने से बारीसाखी पंचायत के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। स्वास्थ्य केंद्र बनकर तैयार होने के बावजूद सेवाएं शुरू न होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। उन्होंने जिला प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द स्वास्थ्य केंद्र का संचालन शुरू करवा कर उनकी स्वास्थ्य सेवाओं की समस्याओं को दूर किया जाए।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस पर मज़ेदार गतिविधियों का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्री-प्राइमरी कक्षाओं के छात्रों ने राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में कई रोचक और मज़ेदार गणितीय गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न संख्या खेल, पज़ल्स और गतिविधियों के मायम से गणित के प्रति रुचि और समझ को विकसित किया। गणितीय गतिविधियों ने बच्चों को न केवल संख्या ज्ञान और गणना में निपुण बनाया, बल्कि उनकी तर्कशक्ति और समस्या समाान क्षमता को भी प्रोत्साहित किया। छात्रों ने बड़े उत्साह और आनंद के साथ सभी खेलों में भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि गणित केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। हमारे चारों ओर गणित का जादू है, और यह हमें तार्किक और व्यवस्थित सोचने की शिक्षा देता है। इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में गणितीय कौशल के साथ-साथ आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षिका सपना शर्मा, प्रियंका सिंह, दीक्षा सिंह, रंजीता कुमारी, कामिनी सहाय, स्वाति सिंह, प्रियंका गुप्ता, रेखा राणा, लता सिन्हा, सरोज पाण्डेय, लवली कुमारी, स्वीटी सिन्हा, रूबी कुमारी वर्मा, पूजा, सलूजा के साथ-साथ सभी गणित के शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के इस अनूठे और प्रेरणादायक आयोजन की सभी अभिभावकों और शिक्षकों ने प्रशंसा की।

# फाइनल मैच के साथ एचपीएल क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन

## चेयरमैन ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर किया पुरस्कृत





खबर मन्त्र संवाददाता

हंटरगंज। हंटरगंज +2 हाई स्कूल मैदान में चल रही एचपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार लगभग 4 बजे समापन हुआ। इस दौरान चेयरमैन ममता कुमारी ने लायंस क्लब हंटरगंज विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। फाइनल मैच लायंस क्लब हंटरगंज एवं बारहगांवां टीम के बीच खेला गया। हंटरगंज की टीम ने पहले खेलते हुए 142 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बारहगांवां की टीम मात्र 83 रनों पर ही ढेर हो गई। 59 रनों से हंटरगंज की टीम विजयी रही। बल्लेबाजी करते हुवे 53 रन और गेंदबाजी में 3 ओवर में तीन विकेट लेने वाले हरिश कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य निशि कुमारी, समाजसेवी, प्रेम सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया, बेचन पासवान, सहित विशिष्ट अतिथियों ने आयोजित टूर्नामेंट में विजेता, उपविजेता टीमों तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान रॉची ऑटो सर्विस सेंटर हंटरगंज निदेशक दिलीप कुमार के द्वारा नगद पुरस्कार दोनों टीमों ने हासिल नहीं कर पाई उनका घोषणा हैट्रिक छक्के पर 551 रुपए का नगद और हैट्रिक चौका पर 251 बारहगांवां जीत हासिल करने पर 1050 नगद पुरस्कार का कोई भी टीम लाभ नहीं उठा सकी। मौके पर हजारों प्रखंडवासी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## रजौली वनकर्मी व पुलिस के द्वारा मार-पीट किये जाने के विरोध में घंटों किया सड़क जाम



खबर मन्त्र संवाददाता

डोमचांच (कोडरमा)। कोडरमा-जमुआ मुख्य मार्ग स्थित नेरु पहाड़ी के समीप रविवार की अहले सुबह ग्रामीणों ने कुछ वनकर्मी द्वारा बिना कारण मार-पीट किये जाने के विरोध में सड़क को जाम कर दिया। जिससे आक्रोषित ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग को लेकर कोडरमा-जमुआ मुख्य मार्ग को सुबह 6 बजे जाम कर दिया। जाम में सैकड़ों लम्बी दूरी की गाड़ी फंसा रहा। मार पीट को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ अनिल कुमार, डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार, नवलशाही थाना प्रभारी शशि कुमार व कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार अपने दल बल के साथ नेरु पहाड़ी घटना स्थल पहुंच कर जाम कर रहे लोगों को समझाया और कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। बताया कि जो भी मार पीट करने वाला कर्मी होगा उस पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। जिसके बाद ग्रामीणो ने 11:35 बजे रोड जाम को हटाया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बिहार के रजौली के वन कर्मी सपही क्षेत्र से अवैध ढिबरा वाहन को जब्त किया था।

# सांसद कालीचरण सिंह की अनूठी पहलः ऑटो ड्राइवर को दिया सहारा, सियासी गलियारों में चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। दिल्ली के ईस्टर्न कोर्ट, जहां लग्जरी गाड़ियों का जमावड़ा आम बात है, वहां एक साधारण ऑटो रिक्शा ने सांसदों और उनके समर्थकों का ध्यान खींचा है। यह ऑटो हर रोज चतरा के सांसद कालीचरण सिंह के आवास के बाहर खड़ा रहता है। इस अनोखी तस्वीर के पीछे छिपी कहानी न केवल चतरा, बल्कि देशभर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

**चतरा के युवक की आपबीती से प्रभावित हुए सांसद :** यह कहानी है चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड के गोबिंदपुर पंचायत के सलेमपुर गांव निवासी अमित यादव की, जो चार वर्षों से दिल्ली में ऑटो चलाकर अपना जीवन-यापन कर रहा था। लोकसभा चुनाव में चतरा के सांसद बने कालीचरण सिंह से एक दिन अमित की मुलाकात हुई। अमित ने सांसद को अपनी कठिनाइयों की कहानी सुनाई। उसकी स्थिति से प्रभावित होकर सांसद ने अमित को अपने सरकारी आवास पर रहने की व्यवस्था दी।

**दिल्ली ईस्टर्न कोर्ट में ऑटो की एंट्री बनी मिसाल :** शुरुआत में ईस्टर्न कोर्ट में ऑटो रिक्शा को प्रवेश की अनुमति नहीं थी, लेकिन सांसद कालीचरण सिंह ने स्पष्ट कहा कि 'आज मैं यहां हूं तो इनकी एक-एक वोट की वजह से'। इसके बाद अमित का ऑटो भी ईस्टर्न कोर्ट के गलियारों में आसानी से आने-जाने लगा।





**गरीबों के लिए सांसद की संवेदनशीलता :** सांसद कालीचरण सिंह ने इस मामले पर कहा, बड़े लोगों का मददगार हर कोई बनता है, लेकिन मैं उन लोगों को सहारा देना पसंद करता हूं जिनकी बदौलत मैं दिल्ली तक पहुंचा हूं।

**अमित ने जताया सांसद के प्रति आभार :** दिल्ली में सांसद के साथ रहने वाले अमित ने बताया, 'मैं चार साल से ऑटो चला रहा था। सांसद चाचा ने हमें सहारा दिया और उनके आवास पर रहने-खाने की पूरी व्यवस्था कर दी। उनके लिए मेरी इज्जत भगवान के समान है। मुझे गर्व है कि हमने एक ऐसे सांसद को चुना, जो गरीबों की परवाह करते हैं।'

**सियासत में अनोखी मिसाल :** जहां अधिकांश सांसद रसूखदार लोगों को प्राथमिकता देते हैं, वहीं कालीचरण सिंह का यह कदम सियासी गलियारों में अलग मिसाल कायम कर रहा है। लग्जरी गाड़ियों के बीच खड़े ऑटो ने न केवल सांसद की सादगी को दर्शाया है, बल्कि यह साबित किया है कि वे जनता के साथ दिल से जुड़े हैं।

स्पीड न्यूज

## डहु के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चैनपुर।** चैनपुर के रातू जामटोली में 55 वर्षीय बंधु मुंडा ने घर के पीछे लगे डहु के पेड़ में रशि के सहारे फाँसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। मृतक के पिता का नाम स्व. कन्द्रा मुंडा है। ग्रामीणों के अनुसार बंधु किसी बात को लेकर चिंतित था। सुबह 8 बजे घर से विह निकले थे। बंधु का जब दोपहर 2 बजे तक कोई पता नहीं चला तो ग्रामीणों ने उसे ढूंढना शुरू किया। काफी प्रयासों के बाद जब चप्पल पेड़ के नीचे देखी गई तो सभी ने पेड़ पर जाकर देखा। जहां बंधु का शव फांसी पर लटका हुआ मिला। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बंधु मानसिक तनाव में था। लेकिन ऐसा कदम उठाने की उम्मीद किसी को नहीं थी।

## जारी पुलिस ने चलाया एंटी क्राईम चेकिंग अभियान

**जारी।** जारी पुलिस ने रविवार को थाना मोड के पास पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जारी एएसआई अरुण पांडेय के नेतृत्व मे एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा के तहत दो पहिया,तीन पहिया वाहनो तथा चार पहिया वाहनों को रोक कर आवश्यक कागजातों एवं डिक्की खुलवाकर डिक्की की जांच की गई। वहीं हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को फटकार लगाते हुए हेलमेट लगाकर सड़क पर चलने को निर्देश दिया। श्री पांडेय ने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग हेलमेट पहने बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन नहीं चलाएँ नहीं तो होगी कार्रवाई।

## हेयर एंड ब्यूटी सैलून का हुआ उद्घाटन

**गुमला।** गुमला के थाना रोड स्थित जिला परिषद द्वारा निर्मित दुकान में हेयर एंड ब्यूटी सैलून का उदघाटन समाजसेवी माधुरी भगत के द्वारा फीता काटकर एवं पूजा अर्चना कर किया गया। मौके पर फैमिली स्टाइल स्टूडियो वूमेन ब्यूटी सैलून के संचालक निशा भगत, समाजसेवी हंदू भगत, शीतल खलखो, विशेष आर्टिस्ट प्रिया कुमारी,प्रियंका स्मृति कुजूर मनीता कुमारी, सपना कुजूर, ललिता कुमारी केरकेट्टा, स्वद्धा रिमझिम, आदि विशेष रूप से मौजूद थे।

## सांता पब्लिक स्कूल गुमला में क्रिसमस गैदरिंग आज

**गुमला।** सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला में 23 दिसंबर दिन सोमवार को क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम से मनाया जाएगा। इस संबंध में स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार ने कहा दिसंबर का महीना क्रिसमस का महीना होता है। उन्होंने कहा कि स्कूल के सभी अभिभावक, स्कूली बच्चे कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। क्रिसमस गैदरिंग समारोह में मुख्य अतिथि गुमला विधायक श्री भूषण तिर्की शामिल होंगे। मौके पर बच्चों के द्वारा गीत संगीत नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# दस वर्षीय बच्ची का रस्सी से गला घोंटकर की गयी निर्मम हत्या, शव मिला घर के पीछे

### बकरी चरा कर लौटने के बाद अचानक बच्ची हो गयी थी गायब, मृतका की मां ने भैंसुर के खिलाफ दर्ज कराया हत्या की प्राथमिकी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** सिसई थाना क्षेत्र के डाड़हा गाँव में दस वर्षीय मासूम बच्ची की रस्सी से गला घोंटकर कर निर्मम हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बच्ची के साथ गलत होने की भी आशंका लोग जाहिर कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस शनिवार रात को ही शव को कब्जे में लेकर थाना ले आई और रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। घटना शनिवार की रात सिसई थाना क्षेत्र के डाड़हा गांव में घटित हुई है। मृतिका सालमोन एक्का की दस वर्षीय पुत्री असरिना एक्का मध्य विद्यालय सकरौली के चौथी कक्षा की छात्रा थी। मृतिका की मां शिवानी एक्का के आवेदन पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है। केस दर्ज कर थानेदार संतोष कुमार सिंह व केस आईओ अजय कुमार ने त्वरित करवाई करते हुए संदेह के आधार पर मृतका के बड़े पिता फिलमोन एक्का (48) को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त के मकान के एक कमरे से पुलिस ने मृतका का चप्पल,हेयर पीन व खून लगा रस्सी बरामद किया है। दर्ज केस के अनुसार मृतका की मां ने अपने भैंसुर व मृतका के बड़े पिता फिलमोन एक्का पर हत्या करने का आरोप लगाया है। आवेदन के अनुसार फिलमोन अक्सर अपने पत्नी व बच्चों के साथ मारपीट करता था और जान से मारने की कोशिश भी किया है। फिलमोन से बचने के लिए दोनों आवेदिका के घर में आकर रहते थे। इसको लेकर फिलमोन अक्सर उन लोगों से भी लड़ाई झगड़ा और जान से मारने की धमकी देता था। मृतका के पिता ने अपनी बेटी को भी फिलमोन के यहां जाने के लिए मना कर दिया था। शनिवार की शाम मृतका असरीना एक्का बकरी चराकर घर लौटी। जिसके बाद खेलने चली गई। देर शाम तक नहीं लौटने पर उसकी काफी खोजबीन की गई पर कहीं नहीं मिली।आठ बजे रात को परिजन दुबारा खोजने जाने के लिए पिछले दरवाजा से बाहर निकल रहे थे तो दरवाजे के पास असरीना का शव दिखाई दिया। इधर घटना को लेकर थानेदार ने कहा है कि बहुत जल्द हत्या का कारणों का पता कर हत्यारे को सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

## आयोजित शिविर में 44 लोगो ने कराई जांच



शिविर में मौजूद लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 132 वॉ सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया।इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 44 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। इस शिविर में हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी,वजन,हार्ट बीट,ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया,एवं स्वास्थ्य संबंधित अन्य सभी प्रकार की जांच भी आधे ही खर्च में कराई जा रही है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की यह चल रहे सप्ताहिक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर पर निसंकोच अपना और अपने परिवारों का स्वास्थ संबंधित जांच करवायें। उन्होंने कहा कि नियमित रूप स्वास्थ्य चेकअप कराते रहने से शरीर में हो रहे कई बीमारियों की जानकारी मिलती है जिससे कि उक्त बीमारियों का इलाज समय से किया जा सकता है।

## एमबी डीएवी विद्यालय में श्रीनिवास रामानुजन का जन्मोत्सव मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जीपी झा के नेतृत्व व निर्देशन में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मोत्सव के अवसर पर गणित दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बताया गया कि राष्ट्रीय गणित दिवस प्रत्येक वर्ष 22 दिसंबर को मनाया जाता है। गणित के क्षेत्र में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के अविस्मरणीय योगदान ने संसार को गणित की गणनाओं को समझने में सरलता प्रदान की है।इस अवसर पर प्राचार्य जीपी झा ने कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य है शिक्षा अनुसंधान और दैनिक जीवन में गणित के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना। बच्चों और युवाओं में गणित के प्रति रुचि विकसित करना। इस अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की तस्वीर के समक्ष प्राचार्य के साथ समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पुष्पांजलि कर किया गया ।उद्घोषक तनीषा कुमारी एवं वेद मेहर ने मंच संचालन किया। वैभव गुप्ता के द्वारा मनोरम कविता गायन किया गया। गणित के शिक्षक प्रमीत विश्वकर्मा ,गोविंद पांडे एवं गणित शिक्षिका आरती कुमारी के द्वारा प्रभावी भाषण दिए गए। विद्यार्थियों में ऋषभ सिंह, एवं उज्ज्वल ने अंग्रेजी में तथा अनुराग द्वारा संस्कृत में भाषण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर दिव्या डांस ग्रुप के द्वारा एंगल डांस की प्रस्तुति की गई एवं कक्षा चार ,पॉच ,छह के विद्यार्थियों के द्वारा एक प्रेरणादायी नाटक की प्रस्तुती की गई। शिक्षक राजकुमार गोराई एवं शिक्षिका अपराजिता के द्वारा गणित पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दो ग्रुप, ग्रुप ए और बी विजेता घोषित हुए। प्राचार्य महोदय ने कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि गणित से हमें डरना नहीं चाहिए। गणित हमें मुश्किलों से निकलना सिखाती है और मुसीबत हमारे जीवन को बेहतर बनाते हैं। कार्यक्रम में सभी गणित शिक्षक-शिक्षिकाओं प्रमित कुमार, आरती कुमारी, गोविंद पांडे, राजकुमार गोराई, अपराजिता कुमारी, विक्की कुमार आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।


कार्यक्रम में मौजूद लोग

# जैविक सब्जी की खेती कर महिलाएं लिख रही हैं आर्थिक स्वावलंबन की नयी दास्तांन

### रूका पलायन, बाहर जाने को मजबूर किसान अब अपने खेतों में बहा रहे हैं पसीना


सब्जी के फसल के साथ महिलाएं



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड का कलिगा पंचायत की महिलाएं सब्जी की खेती कर आज आर्थिक स्वावलंबन की नयी दास्तां लिख रही हैं। महिलाएं सब्जी की खेती कर सालान दो से तीन लाख रूपये सभी खर्च काटकर कमा रही हैं। खेती भी जैविक कर रही हैं। जिसे स्थानीय लोग कई हानिकारक बीमारियों के जद में आने से बच रहे हैं। जैविक खेती से किसानों ने लोगों को स्वास्थ्य रखने का भी एक अभियान चला दिया है। क्योंकि वर्तमान समय में मेहनत की गाढ़ी कमाई का आधा हिस्सा स्वास्थ्य चिकित्सा में खर्च हो जा रहा है। कभी कलिगा पंचायत घोर नक्सल प्रभावित गांव था। जहां शाम ढलते ही घरों के दरवाजे बंद हो जाते थे। पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के सदस्यों का यह क्षेत्र अड्डा रहता था। लेकिन नक्सल उन्मूलन के साथ ही क्षेत्र का विकास भी आरंभ हुआ। सब्जी की खेती से गांव में पलायन पूरी तरह रूक गई। क्योंकि एक फसलीय खेती के बाद क्षेत्र के किसान बाहर कमाने निकल जाते थे। परंतु गांव में गुमला महिला किसान स्वावलंबन ट्रस्ट की इंट्री हुई और महिलाओं को खेती के प्रति जागरूक किया। संस्थान गुमला के पूर्वी भाग के कई गांवों में वृहत पैमाने पर जैविक खेती करा रहा है। संस्थान के सहयोग से महिला किसानों को गांव में सब्जी के पौधे कम लागत में मिलने लगे। कम खर्च पर पौधे मिलने पर किसानों ने सब्जी की जमकर खेती की और उससे अधिक मुनाफा कमाया। जिसका परिणाम हुआ कि बाहर जाने वाले किसानों को उनकी पत्नियों ने घर पर ही खेती करने के लिए प्रेरित किया और आज वे अपने ही खेत पर बेहतर रोजगार प्राप्त कर अपनी जीवन शैली बदल रहे हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होने पर किसान अपने खेतों पर बोरिंग कराकर भी सब्जी की खेती कर रहे हैं। यू कहें कि खेती किसान जहां देश की आर्थिक समृद्धि का सरल मार्ग है। वहीं किसानों के उन्नति का भी सबसे कारगर उपाय है। जिन गांवों में मनरेगा से कुंआ मिला है। वहां पर भी किसान सब्जी की अच्छी खेती कर अपने जीवन स्तर को सुधार चुके हैं।

**गुमला के पूर्वी भाग के नौ पंचायतों में हो रहा है जैविक खेतीः ज्योति**

गुमला महिला किसान स्वावलंबन ट्रस्ट सीएलएफ थ्री की एरिया मैनेजर ज्योति खंडित ने बताया कि उनके संस्थान के माध्यम से गुमला के पूर्व भाग के नौ पंचायत, मुरकुंडा, अंबवा, अरमई, पुगु, कुम्हरिया, फसिया, वृंदा व कसीरा पंचायत में जैविक खेती कराया जा रहा है। जैविक सब्जी की खेती से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुई है। कलिगा पंचायत में खेती को बढ़ावा देने के लिए संस्था तीन लिफ्ट एरीग्रेशन भी लगा रही है। इन पंचायतों में वर्ष 2017 से खेती आरंभ हुई। जिसे क्षेत्र के किसानों का कायाकल्प हुआ और पलायन पर ब्रेक लग गया। संस्थान रायडीह के सिपरिंगा प्लांट से किसानों को कम दाम में सब्जी के पौधे भी मुहैया कराती है।

**सब्जी की खेती कर अपने जीवन स्तरी में किया सुधारः महिला किसान**

महिला किसान सुमति देवी ने बताया कि लगभग वे लगातार जैविक तरीके से सब्जी की खेती कर अपने जीवन स्तर में सुधार की है। 17 हजार की लागत से उन्होंने गोभी के पौधे संस्थान से लिये थे। जिसमें सभी खर्च काटकर उन्हें दो लाख रूपये का मुनाफा हुआ। उनके पति भी उनके खेती बारी में पूर्ण सहयोग कर रहे हैं। पंचायत समिति सदस्य सह किसान कमला कच्छप ने बताया कि वे जैविक तरीके से एक एकड़ भूमि पर गोभी की खेती की है। साथ ही शिमला मिर्च, तजबुज की खेती भी कर रही है। जिसे अच्छी आमदनी होगी। निर्मला तिर्की, पुष्पा देवी, आशा देवी, राधिका देवी व बिरसमुनी देवी ने बताया कि पहले उनके गांव के लोग धान की फसल कर बाहर कमाने चले जाते थे।

## डालसा रांची ने नाबालिग के साथ हुए मारपट व दुष्कर्म मामले में लिया संज्ञान


पीड़िता के घर पहुंचे डालसा टीम के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** नाबालिक लड़की के साथ हुए मारपीट व दुष्कर्म की घटना को लेकर न्यायमूर्ति झारखंड उच्च न्यायालय सह कार्यकारी अध्यक्ष झालसा रांची श्री सुजीत नारायण प्रसाद ने संज्ञान लेते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला को निर्देशित किया कि उक्त पीड़िता को यथाशीघ्र कानूनी सहायता प्रदान किया जाए। इसका अनुपालन करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ने तुरंत ही एक टीम का गठन किया। जिसमें तीन पीएलवी राजेश सिंह, गौतम कुमार सिंह और प्रेम कुमार शाह को नियुक्त किया गया। टीम के सदस्य पीड़िता का घर जाकर उसके परिवार से मिले और घर की स्थिति एवं परिवार व पीड़िता को मिल रहे सरकारी लाभ के विषय में जानकारी प्राप्त की। साथ ही डीएलएसए के द्वारा एक पैनल लॉयर सुधीर कुमार पांडे को भी पीड़िता को कानूनी सहायता प्रदान करने हेतु नियुक्त किया गया और पीड़िता को पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत मुआवजा देने का प्रक्रिया भी डीएलएसए के द्वारा आरंभ कर दिया गया। साथ ही डीएलएसए ने सीडब्ल्यूसी से बात की और सीडब्ल्यूसी के द्वारा पीड़िता के लिए सपोर्ट पर्सन के रूप में कमला कुमारी को नियुक्त किया गया।

## प्रभु यीशु मानवता के उद्धार के लिए धरती पर आए थेः बिशप

**गुमला।** सर्वधर्म सदभावना मंच के द्वारा एराउज के सभागार में खीस्त मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य के रूप में बिशप लिनुस पिंगल एक्का शामिल हुए। मौके पर बिशप ने कहा कि खीस्त मिलन समारोह से समाज में प्यार और एकता आती है। उन्हें प्रभु के बारे में आशीष जानकारी प्राप्त होती है। जिससे जीवन में अलौकिक परिवर्तन होता है। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मानवता के उद्धार के लिए धरती पर आए थे। उन्होंने मानव धर्म को सबसे बड़ा धर्म समझा और सभी लोगों को यही सीख दिया कि मानव की सेवा ही ईश्वर की सेवा है और कोई भी बड़ा छोटा नहीं होता है। इसलिए सभी मानव का आदर सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर सर्व धर्म सदभावना मंच के संस्थापक फादर खीस्तोफर लकड़ा , अध्यक्ष एएन पी श्रीवास्तव, सचिव रंजीत सरदार, कोषाध्यक्ष सैयद खालिद शाह, रविंद्र कुमार सिंह, प्रोफेसर बीएन पांडे, सेत कुमार एक्का, विनोद कुमार गुप्ता, राजेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

## राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रतिभागी हुए रवाना

**लोहरदगा।** राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2024-25 में लोहरदगा जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रविवार को रांची जिला रवाना हुए। प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला से सामूहिक लोकगीत में 10 प्रतिभागी , एकल लोकगीत में 1 प्रतिभागी, भाषण में 1 प्रतिभागी, कविता लेखन में 1 प्रतिभागी राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के बाद राष्ट्रीय स्तरीय युवा महोत्सव नई दिल्ली में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना होते समय जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा व प्रतिभागी मौजूद थे।

## धरधरिया जलप्रपात पर्यटकों के लिए स्वर्ग

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा प्रखंड में स्थित धरधरिया जलप्रपात का दृश्य मन को प्रफुल्लित करता है। पर्यटक सेन्हा के धरधरिया जलप्रपात में नए साल के मौके पर प्रकृति की गोद में उत्सव मनाने पहुंचते हैं। यहां ऊंचाई से गिरता पानी और पहाड़ की सुंदरता मन को आनंदित करती है. नव वर्ष को लेकर धरधरिया को पर्यटकों का इंतजार रहता है। पर्यटक भी धरधरिया के दीदार को बेताब रहते हैं। नए साल में यहां पर्यटकों की भीड़ उमड़ती है यहां का नजारा अपने आप में बहुत अद्भुत है जो एक बार यहां आ जाए, वह यहां की तस्वीरों को अपने कैमरे में कैद किए बिना नहीं रह सकता। युवा यहां आपको जलप्रपात का दीदार कर सेल्फी लेते दिख जायेंगे। धरधरिया जलप्रपात को पहले नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। मई 2011 में धरधरिया जलप्रपात में पुलिस और नक्सलियों के बीच मूठभेड़ और विस्फोट में 11 जवान शहीद हो गए थे लेकिन अब जिले से जब से उग्रवाद कम हुई है तस्वीरे बदलने लगी है और लोग जलप्रपात का दीदार करने दूर दूर से पहुंच रहे है। लोहरदगा जिला मुख्यालय से 24 किलोमीटर दूर स्थित यह पर्यटन स्थल आज फिर से गुलजार हो चुका है। क्षेत्र की रौनक लौट आई है।

## झामुमो का क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**चैनपुर।** चैनपुर के लूथरन स्कूल मैदान में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज के नेतृत्व में सामूहिक क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इससे पूर्व चैनपुर झामुमों जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज के नेतृत्व में बस स्टैंड से लूथरन मैदान तक कार्निवल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने भाग लिया। नाचते गाते व आतिशबाजी करते हुए कार्निवाल शोभा यात्रा में लोग लूथरन मैदान तक पंहुचे। कार्यक्रम स्थल के बगल में बनाया गया चरनी आकर्षक का केंद्र रहा। फादर पवन लकड़ा व पादरी नवीन बेक के द्वरा चरनी आशीष के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर मुख्य वक्ता फादर पवन लकड़ा ने कहा कि क्रिसमस का यह त्यौहार खुशी शांति भाईचारा बांटने का संदेश देता है।

## आदिवासी किसान मजदूर पार्टी व अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा की बैठक संपन्न

**गुमला।** आदिवासी किसान मजदूर पार्टी एवं अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा की संयुक्त बैठक इंडोर स्टेडियम में गांधी प्रतिमा के सामने हुई। जिसमें भारत माला परियोजना के तहत रायपुर धनबाद एक्सप्रेस वे निर्माण के खिलाफ संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया गया। बैठक में एक जन प्रस्ताव पारित कर भरदा से कटकायां तक 32 किमी रैयती भूमि में किसी भी प्रकार का सड़क निर्माण से सम्बन्धित काम पर रोक लगाया गया है। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा कि केन्द्र सरकार की आदिवासी विरोधी मंशा कामयाब नहीं होने दी जाएगी। सड़क निर्माण के अन्य विकल्प मौजूद होने के बावजूद सरकार आदिवासियों की उपजाऊ जमीन हड़प कर कॉर्पोरेट्स को लाभ पहुंचाना चाहती है।

## विकास भारती द्वारा संचालित ज्ञान निकेतन स्कूल का मनाया गया स्थापना दिवस

**गुमला।** विकास भारती बिशनपुर द्वारा संचालित ज्ञान निकेतन स्कूल का स्थापना रविवार को मनाया गया। विकास भारती ज्ञान निकेतन में वर्तमान समय में 170 बालक व 150 बालिकाओं को आवासीय सुविधा के साथ निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रही है। ज्ञान निकेतन में गुमला, लोहरदगा एवं लातेहार जिले के अनाथ, असहाय, गरीब आदिम जनजाति, अनुसूचित जनजाति (उरांव, मुंडा, खेरवार, लोहरा, असुर बिरजिया, कोरवा एवं नगेसिया) बच्चे रहकर अपना भविष्य गढ़ रहे हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर बच्चों का वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन एसएस हाई स्कूल मैदान बिशनपुर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर चार सौ मी, दो सौ मी, सौ मीटर रिले रेस, मेंढक दौड़, तीन टांग का दौड़, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, ऊंची कूद, लंबी कूद, आदि कई प्रकार के प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले प्रतिभागी को पुरस्कृत भी किया गया।

## इंद मेला हमारी धरोहर, इसे सहेज कर रखें: मंगल सिंह भोगता

**गुमला।** पालकोट प्रखंड के केराटोली ग्राम में इंद मेला सह नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय प्रभारी किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश श्री मंगल सिंह भोकता शामिल हुए और विधिवत फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर श्री भोकता ने कहा कि इंद मेला हमारी धरोहर व विरासत है। जिसे हमें सहेज कर रखना है। इंद मेला अच्छी वृष्टि व अच्छी फसल होने पर ग्राम देवता से आशीर्वाद पाने के लिए मनाया जाता है। श्री भोकता ने कमिटी को सहयोग राशि भी दिए। मौके पर सुहाना देवी ,रजनी देवी, भारत सिंह कयूम अब्बास आदि कलाकारों ने नागपुरी गीत व आधुनिक गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन किया। इस अवसर पर इंद मेला कमेटी के भंवरा सिंह, केशर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष गुड्डू सिंह, भवन सिंह, आनंद सिंह, सुदर्शन प्रधान, महिपाल सिंह, निमरोध एक्का आदि उपस्थित थे।

## पौष जतरा का मुखिया ने किया उद्घाटन

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के चुंदरी गांव में समिति द्वारा पौष जतरा का आयोजन किया गया। जतरा में पहान पुजार विष्णु उरांव, सुसार और ग्रामीणों द्वारा अड़िया देवता और देवरिया का पूजा किया गया। इसके उपरांत पौष जतरा का उदघाटन मुखिया विनीता कुमारी द्वारा फीता काटकर किया गया। जतरा में खिलौने मिठाई की दुकानें सजी। जहां बच्चों ने जमकर लुप्त उठाया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि जतरा के आयोजन से आपसी मेल जोल बढ़ता है। पूर्वजों के द्वारा दी गई धरोहर को हम सभी को संजोग के रखने की जरूरत है। जतरा को संरक्षित करने की जरूरत है। वहीं पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने कहा की हमें अपनी संस्कृति सभ्यता और परंपरा को आगे बढ़ाने की जरूरत है।

## ऑल बॉक्साइट माइन्स संघर्ष समिति गुमला की बैठक संपन्न

**घाघरा।** ऑल बॉक्साइट माइन्स संघर्ष समिति गुमला की बैठक रविवार को कोडले गांव में हुई। बैठक की अध्यक्षता शिवकुमार भगत ने किया। बैठक में खनन प्रभावित क्षेत्र घाघरा पाठ, घुघरू पाठ, बीरोपानी व डेम्बाडीह सहित कई जगह के लोग मौजूद थे। इस दौरान निर्णय लिया गया कि जनवरी के पहले सप्ताह से बीमरला माइंस का ट्रांसपोर्टिंग व खनन कार्य पूरी तरह से बंद रहेगा। इस दौरान शिवकुमार भगत टुनटुन ने कहा हिंडाल्को के द्वारा शोषणात्मक कारवाइए से आमजन त्रस्त है। हिंडाल्को को 18 सूत्री मांग सौंपा गया था।

स्पीड न्यूज

## करंट लगने से 8 वर्षीय बच्चा घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मारंगलोइया ग्राम में रविवार को बिजली का करंट लगने से 8 वर्षीय बच्चा घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद फैयाज 8 वर्ष पिता मोहम्मद फिरोज ग्राम मारंगलोइया थाना बालूमाथ निवासी अपने घर में खेल रहा था। इसी दौरान बिजली का नंगा तार स्पर्श हो जाने से उसे करंट लग गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लाया गया। जहां चिकित्सक सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## बीपीओ नें लगाया पूर्व सांसद प्रतिनिधि पर गंभीर आरोप

**गारू।** गारू प्रखंड के प्रभारी मनरेगा बीपीओ मुकेश प्रसाद नें पूर्व सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुमार पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि सांसद प्रतिनिधि के नाम पर जनवरी खर्चा के नाम पर राशि का मांग किया था। नहीं मिलने पर मीडिया में अनर्गल बयानबाजी की बात कही है। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि गारू प्रखंड में ओमप्रकाश कुमार वर्तमान में सांसद प्रतिनिधि का चोला ओढ़कर जनता एवं अधिकारियों को दिग्भ्रमित करने का कार्य कर रहा है. भारतीय जनता पार्टी के गारू मण्डल अध्यक्ष सुनेश्वर सिंह नें कहा की ओमप्रकाश कुमार पर विधानसभा चुनाव में पार्टी विरोधी कार्य करने का आरोप लगा है। ऐसे में मीडिया में सांसद प्रतिनिधि बताकर बयानबाजी से भारतीय जनता पार्टी की छवि धूमिल हो रहा है। जब तक सांसद महोदय का पत्र नहीं आता है तब तक ऐसी बयानबाजी नहीं करना चाहिए। मामले में संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

## माकपा का 8 वां जिला सम्मेलन संपन्न, नई जिला कमिटी गठित

**चंदवा।** माकपा का 8वां लातेहार जिला सम्मेलन रविवार को अलौदिया में संपन्न हुआ। सम्मेलन की शुरूआत पार्टी के अयुब खान के द्वारा लाल झंडा फहराकर किया गया, जहां पार्टी के पूर्व महासचिव दिवंगत कॉ. सीताराम येचुरी, पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य, पूर्व सांसद बासुदेव आचार्य के अलावा पार्टी और जनांदोलनों में मारे गए लोगों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सम्मेलन में बतौर पर्यवेक्षक और माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने प्रतिनिधि सत्र का उदघाटन करते हुए कहा कि देश काफी गंभीर दौर से गुजर रहा है. मोदी सरकार की नीतियों के चलते देश की अर्थव्यवस्था खोखली हो गयी है। देश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। भारत के संविधान पर हमला हो रहा है। वहीं अयूब खान ने लातेहार सहित झारखंड में बेरोजगारी, विस्थापन, पलायन, बढ़ती गरीबी, आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों का क्षरण, दलितों को उनके मूलभूत अधिकारों से वंचित रखना जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर पार्टी पूरे राज्य में आंदोलन करने की बात कही। जबकि जिला सचिव सुरेन्द्र सिंह के द्वारा सांगठनिक रिपोर्ट पेश किया गया, सम्मेलन की अध्यक्षता शोभन उरांव और पंचु गंझू ने की व 11 सदस्यीय नई जिला कमिटी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें रशीद मियां जिला सचिव चुने गए। जिला कमिटी में अयुब खान, सुरेन्द्र सिंह, शोभन उरांव, पंचु गंझू, बैजनाथ ठाकुर, मनु उरांव, सनिका मुंडा, बसंत राम, हनुक लकड़ा, ललन राम एवं आमंत्रित सदस्य के रूप में साजिद खान, सनीका मुंडा, दसवां परहैया, प्रमोद उरांव, सुरेन्द्र उरांव शामिल किये गए हैं।

## टेम्पु यूनियन लातेहार के गठन को लेकर बैठक आयोजित



बैठक में मौजूद यूनियन के लोग।

**लातेहार।** लातेहार के बाजार टांड में टेम्पु यूनियन लातेहार के गठन के लिए एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों टेम्पु चालक और मालिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह बैठक टेम्पु चालकों और मालिकों की समस्याओं और उनके अधिकारों की रक्षा हेतु एक सशक्त मंच के निर्माण के उद्देश्य से बुलाई गई थी। बैठक की अध्यक्षता प्रवीण दास ने की, जिन्होंने सभी सदस्यों को एकजुट होकर यूनियन के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा दी।बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्षः प्रवीण दास, मुख्य संरक्षकः अमित पाण्डेय, सचिवः प्रदीप यादव, सह सचिवः अर्जुन यादव, कोषाध्यक्षः महेंद्र दास, सह कोषाध्यक्षः बहादुर सिंह, मीडिया प्रभारीः प्रभु यादव को बनाया गया। बैठक में मुख्य संरक्षक अमित पाण्डेय ने कहा टेम्पु यूनियन का गठन न केवल चालकों और मालिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा, बल्कि यह उनके सामूहिक विकास और कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। हमारी यूनियन का उद्देश्य उनकी समस्याओं का समाधान करना और उन्हें एक सशक्त मंच प्रदान करना है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि वे यूनियन को मजबूत बनाने और सभी चालकों व मालिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा साथ खड़े रहेंगे।

# भाजपा विधायक के जीत पर अभार सभा का आयोजन

## प्रकाश राम ने जीत पर कर्यकर्ता व जनता का जताया आभार, कहा जनहित के मुद्दो पर सड़क से लेकर सदन तक बनूंगा आवाज

खबर मन्त्र संवाददाता



आभार सभा में शामिल भाजपाई।

**बारियातू।** प्रखंड स्थित खेल स्टेडियम मे लातेहार विधायक प्रकाश राम के जीत के उपलक्ष्य मे पार्टी के कार्यकताओं संग समीक्षा सह अभार सभा का आयोजन किया गया। सभा का संचालन ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लव सिंह, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद, जिला महामंत्री ब्रजमोहन राम, सोनु प्रजापति सहित कई लोगों ने अपनी बात रखी. सभा को संबोधित करते हुए विधायक प्रकाश राम ने सभी कार्यकर्ता व समर्थको का अभार व्यक्त किया। उन्होंने यह चुनाव जीताने मे अपने कार्यकर्ता व समर्थको के ईमानदारी और मेहनत को श्रेय देते हुए कहा कि यह चुनाव जीताने में सभी समुदाय के लोगों का अहम योगदान है। सबके सहयोग से हम 434 वोट से चुनाव जीते है। हम अपने क्षेत्र के लोगों के उम्मीदों के अनुरुप काम करेंगे। हम जनता के साथ जनता का आवाज बनकर खड़े रहेंगे। चाहे सदन हो या सड़क, आगे उन्होंने कहा कि हम महिने मे एक दिन जिला व प्रखंड मुख्यालय में पदाधिकारीयों के साथ बैठेंगे व जनता को प्रखंड व अंचल कार्यालय में होने वाले विभिन्न कार्यों में परेशानी से मुक्त करेंगे। इस दौरान इटके बुथ मे सराहनीय प्रदर्शन के लिए मो.माशुम व मो. आशिफ को विधायक राम ने माला पहनाकर अभार प्रकट किया। अंत मे सभा के माध्यम से लोगों का समस्या को सुने व उनके समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर भारी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

# सामुदायिक पुलिसिंग के तहत चंदवा में निःशुल्क मेडिकल कैम्प का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



मेडिकल कैंप का उद्घाटन करते अतिथि।

**चंदवा।** लातेहार एसपी कुमार गौरव के निदेर्शानुसार सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत रविवार को चंदवा की इंदिरा गांधी चौक स्थित होटल मयूर परिसर में निःशुल्क नेत्र जांच एवं हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सीओ जयशंकर पाठक, इंस्पेक्टर रणधीर कुमार, बीडीओ चंदन प्रसाद, दिव्यम नेत्र अस्पताल के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सा डॉ अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर लिया। उद्घाटन के उपरांत दिव्य नेत्र अस्पताल रांची के कुशल मेडिकल टीम की देखरेख में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए पांच दर्जन से अधिक मरीज का निःशुल्क नेत्र जांच की गई व दवा का भी वितरण किया गया। कैंप को संबोधित करते हुए डॉ. अभिषेक सिंह ने नेत्र रोग उपचार व आंखों की समुचित देखभाल से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान श्री अभिषेक ने वादा करते हुए कहा कि जल्द ही वह क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल खुलने जा रहे हैं। जिसमें गरीबों के लिए विशेष छूट और सेवाएं दी जाएगी। वहीं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ धनंजय ने हृदय रोग से संबंधित जानकारी और बचाव संबंधित अहम बातें लोगों के बीच साझा किये। मौके पर सत्येंद्र यादव, उमेश यादव, असगर खान, बाबर खान, एएसआई सरोज सिंह, छत्रपाल सिंह, कृष्ण मुंडा, रविंद्र कुमार सिंह काफी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

## आदर्शनी की जन्म दिन पर चिकित्सा शिविर का आयोजन



**लातेहार।** छिपादोहर निवासी डॉ. सुनिल कुमार एवं उनकी पत्नी मंजू देवी ने अपनी नतनी आदर्शनी (निशु)के जन्म दिन के अवसर पर छिपादोहर के लात पंचायत के पतराडीह गांव में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। चिकित्सा शिविर में एसभीडीएम हॉस्पिटल के डॉ हरिओम प्रसाद एवं छिपादोहर के स्थानीय चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय निवासियों के लिए स्वास्थ्य जांच,रक्त परीक्षण, शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। 350 मरीजों को स्वास्थ्य जांच कर दवा का वितरण किया गया। वहीं दवा वितरण केन्द्र में माग्रेट व उनकी सहयोगी उपस्थित रहे। इस मौके पर मुखिया जगसहाय सिंह, अशोक यादव, संजय सिंह, जयकिशोर प्रसाद, प्रेम दुबे, मो. कुबीन, शहनाज अकरम, विशाल कुमार मनोज प्रसाद माग्रेट तिर्की सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत अलौदिया में शिविर का हुआ आयोजन



शिविर में लाभार्थियों को चेक सौंपते अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

**चंदवा।** सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत रविवार को प्रखंड अंतर्गत बोदा, अलौदीया, चंदवा पूर्वी, व पश्चिमी का विशेष शिविर कार्यक्रम अलौदीया पंचायत सचिवालय में संपन्न हुआ। बीडीओ चंदन प्रसाद्र सीओ जयशंकर पाठक, उप प्रमुख अश्विनी, मिश्र व महेन्द्र साहू ने दीप प्रज्वलित कर शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर कार्यक्रम में अलौदिया ग्राम प्रधान ने अलौदीया सरना स्थल के लिए अमीन मुहैया कराते हुए मापी कराने की मांग को लेकर अंचलाधिकारी को आवेदन सौपा। प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी द्वारा आन द स्पाट दर्जनों मामलों का निष्पादन करके सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केन्द्र व राज्य सरकार से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जेएसएलपीएस के माध्यम से चांद स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 9 लाख का चेक बीडीओ समेत अन्य अतिथियों ने सौपा। मौके पर मुखिया फुलजेन्सिया टोप्पो ललिता देवी, संगीता लकड़ा, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार सीआई महेश सिंह कर्मचारी मुनेश्वर गंझू कुश कुमार अमित गुप्ता मुखिया प्रतिनिधि संदीप टोप्पो समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## जन्मशताब्दी वर्ष तथा अखंड ज्योति का शताब्दी वर्ष पर ज्योति कलश रथ यात्रा को लेकर बैठक सम्पन्न



बैठक में शामिल गायत्री परिवार के सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ परिसर में रविवार को जिला स्तरीय सम्मेलन सह गोष्टी संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता पलामू उप जोन समन्वयक सह प्रभारी शिव शंकर सिंह ने की। श्री सिंह ने बताया कि माता जी की जन्मशताब्दी वर्ष तथा अखंड ज्योति का शताब्दी वर्ष पर ज्योति कलश रथ यात्रा हरिद्वार से निकलेगी। यह यात्रा 26 फरवरी से 7 मार्च के बीच लातेहार जिला में रहेगी। इस कार्यक्रम को हमें सफल बनाना है। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर लोगों ने अपने विचार रखें। सभी प्रखंडों की जिला समिति के सदस्य तथा प्रखंड समन्वय समिति के सदस्य एवं ट्रस्टी गणों ने अपने बहुमूल्य विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम से पूर्व सभी प्रखंडों में गायत्री परिवार के लोग कार्यक्रम आयोजित कर दीप यज्ञ कर लोगों को कार्यक्रम के प्रति जागरूक करेंगे एवं कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपील भी करेंगे। इसके अलावा उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंडों में गायत्री शक्तिपीठ की बैठक संपन्न होगी।

मौके पर मुख्य रूप से सुशील कुमार यादव, केदारनाथ महतो, अजय कुमार,अर्जुन राणा,अंबिका सिंह, देवेंद्र प्रसाद, कृष्णकांत गुप्ता, आलोक कुमार चौरसिया, प्रभात गुप्ता, सविता साहू,अनीता देवी, सरस्वती देवी समेत बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के लोग मौजूद थे।

## खड़ी बस को बाइक सवार ने पीछे से मारी टक्कर

**चंदवा।** एनएच-99 रांची चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत थाना क्षेत्र के हिसरी गांव के समीप रविवार के दोपहर बाद एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक ने खड़ी फुलांग नमक यात्री बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवारी युवक ननकू गंझू पिता हीरा गंझू (गढ़गोमा बरियातू) गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए निजी वाहन से घायल को चंदवा सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉ नीलिमा कुमारी की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद ननकू की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए प्रिंस रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ननकू चंदवा में अपना रिश्तेदार के यहां आया हुआ था। वहीं से वह बाइक पर सवार होकर अपने घर बरियातू लौट रहा था, इसी दौरान हिसरी के समीप यात्री को उतारने के लेकर फुलांग बस रुकी व बाइक पीछे से जाकर बस में टकरा गई।

## कांग्रेस अध्यक्ष बने दरोगी यादव, कार्यकर्ताओं ने दिया बधाई



नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई देते कार्यकर्ता।

**मनिका।** मनिका प्रखंड के कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष का दायित्व दरोगी प्रसाद यादव को सौंपा गया है। वहीं दिन रविवार को कांग्रेस पार्टी के जिला कमेटी के द्वारा विभिन्न प्रखंडों के अध्यक्षों का सूची जारी किया गया है जिसमें मनिका प्रखंड के लिए अध्यक्ष के पद पर दरोगी प्रसाद यादव को मनोनीत किया गया है। वहीं श्री यादव को अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकताओं में काफी उत्साह है। मौके पर मनिका प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान ने बताया कि दरोगी प्रसाद यादव को अध्यक्ष बनने से पार्टी और भी मजबूत होगी और कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ पार्टी के हित के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष दरोगी प्रसाद यादव को बधाई देते हुए बताया कि दिन सोमवार को कांग्रेस कार्यालय मनिका में नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष दरोगी प्रसाद यादव के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें कांग्रेस पार्टी के सैकड़ो कार्यकताओं के साथ-साथ कई गणमान्य नेता भी शामिल होंगे। मौके पर उपस्थित सुरेंद्र भारती,अख्तर अंसारी,अरुण सिंह,कृष्ण यादव,गुलाम हुसैन,तस्लीम अंसारी,संजय सिंह,सरयू यादव,समेत कई कार्यकताओं ने नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष को मिठाई खिलाकर बधाई दिया।

## एनएचएआई प्रभावित संघर्ष समिति की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

**चंदवा।** रांची रोड स्थित होटल तनिष्क में रविवार को एनएचएआई प्रभावित संघर्ष समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश सोनी ने की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सिकनी, सासंग, लुकुईया, अमझरिया समेत प्रभावित हो रहे अन्य गांव के रैयत मौजूद थे। बैठक में प्रभावित हो रैयतों के समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गए। समिति ने कहा कि जिन रैयतों की जमीन में किसी प्रकार की त्रुटि है, वे अपनी भूमि संबंधित सभी कागजात समिति के पास जमा करवाए ताकि समिति के लोग अंचल कार्यालय एवं एनएचएआई को त्रुटि से संबंधित जानकारी दे सके। वहीं यह भी कहा कि जब तक भूमि संबंधी त्रुटियों में सुधार नहीं हो जाती तब तक एजेंसी द्वारा उनकी भूमि पर किसी पर प्रकार के कार्य नहीं करने दिया जाएगा। इसके अलावे लोगों ने सर्व समिति से कहा कि भूमि सुधार एवं बाजार मूल्य दी दर पर मुआवजा तय नहीं हो जाता तब तक हम अपनी भूमि नहीं देंगे। अगर हमारे रैयती भूमि पर एजेंसी द्वारा किसी भी प्रकार के कार्य कराए जाएंगे तो हम सभी मिलकर एकजुट होकर इसका विरोध करेंगे। लोगों ने कहा कि हमारी खेती योग्य भूमि कौड़ी के भाव कंपनी और जिला प्रशासन लेना चाह रही है, अगर हमारी भूमि इस मूल्य पर चली गई तो हमारे सामने कुछ भी नहीं बचेगा। मौके पर सत्येंद्र प्रसाद यादव, लाल रणविजय नाथ शाहदेव, वासुदेव यादव, शशिकांत गिनोडिया, हिदायतुल्लाह, अवधेश कुमार यादव, जितेंद्र यादव, धीरज मुंडा, सदन लोहार, सुदामा सिंह, मिथुन उरांव, तारकेश्वर राम, दीपक वैद्य, स्माइल अंसारी, मुकेश यादव, राजेंद्र प्रसाद यादव, प्रेमचंद यादव, सकेन्द्र यादव, जोगिंदर यादव प्रभावित होने वाले गांव के रैयत मौजूद थे।

# दीपक राज को बनाया गया प्रजापति समाज का अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में उपस्थित प्रजापति समाज के लोग।

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत अहिरपुरवा ग्राम स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को प्रजापति सम्मलेन सह वन भोज कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर समाज की महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई। इस सम्मेलन में समाज के कई वरिष्ठ एवं युवा सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक का उद्देश्य समाज के सदस्यों के बीच एकता, सहयोग और विकास की भावना को मजबूत करना था। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और समाज के समग्र विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। समाज के नेताओं ने इन विषयों पर ठोस रणनीतियां बनाने और उन्हें धरातल पर उतारने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में सर्वसम्मति से दीपक राज को प्रजापति समाज का अध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही उपेंद्र प्रजापति को सचिव, कमलेश प्रजापति को कोषाध्यक्ष और भोला प्रजापति को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं जितेंद्र प्रजापति को सक्रिय सदस्य के रूप में शामिल किया गया। इन पदाधिकारियों ने समाज की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और विकास कार्यों में पूर्ण सहयोग का वादा किया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष दीपक राज ने अपने संबोधन में कहा प्रजापति समाज की उन्नति के लिए सभी सदस्यों का सक्रिय सहयोग और भागीदारी आवश्यक है। हम समाज के हर व्यक्ति को साथ लेकर चलेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार उचित प्लेटफार्म पर रखकर कराने का काम करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि अगली बैठक में संगठन का विस्तार किया जाएगा। समाज ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने नई कमेटी के गठन का स्वागत किया और इसे समाज के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। वरिष्ठ सदस्यों ने विश्वास जताया कि दीपक राज और उनकी टीम के नेतृत्व में प्रजापति समाज नई ऊंचाइयों को छुएगा। बैठक में मुख्य रूप से अधिवक्ता सुनील प्रजापति, संजय कुमार, महेंद्र प्रजापति, भोला प्रजापति, कमलेश प्रजापति, संजय प्रजापति, प्रमोद प्रजापति, तुलसी प्रजापति, रामनाथ प्रजापति, बिहारी प्रजापति, पवन कुमार, अंकित कुमार, प्यारी प्रजापति, अनिल कु.प्रजापति, ओमप्रकाश प्रजापति, सुनील प्रजापति, महेश प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति, अंबिका प्रजापति, राजदेव प्रजापति, मिथिलेश प्रजापति समेत प्रजापति समाज के कई लोग मौजूद थे।

## झालसा ने किया डोर टू डोर प्रोग्राम



जानकारी देते पीएलवी।

**गढ़वा।** माननीय नालसा एवं झालसा के अध्यक्ष नलिन कुमार एवं सचिव रवि चौधरी के आदेशानुसार 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में रविवार को कल्याणपुर पंचायत के जुटी ग्राम में डोर टू डोर प्रोग्राम किया गया। इस दौरान पीएलवी तृप्ता भानु ने छोटी छोटी आपसी विवाद को समझौते के साथ कैसे ठीक किया जा सकता है इसकी जानकारी दी। साथ ही इसमें पीएलवी और मेडिटेशन सेंटर की क्या भूमिका होती है इसकी जानकारी दी। पीएलवी संगीता सिन्हा एवं पीएलवी उमा शंकर द्विवेदी ने बाल मजदूरी, बाल व्यापार, नशाखोरी, दिव्यांग बच्चों के लिए चलाए जा रहे सरकार के योजना, सीडबल्यूसी की भूमिका से संबंधित जानकारी दी। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन



विजेता टीम।

**गढ़वा।** राष्ट्रीय फामेर्सी सप्ताह और फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के फामेर्सी संकाय में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान कबड्डी, क्रिकेट, कैरम, रस्सा कसी आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बी फार्मा फर्स्ट ईयर ने रस्सा कसी, बी फार्मा सेकंड ईयर ने क्रिकेट और कबड्डी में अपनी बादशाहत साबित की। वहीं बालिका वर्ग में बी फार्मा सेकंड ईयर ने रस्सा कसी और बी फार्मा फर्स्ट ईयर ने कबड्डी में धाक जमाई। बी फार्मा फर्स्ट ईयर के सौरभ ने कैरम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित किया। मौके पर बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, फामेर्सी संकाय के अधिष्ठाता डॉ मनीष दुबे, राहुल कुमार, रोहित गुप्ता, महेश सिंह, नेहा खरे, राकेश सिंह, आनंद गुप्ता, शशि भूषण, अरुण, हिमांशु, विशाल सिंह आदि उपस्थित थे। 23 दिसंबर को कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

# भ्रष्ट अधिकारी आज से ही सुधर जाएं, नहीं तो जाएंगे जेल : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी।

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा है कि गढ़वा जिले के सभी भ्रष्ट अधिकारी आज से ही सुधर जाएं, अपने कार्यशैली को सुधार लें नहीं तो निश्चित रूप से जेल जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आज कसम खा लें कि कल से रिश्वत नहीं लेना है और जनता का सही तरीके से काम करना है। नहीं तो उनकी जगह सलाखों के पीछे होगी। विधायक श्री तिवारी ने रविवार को अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। विधायक श्री तिवारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव परिणाम आए हुए आज ठीक एक माह हो चुका है। फिर भी अधिकारी अपने पुराने ढर्रे पर ही चल रहे हैं। प्रखंड, अंचल, पीडीएस सभी विभागों में घूसखोरी चरम पर है। आम जनता की जमीन जबरन कब्जा कर उस पर बगैर मुआवजा दिए सरकारी निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य में सभी पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी अपनी ताकत लगा रहे हैं। अतिक्रमण हटाने के नाम पर गरीबों का मकान एवं दुकान उजाड़ कर उन्हें पूरी तरह से बेघर कर दिया जा रहा है। यह सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि वे कल ही अधिकारियों से मिलकर हाई कोर्ट के निर्देश की जानकारी लेते हुए अतिक्रमण पर हटाने पर अपनाई जा रही दोहरी नीति को बंद करने की बात कहेंगे। विधायक ने कहा कि जरूरत पड़ी तो वे जनता के साथ सड़क पर भी उतरेंगे। विधायक ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर बड़े-बड़े लोगों का बड़ा-बड़ा बिल्डिंग छोड़कर सिर्फ गरीबों की झोपड़ी तबाह की जा रही है। यह सरासर अन्याय है। विधायक ने कहा कि वे किसी भी जनता के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। इसके लिए चाहे उन पर मुकदमा ही दर्ज क्यों ना हो जाए। जनता के हितों की रक्षा के लिए वे हर झंझावात झेलने को तैयार हैं। मौके पर मुख्य रूप से विवेकानंद तिवारी, विनोद चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे।

## ट्रक एवं कार की टक्कर में कंडक्टर की मौत

**रंका।** अम्बिकापुर मार्ग स्थित हुरदाग के समीप हुए ट्रक एवं कार की टक्कर में बाबा बस के कंडक्टर कुणाल पाण्डेय की मौत अस्पताल में इलाज के क्रम में हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कुणाल अपने बाबा नामक बस को पकड़ने के लिए निकले। रंका से लोहवापुर के समीप गढ़वा के एजेंट पप्पू सोनी ने कुणाल पाण्डेय को अपनी कार से बैठा लिया। इसी क्रम में हुरदाग के समीप छत्तीसगढ़ से आ रही ट्रक से कार की टक्कर हो गई। जिससे कुणाल पाण्डेय, कार चालक पप्पू सोनी और राधिका शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस से घायलों को रंका अस्पताल लाया। जहां इलाज के दौरान कुणाल पाण्डेय की मौत हो गई। मृतक कुणाल पलामू के भंडार के रहने वाले थे। रंका पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है।

### ऐतिहासिक गांधी मैदान में गोड्डा प्रीमियर लीग मैच के ग्यारहवें सीजन का

# जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, गोड्डा ने किया विधिवत शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज जिला क्रिकेट संघ, गोड्डा के तत्वावधान में आयोजित गोड्डा प्रीमियर लीग के ग्यारहवें सीजन का शुभारंभ जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर के द्वारा गुब्बारा उड़ाकर एवं बल्लेबाजी कर किया गया। इससे पूर्व उपायुक्त ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। वहीं जिला क्रिकेट संघ के सचिव श्री रंजन कुमार के द्वारा उपायुक्त को बुके देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री जिशान कमर ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आपको अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए अपनी सफलता के लिए संकल्प लेना होगा। वहीं अपना संकल्प पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी, तभी आप सफलता हासिल कर सकते है। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने में संसाधन का अभाव मायने नहीं रखता है। आप अपने लक्ष्य के लिए कितनी मेहनत करते हैं, यह मायने रखता है। जिंदगी में आप अनुशासित रहते हैं, तो अवश्य सफल होंगे। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान



अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल आवश्यक है। खेल से मानसिक तथा शारीरिक दोनों ही विकास होता है। खेल से आपका स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है स्वस्थ शरीर में स्वस्थ तन का निवास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को अपने खेल में निखार लाने के लिए सदैव अपने खेल पर ध्यान देने को कहा।खेल आज बेहतर भविष्य, रोजगारोनमुख और देश के नाम को गौरव प्रदान करता हैं। कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के नाम की डंका देश और विदेशों मे धूम मचा रहे हैं हाल मे ही शतरंज के विश्व चैंपियन 18 वर्षीय गुकेश अपने छोटी सी उम्र मे ही विश्व को अपनी लोहा मनवा चुके हैं. ऐसे मे खेल एक स्वर्णिम भविष्य का निर्माण भी करती हैं। उल्लेखनीय है कि जीपीएल-11 में कुल 6 टीमें गोड्डा ब्लास्टर, गोड्डा टाइगर, एसआर के म्यूजिक मुंबई, गोड्डा रॉयल्स, एस टी ब्रदर्स, नंदन वॉरियर्स भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव श्री रंजन कुमार, क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष श्री अमित बोस,डॉ0 मौसम ठाकुर, मोहम्मद किरमान अंसारी, संजीव कुमार, सनोज कुमार, मुकेश मंडल, राजीव भंडारी सहित अन्य सदस्य एवं दर्शकगण मौजूद थे।

## भीम आर्मी व अन्य संगठनों ने निकाला मशाल जुलूस, फूंका अमित शाह का पुतला

**बोकारो।** ऑल इंडिया अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति बैकवर्ड क्लासेस एम्प्लाइज कोआर्डिनेशन कौंसिल एवं भीम आर्मी बोकारो महानगर के कार्यकताओं ने डॉ अम्बेडकर के बारे में गृह मंत्री अमित शाह के बयान के विरोध में स्थानीय नया मोड़ के समीप मशाल जुलूस निकाला। गृह मंत्री के इस्तीफे के मांग करते हुए उपस्थित लोगों ने गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। मौके पर भीम आर्मी के अध्यक्ष अजय कुमार व कौंसिल सदस्य ने कहा कि भारत सरकार को गृह मंत्री का इस्तीफा लेना चाहिए एवं गृह मंत्री अमित शाह को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। अन्यथा हम अन्य सम वैचारिक संगठनों को साथ ले रांची ही नहीं दिल्ली के लिए भी कूच कर सकते हैं। मनोज पासवान ने कहा कि यह विरोध उग्र रूप न धारण करे इसके लिए गृह मंत्री को अविलंब हटाया जाना चाहिए। मौके पर संगठनों के सभी पदाधिकारियों सहित राजेश महतो अमन कुमार आदि मौजूद थे।

## जिला रसोईया एवं संयोजिका ने विधायक को मांग पत्र सौंपा

**साहेबगंज।** जिला रसोईया एवं संयोजिका संघ की पदाधिकारी एवं सदस्य गण राजमहल स्थित क्षेत्रीय माननीय विधायक आदरणीय मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा जी के आवासीय कार्यालय में मिलकर एक मांग पत्र को सौंपते हुए पहल करने की मांग की है. विधायक जी ने संगठन के लोगों को सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहें कि जिला स्तर से जुड़े समस्याओं का त्वरित निष्पादन कराया जाएगा वहीं राज्य स्तरीय मांग को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा।

### एक नजर में

## साड़म बाजार में देशभक्त नागरिक मंच ने गृहमंत्री का पुतला फूंका

**बेरमो।** लोकसभा में अपमानजनक ढंग से बाबा भीमराव अंबेडकर को संबोधित करने के विरोध में देशभक्त नागरिक मंच बोकारो की ओर से साडम बाजार में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंका गया। इस मौके पर अपने संबोधन में कम्युनिस्ट नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी इफ्तेखार महमूद ने कहा कि लोकसभा में गृहमंत्री के अंबेडकर साहब का अपमानजनक ढंग से उद्धृत कर भाजपा का देश के महापुरुषों के प्रति नकारात्मक सोच फिर से ताजा हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का तिरंगा यात्रा देशभक्ति नहीं ,देखावटी है। वास्तविकता को गृहमंत्री ने लोकसभा में उजागर कर दिया है। श्री महमूद ने कहा कि नाथूराम गोडसे से भक्ति रखने वाले स्वतंत्रता संग्राम के महान नायकों, समाज सुधारकों को हमेशा अपमानित करने का काम करते रहे हैं। अंत में गुड़िया देवी एवं शाहजहां खातून ने गृहमंत्री के पुतला में आग लगाई। इस मौके पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अंचल सचिव सोमर मांझी, सहायक अंचल सचिव देवानंद प्रजापति, एवं अनवर रफी, ठेकेदार मजदूर यूनियन के उप सचिव मुकुंद साव, आदिवासी महासभा के जिला सचिव बिरालाल किस्कू,राजेश करमाली, चमन केवट, दिलगर केवट, बंधन महतो, सुरेश प्रजापति, जीतू सिंह, खुर्शीद आलम, पुष्पा देवी, रीना देव इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## शारीरिक व मानसिक समन्वयन तथा समग्र विकास हेतु खेलकूद जरूरी: आईजी

**बोकारो।** खेल हमें असफलता से सफलता पाने की सीख देता है चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा देता है और जीत का जज्बा सिखाता है। शारीरिक और मानसिक समन्वयन तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए खेलकूद अत्यंत ही आवश्यक है। ये बातें उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के आईजी डॉ माइकल राज एस ने डीपीएस बोकारो में आयोजित 35वें वार्षिक क्रीड़ा उत्सव समागम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छह सदनों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्पधाओं में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सम्मानित अतिथियों में जीजीपीएस बोकारो के प्राचार्य सोमेन चक्रवर्ती एआरएस के प्राचार्य विश्वजीत पात्रा चिन्मय के प्राचार्य सूरज शर्मा जीजीपीएस चास के प्राचार्य अभिषेक कुमार एवीएम चास के प्राचार्य रंजीत कुमार एवं रेनबो पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विपुल सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने सभी अभ्यागतों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन मयार्दा टीम भावना आपसी तालमेल तथा चुनौतियों से लड़ना सिखाता है। आरंभ में बच्चों ने पौधे भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। विद्यालय द्वारा अभिवंचित वर्ग के बच्चों के शिक्षार्थ संचालित दीपांश शिक्षा केन्द्र के छात्र-छात्राओं ने महादेव-नृत्य की प्रस्तुति दी। कराटे और जुम्बा डांस का प्रदर्शन भी आकर्षक रहा। विद्यालय की पत्रिका जेनिथ का विमोचन किया गया। विभिन्न खेल स्पधाओं अनुशासन और मार्च पास्ट में समेकित प्रदर्शन के आधार पर झेलम हाउस ने ओवरआल चैम्पियन गंगा हाउस दूसरे तथा चेनाब हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दीपांश के बच्चों ने भी विभिन्न खेल स्पधाओं में भाग लिया। सभी विजेताओं को मेडल व प्रमाणपत्र के साथ पुरस्कृत किया गया।

## लूट की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, दो की तलाश जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दुम गांव में बीते 18 दिसम्बर को एसबीआई के सीएसपी केंद्र में हुई करीब 75 हजार रुपए के लूट मामले में दुमका पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। पुलिस ने अपराधियों के पास से दो बाइक, तीन मोबाइल एवं अन्य सामान बरामद किया। गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है और पूर्व में भी लूट की अन्य घटनाओं को अंजाम दें चुके है। इसकी जानकारी प्रेसवार्ता कर एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने दी। उन्होंने बताया कि रविवार को तीनों अपराधियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। लूट में शामिल अन्य दो अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। एसपी ने बताया कि बीते 14 अक्टूबर को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के घासीपुर स्थित सीएसपी केंद्र से करीब एक लाख रुपए, 4 दिसम्बर को मसलिया थाना क्षेत्र के महुलबना में 40 हजार रुपए, 13 नवम्बर को रानेश्वर थाना के कदमा स्थित सीएसपी केंद्र में 50 हजार रुपए और 18 दिसम्बर को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दुम गांव में स्थित सीएसपी केंद्र से करीब 75 हजार रुपए की हुई लूट की घटना में तीनों अपराधियों की संलिप्तता सामने आयी है।

### आदिवासी सेंगेल अभियान की ओर से झारखंड में हासा - भाषा

## विजय दिवस अर्थात मातृभूमि मातृभाषा विजय दिवस मना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल स्थिति पेटरवार में आदिवासी सेंगेल अभियान की ओर से झारखंड सहित पूरे भारत ( आदिवासी बहुल प्रदेशों बिहार, बंगाल, असम, उड़ीसा आदि) में हासा - भाषा विजय दिवस अर्थात मातृभूमि मातृभाषा विजय दिवस मनाया गया। इसी के तहत पेटरवार बाजार टांड़ में भी मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता पेटरवार सेंगेल विडीयो विजय कुमार मारंडी तथा संचालन सरना धर्म मंड़वा प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार मुर्मू ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि आदिवासी सेंगेल अभियान के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू ने कहा कि आज 22 दिसंबर आदिवासी समाज के लिए खुशी का दिन है, इसी दिन हमलोगों को मातृभूमि और मातृभाषा की जीत हासिल हुई थी। महान्‌ वीर शहीद सिदो मुर्मू के नेतृत्व में हुए संताल हूल 30 जून 1855 का प्रतिफल 22 दिसंबर 1855 को संताल परगना दिशोम




और संताल परगना टेनेंसी एक्ट अर्थात जमीन बचाने का कानून पास हुआ। ठीक उसी प्रकार पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के अथक प्रयास से 22 दिसंबर 2003 को एक बड़ी आदिवासी भाषा संताली को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया। इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाने के लिए हमने आदिवासी सेंगेल अभियान की ओर से भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और संतोष गंगवार मन्यवार राज्यपाल झारखंड को पत्र लिख कर मांग किया है कि 22 दिसंबर को मातृभूमि और मातृभाषा विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एवं राजकीय अवकाश घोषित किया जाए। राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त एक बड़ी आदिवासी भाषा को आदिवासी बहुल प्रदेश झारखंड में प्रथम राजभाषा का दर्जा दिया जाए, जिसको झारखंड सहित बिहार, बंगाल, असम, उड़ीसा और विदेशों नेपाल, भूटान, बंगलादेश आदि में भी बोला जाता है। मौके पर आदिवासी सेंगेल अभियान हजारीबाग जोनल अध्यक्ष विजय टुडू ने कहा कि आदिवासी गांव - समाज में अभी तक संविधान कानून और जनतंत्र लागू नहीं है, जिसके कारण आदिवासी गांव - समाज में वंशवादी स्वशासन व्यवस्था चालू है, जो अधिकांश मांझी परगना के स्वशासन प्रमुख (मांझी बाबा) अनपढ़ पियक्कड़ एवं संविधान कानून को नहीं मानते हैं।साथ ही उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज में व्याप्त अंध विश्वास और नशापान को भी दूर करना जरूरी है इसके लिए सरकार और प्रशासन का सकारात्मक सहयोग जरूरी है। कार्यक्रम को रामगढ़ जिला अध्यक्ष भुनेश्वर हेम्ब्रम, बोकारो जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता सोरेन युवा मोर्चा अध्यक्ष मनोज किस्कू, जरीडीह प्रखंड अध्यक्ष संतोष मुर्मू, कसमार प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर मुर्मू पेटरवार प्रखंड संयोजक हरिश्चन्द्र मुर्मू युवा संयोजक संजय टुडू मुन्शी टुडू आदि ने भी संबोधित किया। इसके बाद पेटरवार तेनूचौक से न्यू बस स्टैंड पेटरवार तक जूलूस भी निकाला जिसमें संताली भाषा को झारखंड में प्रथम राजभाषा बनाना होगा 22 दिसंबर को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करना होगा आदि नरा लगा रहे थे। कार्यक्रम में सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## गरीबों और असहायों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : बबीता देवी

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के आनंद मार्ग आवासीय उच्च विद्यालय खैराचातर की ओर से आयोजित कंबल वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पेयजल व स्वच्छता और मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र महतो के प्रतिनिधि सह गोमिया की पूर्व विधायक बबीता देवी ने 310 कंबल जरूरतमंदों के बीच वितरित किया। मौके पर मुख्य अतिथि बबीता देवी ने कहा कि जरूरतमंदों निहायत गरीब असहाय लाचार वृद्ध तथा विकलांगों के बीच कड़ाके की ठंड व शीतलहरी को देखते हुए आनंद मार्ग के सौजन्य से कंबल का वितरण यानि गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं है।उन्होंने कहा कि ये जरूरतमंद पैसों के अभाव में इस कड़ाके की ठंड में भी तन ढकने के लिए गर्म वस्त्र नहीं खरीद पाते है। समारोह में आनंद मार्ग आवासीय उच्च विद्यालय खैराचातर के सचिव आचार्य देव प्रकाशानंद अवधूत प्राचार्या रजनी रंजना शिक्षाविद विगन प्रसाद जायसवाल 20सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम नागेश्वर चौधरी आनंद महतो तुलसीदास जायसवाल मनोज कुमार आशिष जायसवाल शिक्षक प्रतिनिधि कुमारी रेशमी भोला साव सुरेश महली राजेन्द्र ठाकुर सुरज पाण्डेय दिलीप महतो योगेश महतो राहुल शर्मा तपस्या कुलदीप रघु ललिता मोना किरण दीपिका के अलावे वीणा देवी सुरेन्द्र नाथ महतो लालदेव महतो छत्रु महतो हरजीवन महतो मनोज सिंह जितेन्द्र पाहन आदि मौजूद थे।

## संताल परगना स्थापना दिवस हूल के ऐतिहासिक स्थल संताल काटा पोखर में धूमधाम से मना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** संताल हुल अखड़ा के तत्वधान में रानेश्वर प्रखंड के दिगुली गांव में स्थित संताल हुल के ऐतिहासिक शहीद स्थल संताल काटा पोखर में 169 वाँ संताल परगना स्थापना दिवस बहुत धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दिन की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता बहुत खास है। क्योंकि यह दिन भारतीय इतिहास के उस अध्याय से जुड़ा है। जब आदिवासी समुदाय ने अपने अस्तित्व, अधिकार और अस्मिता की रक्षा के लिए ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ एक अद्वितीय संघर्ष किया था। संताल हुल (1855) के विद्रोह के परिणामस्वरूप, ब्रिटिश सरकार को मजबूर होकर संताल परगना नामक एक अलग प्रशासनिक क्षेत्र का गठन करना पड़ा। इस क्षेत्र को विशेष रूप से संताल आदिवासियों के अधिकारों और उनके सांस्कृतिक, सामाजिक और भूमि संबंधी अधिकारों की रक्षा के लिए बनाया गया था. संताल परगना की स्थापना का सीधा संबंध 1855 के संताल हुल (संताल विद्रोह) से है। यह विद्रोह ब्रिटिश हुकूमत, स्थानीय जमींदारों और महाजनों के अत्याचारों के खिलाफ सिदो मुर्मू, कान्हू मुर्मू, चाँद मुर्मू, भैरव मुर्मू,फूलो मुर्मू और झानो मुर्मू के नेतृत्व में हुआ था।जो सभी एक ही परिवार के थे । संताल आदिवासी समुदाय अपनी भूमि, जल, जंगल और आजीविका की सुरक्षा के लिए एकजुट हुआ और ब्रिटिश प्रशासन के खिलाफ एक सशक्त आंदोलन खड़ा किया।



**पारंपरिक परिधान मे पूजा-अर्चना व नृत्य-संगीत प्रस्तुत करते आदिवासी समुदाय के लोग**

**संताल परगना का गठन :** संताल हुल के बाद, ब्रिटिश प्रशासन ने महसूस किया कि आदिवासी समुदाय को दबाने के लिए केवल सैन्य बल ही पर्याप्त नहीं है। आदिवासियों के भूमि, जंगल और संस्कृति के प्रति विशेष लगाव को देखते हुए, ब्रिटिश शासन ने एक नई रणनीति अपनाई। ड्ट22 दिसंबर 1855 को, ब्रिटिश सरकार ने संताल परगना क्षेत्र को एक स्वतंत्र प्रशासनिक इकाई के रूप में स्थापित किया। ड्टइस इकाई के भूमि और सांस्कृतिक अधिकारों की रक्षा के लिए संताल परगना काश्तकारी अधिनियम बनाया गया। संताल परगना काश्तकारी अधिनियम सिर्फ आदिवासियों पर लागू नहीं होता है, बल्कि यह अधिनियम आदिवासी समुदाय के अलावे सभी समुदाय के काश्तकारों (किसानों) और भूमि धारकों पर भी लागू होता है जो संताल परगना क्षेत्र के भीतर भूमि का उपयोग करते हैं। इसका उद्देश्य भूमि पर आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा करना था, लेकिन इसके नियम और प्रावधान अन्य समुदाय के काश्तकारों पर भी लागू होते हैं।

**संताल परगना के भौगोलिक और प्रशासनिक पहलू :** संताल परगना क्षेत्र पहले एक ही जिला हुआ करता था जो अब झारखंड के छह जिलों में विभाजित है : दुमका (प्रमुख जिला और संताल परगना का मुख्यालय), साहिबगंज, गोड्डा पाकुड़, जामताड़ा एवं देवघर है।

इस पावन अवसर में संताल हुल के ऐतिहासिक शहीद स्थल संताल काटा पोखर में सिदो मुर्मू, कान्हू मुर्मू, चाँद मुर्मू, भैरव मुर्मू,फूलो मुर्मू और झानो मुर्मू के साथ संताल काटा पोखर में शहीद गुमनामो के नाम आदिवासी रीतिरिवाज के साथ श्रद्धांजलि दिया गया.उसके बाद भारत सेवाश्रम संघ के नित्याब्रोतानंद,गोविंदपर पंचायत मुखिया रानी मरांडी, विद्युत एक्सक्यूटिव अभिताभ बच्चन सोरेन,गौतम चटर्जी,डॉ अब्दुल रहीस खान,डॉ असीम लायक आदि ने अपना व्यक्तव्य रखे। उसके बाद नृत्य-संगीत का कर्यक्रम आयोजित हुई। इस अवसर पर संगठनो की मांगे इस प्रकार है। संताल परगना स्थापना दिवस को राजकीय और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिले, राजकीय और राष्ट्रीय पर्व घोषित किया जाये। सरकार, प्रशासन संताल काटा पोखर में संताल परगना स्थापना दिवस पर राजकीय कार्यक्रम आयोजित करने, संताल काटा पोखर में शहीद स्तम्भ बनाने, संताल काटा पोखर का सुन्दरीकरण कर होडिंग और लोहे के ग्रिल का मरम्मति करने, संताल काटा पोखर को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने, संताल काटा पोखर में स्वतंत्रता सेनानी सिदो मुर्मू, कान्हू मुर्मू, चाँद मुर्मू, भैरव मुर्मू,फूलो मुर्मू और झानो मुर्मू का प्रतिमा लगाने का मांग किया। कार्यक्रम को सफल करने में भारत सेवा आश्रम संध,सरी धर्म अखड़ा,प्रागैनेत राम सोरेन मेमोरीयल ट्रस्ट, दिसोम मरांग बुरु संताली अरी चली आर लेगचर अखड़ा,दिसोम मरांग बुरु युग जाहेर अखड़ा ने सहयोग किया। इस अवसर में सीमल हांसदा, सुनील मुर्मू,राज किशोर मरांडी, तामङ बास्की, बबलू हांसदा, बिमल हांसदा, अनुप हेम्ब्रम, ब्लू हेम्ब्रम, बाबुसोना मरांडी, लाल बाबू मुर्मू, रसुनाथ मुर्मू, राजकिशोर मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## बोकारो स्टील सीटी में सेल की पहली एकीकृत मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली प्रारम्भ

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में एचआर के क्षेत्र में शुरू की गई डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की प्रखर नामक पहली एकीकृत मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली एक क्लाउड-आधारित प्लेटफॉर्म है जो सभी एच आर प्रक्रियाओं को स्वचालित और सुव्यवस्थित करेगा। इसका उद्घाटन सेल अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश ने ऑनलाइन मोड पर किया। मौके पर बोकारो निवास में सेल के निदेशक कार्मिक केके सिंह बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी बीएसएल के ईडी अन्य प्लांट और इकाइयों से बोकारो आए हुए एचआर प्रमुख और अन्य वरीय अधिकारी तथा मेसर्स डेलॉइट के एसोसिएट डायरेक्टर सह एचसीएम-बीएसएल के परियोजना प्रबंधक अंकुर अग्रवाल एवं मेसर्स ओरेकल के क्लाउड ऑपरेशन के कंट्री हेड मधुकर उनियाल उपस्थित थे। सेल अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश ने इस अहम प्रोजेक्ट को नियत टाइम लाइन से पहले गो लाइव करने के लिए बीएसएल के एचआर व सहयोगी विभागों की टीम तथा अन्य को बधाई देते हुए कहा कि सेल को सभी क्षेत्रों में अग्रणी पंक्ति में खड़ा होने के लिए मानव संसाधन और इसके डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की अहम भूमिका होगी। सेल के निदेशक कार्मिक केके सिंह ने कहा कि आने वाले समय में इस प्रणाली को सेल के अन्य संयंत्र ० इकाइयों में भी लागु किया जायेगा। बीएसएल के डीआई श्री तिवारी सहित ईडी राजन प्रसाद एवं सुश्री राजश्री बनर्जी ने भी अपने विचार व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन सीजीएम हरि मोहन झा ने किया।

## सेल के निदेशक (कार्मिक) ने किया बोकारो स्टील प्लांट का दौरा

**बोकारो।** सेल के निदेशक कार्मिक केके सिंह ने बीएसएल के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान कई महत्वपूर्ण पहलों का शुभारंभ किया और विभिन्न हितधारकों के साथ संवाद स्थापित कर संगठन की प्रगति को नई दिशा दी। बीएसएल में एचसीएम सिस्टम के शुभारंभ और इसकी सफल गो-लाइव के साथ विभिन्न ट्रेड यूनियनों और अन्य हितधारकों के साथ बैठक कर सहयोगात्मक रणनीतियों पर उन्होंने विचार-विमर्श किया। श्री सिंह ने बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी के साथ जेएनबी पार्क में वृक्षारोपण कर जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। बोकारो निवास लॉन क्षेत्र में श्री सिंह ने बोकारो हाफ मैराथन 2025 के लिए एकीकृत पंजीकरण की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने बीएसएल के कोक ओवन एसएमएस-न्यू हॉट स्ट्रिप मिल और कोल्ड रोलिंग मिल-3 का दौरा कर इन इकाइयों का जायजा लिया। श्री सिंह ने सेक्टर 9 स्थित प्रज्ञा केंद्र सीसीबीसी में सेफ्टी ट्रेनिंग के मॉडल इक्विप्मेंट एरिया का उद्घाटन किया। अपराह्न श्री सिंह ने बीएसएल के मानव संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत संवाद किया और संगठन के दीर्घकालिक लक्ष्यों के अनुरूप मानव संसाधन नीतियों को तैयार करने पर चर्चा की। इस बैठक में बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ईडी सीजीएम व अन्य वरीय अधिकारी भी शामिल हुए।

स्पीड न्यूज

### हैदराबाद में अल्लू अर्जुन के आवास पर तोड़फोड़

हैदराबाद। उस्मानिया विश्वविद्यालय ज्वाइंट एक्शन कमेटी के सदस्य होने का दावा करने वाले लोगों के एक समूह ने रविवार को यहां स्थित अभिनेता अल्लू अर्जुन के आवास में तोड़फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने अभिनेता के खिलाफ नारे लगाए और उस महिला को न्याय दिलाने की मांग की, जिसकी इस महीने संध्या सिनेमाघर में भगदड़ के दौरान मौत हो गई थी। इस महीने की शुरूआत में अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा-2की स्क्रीनिंग के दौरान यहां सिनेमाघर में भगदड़ मच गई थी, जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी और उसका बच्चा बेहोश हो गया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।

### बंगाल में कश्मीरी आतंकी गिरफ्तार

कोलकता। जम्मू कश्मीर एसटीएफ और बंगाल पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग अस्पताल मोड़ इलाके से शनिवार रात को एक आतंकी को गिरफ्ता किया। रविवार को पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार शख्स का नाम जावेद मुंशी है और वह मूल रूप से कश्मीर के श्रीनगर का निवासी है। आरोप है कि वह आतंकवादी संगठन तहरीक-उल-मुजाहिदीन का सदस्य है।

### सीतारमण ने शक्तिपीठ तनोट माता में की पूजा

जैसलमेर। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को जैसलमेर में शक्तिपीठ तनोट माता के दर्शन किए एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां तनोटराय से देश में खुशहाली की मंगल कामना की। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 55वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में शामिल होने जैसलमेर आई थी। अपनी तीन दिवसीय जैसलमेर यात्रा के बाद रविवार दोपहर को वे इंडिगो की फ्लाइट से दिल्ली लौट गई।

# आग से खेल रहा अमेरिका

एजेंसी

- बाइडन ने की 571 मिलियन डॉलर पैकेज की घोषणा की
- ताइवान को हथियार देना बंद करे अमेरिका : चीन
- लंबे समय से द्वीप पर अपना दावा करता है ड्रैगन



बीजिंग। ताइवान को हथियारों की बिक्री और नई सहायता की घोषणाओं के बाद चीन ने रविवार को अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा है कि वह आग से खेल रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को ताइवान के लिए 571 मिलियन डॉलर तक के प्रावधान को अधिकृत किया। रक्षा विभाग ने कहा कि 295 मिलियन डॉलर की सैन्य साजो सामान की बिक्री को मंजूरी दे दी गई है। चीनी विदेश मंत्रालय ने अमेरिका से अपील की है कि वह ताइवान को हथियार देना बंद करे। ताइवान एक लोकतांत्रिक द्वीप है, जिस पर चीन अपना दावा करता आ रहा है।

अमेरिकी हथियारों की बिक्री और सहायता का उद्देश्य ताइवान को अपनी रक्षा करने में मदद करना और चीन को हमले से रोकना है। सैन्य साजो सामान की बिक्री में 300 सामरिक रेडियो सिस्टम के लिए 265 मिलियन डॉलर और 16 गन माउंट के लिए 30 मिलियन डॉलर शामिल हैं। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने बिक्री की मंजूरी का स्वागत करते हुए कहा कि यह की हमारी रक्षा के प्रति अमेरिकी सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।



### महाकुंभ में पहली बार श्रद्धालु ले सकेंगे डोम सिटी का आनंद

प्रयागराज। आस्था के सबसे बड़े समागम महाकुंभ में पहली बार आगंतुकों को डोम सिटी में रहने का आनंद मिलेगा। महाकुंभ नगर के अरैल क्षेत्र में तैयार हो रही डोम सिटी में ठहर कर हिल स्टेशन की अनुभूति कर सकेंगे। कंपनी के निदेशक अमित जौहरी बताया कि 51 करोड़ रुपये की लागत से देश की पहली डोम सिटी तैयार की जा रही है। ये पूरी तरह बुलेट प्रूफ और फायर प्रूफ हैं। कॉटेज का किराया स्नान पर्व के दिन 81,000 रुपये प्रतिदिन और सामान्य दिनों में 41,000 रुपये प्रतिदिन होगा। डोम का किराया स्नान पर्व के दिन 1.10 लाख रुपये प्रतिदिन और सामान्य दिनों में 81,000 रुपये प्रतिदिन निर्धारित किया गया है। कंपनी के मुताबिक, डोम की ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो चुकी है।

# संभल में मिली 150 साल पुरानी रानी की बावड़ी

एजेंसी

### मंदिर की बावड़ी के अंदर दो क्षतिग्रस्त मूर्तियां मिलीं



संभल (उप्र)। उत्तर प्रदेश के संभल में चंदौसी के लक्ष्मण गंज इलाके में खुदाई के दौरान लगभग 150 साल पुरानी और 400 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली बावड़ी मिली है। चंदौसी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर ने बताया कि शनिवार को स्थल पर खुदाई शुरू हुई। संभल में 13 दिसंबर को लगभग 46 साल से बंद भस्म शंकर मंदिर के फिर से खुलने के बाद यह खुदाई की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि उन्हें अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान संरचना का पता चला। अधिकारियों ने कहा कि मंदिर की बावड़ी के अंदर दो क्षतिग्रस्त मूर्तियां मिलीं।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बावड़ी का निर्माण बिलारी के राजा के नाना के शासनकाल के दौरान किया गया था। दो दिन पहले आयोजित एक जनसभा के दौरान चंदौसी के निवासी कौशल किशोर ने जिला कार्यालय को प्राचीन बावड़ी के बारे में जानकारी दी और पास के बांके बिहारी मंदिर की बिगड़ती स्थिति का उल्लेख किया। किशोर ने दावा किया कि पहले इस क्षेत्र में हिंदू समुदाय के लोग रहते थे और बिलारी की रानी यहीं रहती थीं।

जिला मजिस्ट्रेट राजेंद्र पेंसिया ने कहा कि इस स्थल पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने की संभावना पर विचार किया जा रहा है, और यदि आवश्यक हुआ तो एएसआई से अनुरोध किया जा सकता है। पेंसिया ने कहा कि यह स्थल पहले तालाब के रूप में पंजीकृत था। बावड़ी की ऊपरी मंजिल ईंटों से बनी है, जबकि दूसरी और तीसरी मंजिल संगमरमर की है। उन्होंने कहा कि संरचना में चार कमरे और एक बावड़ी भी है। पेंसिया ने कहा कि संरचना को नुकसान से बचाने के लिए काम सावधानी से किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि खुदाई जारी रहेगी, और क्षेत्र में अतिक्रमण को हटाया जाएगा। प्रारंभिक अनुमानों से पता चलता है कि बावड़ी लगभग 125 से 150 साल पुरानी है।

### महाराष्ट्र में बांग्लादेशियों को पकड़कर वापस भेजा जायेगा : फडणवीस



मुंबई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र में रह रहे अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की धरपकड़ तेज करके उन्हें वापस उनके देश में भेजा जाएगा। इसके लिए प्रशासकीय स्तर पर जोरदार तैयारी की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार हिंदुओं के अलावा अन्य समुदायों के धार्मिक स्थलों को राज्य के नियंत्रण में लाने की मांग का अध्ययन करेगी।

फडणवीस ने नागपुर में कहा कि राज्य सरकार मुंबई में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई करने पर अडिग है। हमने उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है और उन्हें निर्वासित किया जाएगा।₹ देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सभागृह में हिंदुओं के अलावा अन्य धर्मों के धार्मिक स्थलों को राज्य सरकार के नियंत्रण में लाने की आवश्यकता जताई थी। उन्होंने कहा था कि यह जनता की मांग है कि न केवल हिंदू मंदिर बल्कि अन्य धर्मों के पूजा स्थलों को भी सरकारी नियंत्रण में लाया जाना चाहिए।

# फेड के निर्णय का बाजार पर रहेगा असर

### एफआइआई की भूमिका रहेगी अहम

**बीते सप्ताह सेंसेक्स 4091 गोता लगाकर 78041 अंक पर आया था**

एजेंसी

मुंबई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के अगले वर्ष ब्याज दर में कटौती के पूवार्नुमान को वापस लेने से पूरी दुनिया के बाजार में मचे हाहाकार से बीते सप्ताह करीब पांच फीसदी लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह भी फेड के निर्णय का असर रहेगा तथा सेंसेक्स और निफ्टी को दिशा देने में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख की भी अहम भूमिका रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 4091.53 अंक अर्थात 4.98 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 78041.59 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 1180.8 अंक यानी 4.8 प्रतिाशत की गिरावट लेकर 23587.50 अंक रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 1550.12 अंक अर्थात 3.2 प्रतिशत टूटकर सप्ताहांत पर 46226.50 अंक और स्मॉलकैप 1808.24 अंक यानी 3.2 प्रतिशत कमजोर रहकर 55149.22 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के संभावित निर्णय को लेकर जारी अटकलें और अंततः फेड के अगले वर्ष ब्याज दर में कटौती के पूवार्नुमान को वापस लेने के फैसले से बीते सप्ताह हताश निवेशकों ने जमकर बिकवाली की। फेड रिजर्व ने वर्ष 2025 में केवल दो तिमाही में ब्याज दर में कटौती की उम्मीद जताई है, जो निवेशकें की तीन या चार कटौतियों से कम है। फेड के इस निर्णय का बाजार पर अगले सप्ताह भी असर रहेगा। इसके साथ ही अगले सप्ताह बाजार को दिशा देने में एफआईआई के रुख की भी अहम भूमिका रहेगी। एफआईआई ने दिसंबर में अबतक बाजार में कुल 254,908.23 करोड़ रुपये की लिवाली जबकि कुल 259,029.45 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। इससे वे 4,121.22 करोड़ रुपये के शुद्ध बिकवाल रहे हैं। बीते सप्ताह बाजार में पांचों कारोबारी दिवस गिरावट रही।

# राहुल के बाद अब चोटिल हुए कप्तान रोहित

एजेंसी

मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चोटिल हो गए हैं। रोहित को रविवार को अभ्यास के दौरान घुटने में चोट लगी है। दरअसल, रोहित थ्रो डाउन विशेषज्ञ के साथ अभ्यास कर रहे थे, तभी गेंद उनके पैड को छूते हुए घुटने पर जा लगी। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न में 26 दिसंबर से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा मुकाबला खेला जाना है और इसके चार दिन पहले ही रोहित का चोटिल होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है। भारतीय टीम की नजरें अगले टेस्ट मैच को जीतकर सीरीज में बढ़त हासिल करने पर टिकी होगी। रोहित से पहले भारतीय टीम के बल्लेबाज केएल राहुल भी अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे। राहुल के हाथ में चोट लग गई थी जिसके बाद फिजियो को मैदान पर आना पड़ा था।



### दर्द में नजर आए रोहित

सोशल मीडिया पर रोहित की तस्वीरें वायरल हो रही हैं जिसमें वह अपने घुटने में आईस पैक लगाते दिख रहे हैं। रोहित इस सीरीज में फॉर्म हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। अभी तक यह पता नहीं चला है कि रोहित की चोट कितनी गंभीर है, लेकिन अभ्यास के दौरान वह दर्द में दिखे। वहीं, राहुल की चोट को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है और टीम प्रबंधन ने भी इस बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है कि उन्होंने चिकित्सा सहायता क्यों मांगी। राहुल मौजूदा दौरे पर फॉर्म में हैं, उन्होंने छह पारियों में 47 के प्रभावशाली औसत से 235 रन बनाए हैं।

### आकाश दीप ने चिंताओं को खारिज किया

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज आकाश दीप ने रोहित और राहुल की चोट को लेकर चिंताओं को खारिज किया है। अभ्यास सत्र के दौरान जब आकाश दीप से रोहित की चोट के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, जब आप क्रिकेट खेलते हो तो चोट लगती ही है। यह चिंता का विषय नहीं है।

### जो रूट की इंग्लैंड की वनडे टीम में वापसी

लंदन। भारत के वनडे दौरे और आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अनुभवी बल्लेबाज जो रूट की एक साल से अधिक समय के बाद इंग्लैंड की 50 ओवर के प्रारूप की टीम में वापसी हुई। रूट इस प्रारूप में पिछली बार 2023 में भारत में हुए 50 ओवर के विश्व कप में खेले थे। ऑलराउंडर और टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को चयन के लिए नहीं चुना गया, वह इस महीने की शुरूआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं। अनुभवी बल्लेबाज जोस बटलर टीम की अगुआई करेंगे और लंकाशर का यह खिलाड़ी भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला में इंग्लैंड की कप्तानी भी करेगा जो वनडे से पहले होगी। भारत के सफेद गेंद के दौरे के दौरान इंग्लैंड पांच टी20 और तीन वनडे खेलेगा। इस साल के शुरू में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले लेग स्पिनर रेहान अहमद को टी20 टीम में शामिल किया गया है। फॉर्म में चल रहे हैरी ब्रूक के निजी कारणों से टेस्ट श्रृंखला से बाहर होने के बाद भारत में अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने का एक और मौका मिलेगा।

### खो-खो विश्वकप में मुफ्त प्रवेश के साथ स्कूली बच्चों को मिलेगा चाय, नाश्त

नयी दिल्ली। अगले माह 13 जनवरी से नयी दिल्ली और नोएडा में होने वाले खो-खो विश्वकप में स्कूली बच्चों को स्टेडियम में मुफ्त प्रवेश के साथ चाय, नाश्ता भी मिलेगा। खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और विश्वकप आयोजन समिति के चेयरमैन सुधांशु मित्तल ने बताया कि खेल प्रेमियों और खिलाडियों के लिए खो खो वर्ल्ड कप 2025 के दौरान महिला और पुरुष वर्ग दोनों मैचों में दर्शकों का प्रवेश मुफ्त होगा। उन्होंने बताया कि मैचों के दौरान स्कूली बच्चों को चाय, बिस्किट, स्नैक्स आदि भी वितरित किये जायेंगे।

### सिंधु उदयपुर में अपने मंगेतर वेंकट दत्ता के साथ करेंगे विवाह

उदयपुर (राजस्थान)। भारत की शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु रविवार को उदयपुर के आलीशान रिसॉर्ट रैफल्स में अपने मंगेतर वेंकट दत्ता के साथ विवाह बंधन में बंधने जा रही हैं। शादी के बाद 24 दिसंबर को सिंधु के गृहनगर हैदराबाद में नवविवाहित जोड़े द्वारा एक रिसेप्शन पार्टी का आयोजन किया जाएगा। 20 दिसंबर को संगीत हुआ और अगले दिन हल्दी, और मेहंदी की रस्में हुईं।

# फिट इंडिया संडे ऑन साइकिलिंग को मांडविया ने दिखाई हरी झंडी

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ने के कार्यक्रम फिट इंडिया संडे ऑन साइकिलिंग की पहल को केंद्रीय खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने रविवार सुबह मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से हरी झंडी दिखाई। रविवार को यहां आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय सुरक्षा पुलिस बल, मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भारत तिब्बत सिमा पुलिस, खेल प्राधिकरण के कैम्पर्स, इंदिरा गाँधी स्टेडियम के युवा जिम्नास्ट, वरिष्ठ अधिकारी और दिल्ली के विभिन्न साइकिलिंग क्लबों के 500 से अधिक राइडर्स पूर्व डब्ल्यू डब्ल्यू ई स्टार शंकी ने शिरकत की। इस अवसर पर श्री मांडविया ने कहा किह्यफिट इंडिया संडे ऑन साइकिलिंग पहल पूरे भारत में 1100 से अधिक स्थानों पर आयोजित की जा रही है। इस साइकिलिंग अभियान की शुरूआत ने साइकिलिंग के प्रति जागरूकता को बेहद तेजी से फैलाया है। उन्होंने कहा , साइकलिंग आज की आवश्यकता है। विकसित भारत का सपना एक व्यक्ति की आवश्यकता पर आधारित है, जो एक स्वस्थ समाज बनाता है और अंततः यह एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करता है। साइकिलिंग के लाभ फिट इण्डिया आंदोलन के सन्देश को भी मजबूत करते हैं जिसे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में लांच किया था। इस कार्यक्रम में सीआरपीएफ और आइटीबीपी के कई साइकिलिस्ट भी शामिल हुए जिन्होंने इस पहल में भाग लेकर फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए खुशी व्यक्त की। सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह ने कहा सीआरपीएफ अपने बल की शरीक फिटनेस को सर्वोपरि मानता है।

क्योंकि एक फिट बल ही हमारे महान देश की सबसे अच्छी सेवा कर सकता है। साइकिलिंग व्यक्ति के स्वास्थ और पर्यावरण के लिए लाभकारी है। हम फिट इण्डिया संडे ऑन साइकिलिंग अभियान का हिस्सा बनकर देश में फिटनेस और स्थिरता का सन्देश फैलाने के लिए उत्साहित हैं।

### भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को रिकार्ड 211 रनों से हराया

वडोदरा। स्मृति मंधाना (91), हरलीन देओल (44) और प्रतिका रावल (40) की शानदार बल्लेबाजी के बाद रेणुका सिंह (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को पहले एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को रिकार्ड 211 रनों से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने सीरीज में 1-0से बढ़त बना ली हैं।

### उथप्पा ने धोखाधड़ी मामले पर दिया बयान

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा के खिलाफ ईपीएफ धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। उथप्प की ओर से ऑफिशियल बयान आया है। उथप्पा ने सभी आरोपों पर सफाई दी है। इसके साथ ही उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए लगभग सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। रॉबिन उथप्पा पोस्ट कर सभी आरोपों को बताया गलत। उथप्पा ने अपने सोशल मीडिया से पोस्ट कर एक बयान जारी कर लिखा है, मेरे खिलाफ पीएफ मामले की हालिया खबरों के मद्देनजर, मैं स्ट्रॉबेरी लेन्सेरिया प्राइवेट लिमिटेड, सेंटॉरस लाइफस्टाइल ब्रांड्स प्राइवेट लिमिटेड और बेरीज फैशन हाउस के साथ अपनी भागीदारी के संबंध में कुछ स्पष्टीकरण देना चाहूंगा।

# भारतीय टीम ने जीता महिला अंडर 19 एशिया कप का खिताब

एजेंसी




कुआलालम्पुर (मलेशिया)। भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार आयोजित महिला अंडर 19 एशिया कप 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया है। रविवार को मलेशिया के कुआलालम्पुर में खेले गए फाइनल मैच में भारतीय टीम ने बांग्लादेश महिला अंडर 19 टीम को 41 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 117 रन का स्कोर बनाया। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम सिर्फ 76 रन के स्कोर पर ढेर हो गई। इस तरह भारतीय टीम ने पहले संस्करण का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश महिला अंडर 19 टीम ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाए। भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन सलामी बल्लेबाज गोंगाडी त्रिशा ने बनाए। उन्होंने 47 गेंदों पर 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। त्रिशा के अलावा मिथिला विनोद ने 17 रन, कप्तान निकी प्रसाद ने 12 रन, आयुषी शुक्ला ने 10 रन और जी कमालिनी ने 5 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश की तरफ से फरजाना इस्मिन ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए, जबकि निशिता अक्तेर निशि को दो और हबीबा इस्लाम को एक विकेट मिला। इसके बाद 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश महिला अंडर 19 टीम 18.3 ओवर में 76 रनों पर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए जुएरिया फिरदौस ने 30 गेंदों पर सबसे ज्यादा 22 रन बनाए और सलामी बल्लेबाज फहोमिदा चोया ने 18 रन बनाए। इनके अलावा बाकी की कोई बल्लेबाज दोहरे अंकों तक भी नहीं पहुंच सकीं। भारतीय टीम की ओर से स्पिनर आयुषि शुक्ला ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। सोनम यादव और परुणिका सिसोदिया ने दो-दो विकेट लिए, जबकि वीजे जोशिथा को एक विकेट मिला।

